

■ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा-एलडीएफ-यूडीएफ खेल रहे नूरा-कुश्ती
- 12




■ अतिरिक्त शुल्क से एक फरवरी से तंबाकू उत्पादक हो जाएंगे महंगे
- 12



■ कच्चा तेल : रूस के बाद वेनेजुएला पर भी ट्रंप सख्त भारत की बढ़ेगी मुश्किलें
- 13



■ क्या पंत को खेलने का मौका दिए बिना बाहर करेंगे चयनकर्ता
- 14

आज का मौसम
21.0° अधिकतम तापमान
11.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.57
सूर्यास्त 05.28


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

पौष शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 06:53 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2082

शुक्रवार, 2 जनवरी 2026, वर्ष 4, अंक 139, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## नववर्ष : अयोध्या में रामलला दरबार और मथुरा में श्री द्वारकाधीश मंदिर में उमड़ी भीड़





नए साल पर अयोध्या और मथुरा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। खासकर अयोध्या के राम मंदिर में, जहां लाखों लोग रामलला के दर्शन के लिए पहुंचे, जिससे पूरे शहर में भारी जनसैलाब दिखा और प्रशासन को भीड़ प्रबंधन के लिए अतिरिक्त सुरक्षा और व्यवस्था करनी पड़ी। **दाएं :** मथुरा में भी मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर भक्तों की भारी भीड़ देखी गई, श्री द्वारकाधीश मंदिर में उमड़े श्रद्धालु।

# बांग्लादेश में हिंदू को जलाया

ढाका, एजेंसी



● धारदार हथियार से वार कर कारोबारी पर डाला पेट्रोल

बांग्लादेश के शरियतपुर जिले के दामुद्या इलाके में बुधवार रात बाजार से घर लौट रहे एक हिंदू कारोबारी की पहले बेरहमी से पिटाई की गई, फिर धारदार हथियार से वार किया गया और आखिर में शरीर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई। गंभीर हालत में कारोबारी को ढाका रेफर किया गया है।

कारोबारी की पहचान 50 वर्षीय खोकन चंद्र दास के रूप में हुई है। वह केनश्वर यूनियन के केउरभंगा बाजार में दवा और मोबाइल बैंकिंग का कारोबार करते हैं। पुलिस के मुताबिक, बुधवार रात दुकान बंद कर वह ऑटो से घर लौट रहे थे। इसी दौरान बदमाशों ने ऑटो रुकवाया और उन पर हमला कर दिया। बदमाशों ने पहले खोकन चंद्र दास की पिटाई की। इसके बाद उन पर धारदार हथियार से हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। यहीं नहीं रुके हमलावर, बल्कि उन्होंने खोकन के सिर पर पेट्रोल डाला और आग लगा दी। अचानक हुए इस हमले से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

### अस्पताल में भर्ती, हालत नाजुक

जान बचाने के लिए खोकन चंद्र दास सड़क किनारे स्थित एक तालाब में कूद गए। आसपास मौजूद लोगों के शोर मचाने पर हमलावर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें बाहर निकाला और रात करीब 10 बजे शरियतपुर सदर अस्पताल पहुंचाया।

## ब्रीफ न्यूज

### एक फरवरी से नए फास्टैग वाली कारों पर केवाईवी नहीं

**नई दिल्ली।** एनएचएआई ने एक फरवरी से जारी नए फास्टैग वाली कार, जीप, वैन श्रेणी के लिए 'नो योर व्हीकल-केवाईवी' प्रक्रिया बंद कर दी है। यह सुधार सड़क का उपयोग करने वाले उन लाखों लोगों को राहत देगा, जिन्हें वाहनों के मान्य दस्तावेज और फास्टैग सक्रिय होने के बावजूद केवाईवी में देरी जैसी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। मौजूदा फास्टैग को लेकर स्पष्ट किया गया है कि यदि इसमें किसी तरह की शिकायत नहीं है, तो केवाईवी रूटीन जरूरत के तौर पर अनिवार्य नहीं होगा।

### प्रधानमंत्री मोदी के नाम का दुरुपयोग करने के आरोप में मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने खुद को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का करीबी बताने वाले दक्षिण दिल्ली की एक पॉश कॉलोनी के निवासी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी व्यक्ति ने सरकारी स्वामित्व वाली रक्षा कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों व वैज्ञानिकों, अनुसंधान निकायों और यहां तक कि अमेरिकी नौसेना के एक शीर्ष अधिकारी को कई ईमेल किए थे। आरोपी ने ईमेल के जरिये भारत के लिए लड़ाकू विमान का इंजन विकसित करने की इच्छा जताई थी। वसंत कुंज निवासी निशीथ कोहली ने पीएमओ तक विशेषाधिकार प्राप्त पहुंच का दावा किया था।

# स्विट्जरलैंड में नए साल के जश्न के दौरान लगी आग, 40 की मौत

## मरने वालों में कई विदेशी नागरिक, 100 से ज्यादा लोग घायल

● रात 1.30 बजे क्रान्स-मोंटाना के स्की रिसॉर्ट शहर में स्थित ले कॉन्सेटेलेशन बार में हुआ धमाका

क्रांस मोंटाना (स्विट्जरलैंड), एजेंसी

स्विट्जरलैंड के एक अल्पाइन रिसॉर्ट के एक बार में नव वर्ष समारोह के दौरान लगी आग में 40 से अधिक लोगों के मारे जाने की आशंका है और लगभग 100 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से अधिकतर की हालत गंभीर है। पुलिस ने यह जानकारी दी। क्रांस-मोंटाना रिसॉर्ट अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्की और गोल्फ के लिए प्रसिद्ध है और रातोंरात, इसका भीड़भाड़ वाला 'ले कॉन्स्टेलेशन' बार स्विट्जरलैंड की सबसे भयानक त्रासदियों में से एक का स्थल बन गया।

वैलेस कैंटन के पुलिस कमांडर फ्रेडरिक गिस्लर ने कहा कि बार में कई लोगों के मारे जाने की आशंका है। गिस्लर ने कहा, पीड़ितों की पहचान करने और उनके परिवारों को सूचित करने का काम जारी है, लेकिन इसमें समय लगेगा और फिलहाल, आपको अधिक सटीक आंकड़ा देना जल्दबाजी होगी। वैलिस कैंटन के अटॉर्नी जनरल बीट्रिस पिलोड ने कहा कि आग के कारणों के बारे में कोई भी दावा करना अभी जल्दबाजी होगी।

विशेषज्ञ अभी तक मलबे के अंदर नहीं जा पाए हैं। पीड़ितों की सहायता के लिए हेलीकॉप्टर और एम्बुलेंस घटनास्थल पर तुरंत पहुंचे। दो महिलाओं ने बताया कि वे बार के अंदर थीं जब उन्होंने एक 'बारमेड' के हाथ में एक जलती हुई मोमबत्ती थी जो बोतल में रखी थी और उसी से लकड़ी की छत में आग लग गई।

उन्होंने बताया कि आग तेजी से फैल गई और छत गिर गई। एक महिला ने बताया कि कैसे भीड़ उमड़ पड़ी और लोग घबराकर एक तहखाने में स्थित नाइटक्लब से निकलने के लिए संकरी सीढ़ियों से होते हुए एक संकरे दरवाजे से भागने की कोशिश करने लगे। वैलिस कैंटन की क्षेत्रीय सरकार के प्रमुख मैथियास रेनार्ड ने कहा, आज शाम जश्न और एकजुटता का पल होना चाहिए था, लेकिन यह एक बुरे सपने में बदल गया। रेनार्ड के अनुसार, घायलों की संख्या इतनी अधिक थी कि क्षेत्रीय अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई और ऑपरेशन थिएटर जल्द ही पूरी तरह से भर गए।





अल्पाइन स्की रिसॉर्ट में लगी आग। **दाएं :** मौके पर पहुंची एंबुलेंस।

### 10 हेलिकॉप्टर, 40 एंबुलेंस और 150 राहतकर्मी बचाव में जुटे

स्विट्जरलैंड के रिसॉर्ट में आग की घटना के बाद रातभर में 10 हेलिकॉप्टर, 40 एंबुलेंस और 150 आपातकालीन प्रतिक्रियाकर्ताओं को घटनास्थल पर भेजा गया था। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है, लेकिन इसे आतंकवादी हमला नहीं माना जा रहा है।

# दूषित पेयजल : मृतकों की संख्या 13 हुई, आयोग ने मांगी रिपोर्ट

● इंदौर प्रशासन ने चार और मौतों की पुष्टि की

इंदौर, एजेंसी

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में दूषित पानी पीने के कारण उल्टी-दस्त के प्रकोप से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। गुरुवार को प्रशासन ने चार और मौतों की पुष्टी की है। वहीं, मौत मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सरकार से रिपोर्ट मांग ली है।

गुरुवार को तादाद को लेकर जारी विरोधाभास गुरुवार को भी कायम रहा। स्थानीय नागरिकों ने इस प्रकोप से छह माह के बच्चे समेत 13 लोगों के दम तोड़ने का दावा किया है, अधिकारियों के मुताबिक पहली नजर में लीकेज के कारण पेयजल की पाइपलाइन में ड्रेनेज का गंदा पानी मिलने के कारण भागीरथपुरा में उल्टी-दस्त का प्रकोप फैला। भागीरथपुरा, राज्य के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के विधानसभा क्षेत्र इंदौर-1 में आता है। विजयवर्गीय ने संवाददाताओं को बताया कि उल्टी-दस्त के प्रकोप से भागीरथपुरा में 1,400 से 1,500 लोग प्रभावित हुए जिनमें से लगभग 200 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं। उन्होंने कहा कि इन मरीजों की हालत खतरे से बाहर है और स्वस्थ होने पर लोगों को अस्पताल से लगातार छुट्टी दी जा रही है। विजयवर्गीय ने उल्टी-दस्त के प्रकोप से मरे लोगों के आंकड़े को लेकर जारी विरोधाभास पर कहा, हम इस सूचना की तसदीक करा लेंगे। संबंधित मृतकों के परिवारों को मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इस बीच, राज्य के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय दुबे ने स्थानीय अफसरों के साथ भागीरथपुरा क्षेत्र का दौरा करके हालात का जायजा लिया। घरों से पानी के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए।



इंदौर के एक अस्पताल में प्रभावित व्यक्तियों से मिलते मुख्यमंत्री मोहन यादव।

### मानवाधिकार आयोग ने लिया स्वत : संज्ञान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने गुरुवार को दूषित पानी पीने से मौत होने और दर्जनों लोगों के बीमार पड़ने के मामले की मीडिया रिपोर्टों पर स्वत: संज्ञान लेते हुए रिपोर्ट तलब की है। इस इलाके में स्थानीय निवासी पिछले कई दिनों से दूषित पानी की आपूर्ति की शिकायत कर रहे थे, लेकिन अधिकारियों ने इस तरफ न ध्यान दिया और न कोई कार्रवाई की। आयोग के अनुसार, अगर यह खबर सही है, तो यह पीड़ितों के मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मामला है। इस संबंध में आयोग ने मध्य प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर दो हफ्ते में मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

# शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए नई अधिकतम किराया सीमा तय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● सरकारी दफ्तरों के किराये को लेकर वित्तीय अधिकारों में संशोधन

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने सरकारी कार्यालयों के लिए किराये पर लिए जाने वाले भवनों से जुड़े वित्तीय अधिकारों में बड़ा संशोधन करते हुए नया शासनादेश जारी किया है। वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत विभागाध्यक्षों और मंडलायुक्तों को भवन किराया स्वीकृत करने के अधिकारों में आंशिक बदलाव किया गया है। शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए नई अधिकतम किराया सीमा तय हुई है। यह संशोधित व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है।

वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार के जारी शासनादेश के अनुसार, राज्यपाल की स्वीकृति से वित्तीय नियम संग्रह खंड-1 में निहित वित्तीय अधिकारों के प्रतिनिधायन में संशोधन किया गया है। इसके तहत महानगरों, मंडल मुख्यालयों, अन्य नगरों और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अलग-अलग अधिकतम किराया सीमा तय की गई है। गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, कानपुर और लखनऊ जैसे प्रमुख शहरों में अनावासीय प्रयोजनों के लिए किराये पर लिए जाने वाले भवनों का अधिकतम किराया 40 रुपये प्रति वर्ग फुट तय किया गया है, जिसमें प्रति माह अधिकतम सीमा एक लाख रुपये होगी। मंडल मुख्यालय वाले जिलों में यह दर 20 रुपये प्रति वर्ग फुट और अधिकतम 80 हजार प्रतिमाह निर्धारित की गई है। एक लाख से अधिक आबादी वाले अन्य नगरों में 16 रुपये प्रति वर्ग फुट (अधिकतम 50 हजार रुपये प्रतिमाह) और एक लाख से कम आबादी वाले नगरों में 12 रुपये प्रति वर्ग फुट (अधिकतम 30 हजार रुपये प्रतिमाह) की सीमा तय की गई है।

### किराये पर भवन लेने की प्रक्रिया भी की गई स्पष्ट

शासनादेश में यह भी कहा गया है कि निजी भवनों को सरकारी कार्यालय के लिए किराये पर लेने से पहले स्थानीय स्तर पर समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किया जाएगा। इसके बाद गठित समिति भवनों का निरीक्षण कर उपयुक्त भवन का चयन करेगी और जिलाधिकारी द्वारा किराये के औचित्य का प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। बिना जिलाधिकारी के प्रमाण-पत्र के किराया स्वीकृत नहीं किया जा सकेगा। सरकार का मानना है कि इस संशोधन से सरकारी खर्चों में पारदर्शिता आएगी, किराये की दरों पर नियंत्रण होगा और वित्तीय अनुशासन को मजबूती मिलेगी।

# जाल बिछाकर सीजीएसटी अधिकारी समेत पांच को दबोचा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● सीबीआई की एंटी करप्शन ब्रांच ने करोड़ों के कर चोरी में रिश्वतखोरी का किया पर्दाफाश

**अमृत विचार:** सीबीआई लखनऊ की एंटी करप्शन ब्रांच ने सीजीएसटी झांसी में करोड़ों की कर चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए डिप्टी कमिश्नर प्रभा भंडारी समेत पांच लोगों को रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। कारोबारी को राहत देने के बदले डेढ़ करोड़ रुपये की डीलिंग की शिकायत पर सीबीआई ने आठ दिन तक जाल बिछाकर बुधवार सुबह सभी आरोपियों को ट्रैप कर लिया। कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मच गया है।

सीबीआई सूत्रों के मुताबिक टीम ने इस ऑपरेशन से पहले लोकल इनपुट जुटा लिए थे, लेकिन किसी भी अफसर या कर्मचारी की मदद नहीं ली गई। झांसी में डटी सीबीआई टीम ने मंगलवार को केस दर्ज करने के बाद बुधवार तड़के एक साथ कई ठिकानों पर छापेमारी कर कार्रवाई को अंजाम दिया। सीबीआई के अनुसार आरोपी डिप्टी कमिश्नर प्रभा भंडारी को उनके दिल्ली स्थित आवास से गिरफ्तार किया गया, जबकि अन्य चार आरोपियों को झांसी से पकड़ा गया। गिरफ्तार लोगों में सीजीएसटी अधीक्षक अनिल तिवारी, अजय कुमार शर्मा, जीएसटी मामलों के अधिवक्ता नरेश कुमार गुप्ता और हार्डवेयर कारोबारी जय दुर्गा हार्डवेयर का प्रोपराइटर राजू मंगनानी शामिल हैं। सभी आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर लखनऊ लाया जा रहा है, जहां गुरुवार को उन्हें विशेष कोर्ट में पेश किया जाएगा। करीब आठ दिन पहले जय दुर्गा हार्डवेयर पर सेंट्रल जीएसटी टीम ने छापा मारा था।

# कॉमर्शियल सिलेंडर 111 रुपये महंगा



● एटीएफ की कीमतें 7.3 प्रतिशत तक घटाई गईं

**नई दिल्ली।** विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) या विमान ईंधन की कीमत में 7.3 प्रतिशत की कटौती की गई जबकि वाणिज्यिक एलपीजी 111 रुपये प्रति सिलेंडर महंगा किया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने वैश्विक ईंधन मानकों के अनुरूप अपने मासिक मूल्य संशोधन को लागू किया। सार्वजनिक क्षेत्र के ईंधन खुदरा विक्रेताओं के अनुसार, दिल्ली में एटीएफ की कीमत 7,353.75 रुपये प्रति किलोलीटर या 7.3 प्रतिशत की कटौती के साथ 92,323.02 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। इस नवीनतम कटौती से विमानन कंपनियों पर दबाव कम होने की उम्मीद है। इसके साथ ही दिल्ली में होटल व रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले 19 किलोग्राम के व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में भारी बढ़ोतरी करते हुए 111 रुपये की वृद्धि की गई है जिससे इसकी कीमत बढ़कर 1,691.50 रुपये हो गई है। दो बार मासिक कटौती के बाद अब कीमतों में यह वृद्धि हुई है।

# दिसंबर में बढ़ा जीएसटी संग्रह, 1.74 लाख करोड़ के पार

● 6.1% की हुई बढ़ोतरी




**नई दिल्ली।** सकल जीएसटी संग्रह बीते माह दिसंबर में 6.1 प्रतिशत बढ़कर 1.74 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। करों में कटौती के बाद घरेलू बिक्री से होने वाले राजस्व में वृद्धि सुस्त रहने से जीएसटी संग्रह की रफ्तार नरम पड़ी है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। दिसंबर 2024 में जीएसटी राजस्व 1.64 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा था। वहीं, नवंबर 2025 में जीएसटी दरें कम होने के बाद कुल संग्रह 1.70 लाख करोड़ रुपये रहा था।

**बैठक** — मुख्यमंत्री योगी ने दिए निर्देश, कहा– सभी जिलों समेत अन्य प्रदेशों व विदेश में भी करेंगे आयोजन

# राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर होगा उत्तर प्रदेश दिवस का मुख्य आयोजन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● योगी ने 24 से 26 जनवरी तक होने वाले उत्तर प्रदेश दिवस की तैयारियों की समीक्षा



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार शाम 24 से 26 जनवरी तक होने वाले उत्तर प्रदेश दिवस की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि मुख्य आयोजन लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर किया जाए।

नोएडा शिल्पग्राम गौतमबुद्ध नगर समेत इसका आयोजन सभी जिलों, देश के अन्य राज्यों व उन देशों में भी भव्य रूप से हो, जहां बड़ी संख्या में प्रदेश के निवासी रहते हैं। आयोजनों में वल्लभ भाई पटेल, अटल बिहारी वाजपेयी, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा, वंदे मातरम्, आनंद मठ से जुड़ी नाट्य प्रस्तुतियों समेत अन्य कार्यक्रम किए जाएं।

मुख्यमंत्री ने 12 जनवरी को युवा दिवस, 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती, 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस, 25 जनवरी राष्ट्रीय पर्यटन दिवस/मतदाता जागरूकता दिवस व 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को भव्यता से मनाने के निर्देश दिए। कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस पर ब्लॉक, नगर व जनपद स्तर पर गायन, वादन, नृत्य, नाट्य प्रतियोगिताएं कराई जाएं। यहां प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले कलाकारों को मंडल स्तर पर मौका दिया जाए, फिर यहां तीन स्थान प्राप्त करने वाले उत्कृष्ट कलाकारों को लखनऊ में होने वाले मुख्य समारोह में प्रस्तुति का अवसर दें और उन्हें पुरस्कृत करें।

### गैर प्रदेशों में भी किया जाएगा सम्मान

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश के प्रवासी नागरिक रहते हैं। इन राज्यों में भी उत्तर प्रदेश दिवस पर भव्य आयोजन कराया जाए। इसमें वहां के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री व उत्तर प्रदेश से जुड़े लोगों को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्य राज्यों में रहने वाले उत्तर प्रदेश के जिन लोगों ने उद्यमिता, व्यापार, इनोवेशन, शिक्षा, कला, विज्ञान, प्रशासन आदि क्षेत्रों में अच्छा कार्य किया है। ऐसे तीन से पांच लोगों को सम्मानित भी किया जाए।

### जनसुनवाई पर सख्त निर्देश

बैठक में मुख्यमंत्री ने 3 जनवरी से प्रयागराज में शुरू हो रहे माघ मेले की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सुरक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य और सुव्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। पार्किंग, शौचालय, सीसीटीवी निगरानी, नाविकों के लिए लाइफ जैकेट, श्रद्धालुओं से मनमाना शुल्क न लिए जाने और मिलावटखोरों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को नियमित जनसुनवाई करने, जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने और फील्ड में मेरिट के आधार पर तैनाती के निर्देश दिए।

न्यूज ब्रीफ

## पंखे पर दुपट्टे के सहारे लटकी मिली किशोरी

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : इनायतनगर थाने के हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बसवार कलां में गुरुवार की सुबह करीब 9 :30 बजे एक किशोरी संदिग्ध अवस्था में अपने कमरे में पंखे पर दुपट्टे के सहारे लटकी मिली। मृतका की पहचान नैंसी (14) पुत्री मेड़ई के रूप में हुई। परिवारीजनों के अनुसार सुबह काफी देर तक बाहर न आने पर जब कमरे में जाकर देखा तो वह फंदे पर लटकी मिली। सूचना पर हैरिंग्टनगंज चौकी प्रभारी आशीष सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। चौकी प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। जांच की जा रही है।

## घायल मिले अधिवक्ता की अस्पताल में मौत

कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार : अयोध्या-रायबरेली हाईवे स्थित मऊ शिवाला के पास खण्डासा थाना क्षेत्र के पूरे सुफल शुक्ल गांव निवासी अमित शुक्ला पुत्र संजय शुक्ला अयोध्या से अपने घर लौट रहे थे। पुलिस को वह सड़क किनारे गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिले। पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कैंट पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से घटना कैसे हुई, यह स्पष्ट हो जाएगा। जानकारी मिली है कि अमित शुक्ला अधिवक्ता थे और कचहरी में प्रैक्टिस भी करते थे। मृतक के एक पांच वर्ष का बेटा है। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## श्रीराम मंदिर को राष्ट्र मंदिर का दर्जा देने की मांग

अयोध्या, अमृत विचार : राम मंदिर को आधिकारिक तौर पर राष्ट्र मंदिर का दर्जा दिए जाने के लिए सवर्ण चेतना सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आदर्श दीपक मिश्र ने उठाई है। गुरुवार को ठाकुर जी अतिथि निवास हनुमान गढ़ी में पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि हम सब की मांग है कि श्रीराम मन्दिर को अधिकारिक रूप से राष्ट्र मन्दिर का दर्जा मिले। धार्मिक ग्रन्थ श्रीरामचरित मानस को भी राष्ट्रीय ग्रन्थ का दर्जा प्राप्त हो और अयोध्या नगरी को देश की सांस्कृतिक राजधानी घोषित किया जाये। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी से इस मांग को लेकर प्रदेश के प्रत्येक जनपद से 51,000 अनुरोध पत्र भेजेगा। प्रमुख रूप से अतुल द्विवेदी, आदर्श मिश्रा, धर्म सिंह, कपिल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## प्रदेशीय सीनियर जूडो टीम घोषित



अयोध्या, अमृत विचार : उप्र खेल निदेशालय के तत्वावधान में चार से छह जनवरी तक आगरा में होने वाली प्रदेशीय समन्वय सीनियर महिला व पुरुष जूडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली मंडलीय टीम गुरुवार को क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना की ओर से घोषित कर दी गई। चयनित पुरुष टीम में बाराबंकी के मो. शादान, मो. फैजान, मो. अरमान अयोध्या के सौरभ यादव, रिषभ तिवारी, मो. इमरान, आलोक श्रीवास्तव, विकास कुमार और आरक्षित में अयोध्या के शशांक चतुर्वेदी व दिव्यांश तिवारी शामिल हैं। महिला टीम में बाराबंकी की अंशिका सिंह, इकरा फातिमा, सौम्या झा, अयोध्या की महिमा, निधि, कुसुम, नेहा, अग्नि श्रीवास्तव चयनित हुई हैं। टीम मैनेजर सुभाष चन्द्र को बनाया गया है। मंडलीय टीम तीन जनवरी को प्रतियोगिता के लिए आगरा रवाना होगी।

## सबजूनियर व सीनियर एथलेटिक्स ट्रायल 3 व 4 को

अयोध्या, अमृत विचार : क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय के तत्वावधान में एथलेटिक्स का जिला व मंडलीय ट्रायल तीन व चार जनवरी को डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में होगा। आरएसओ अनिमेष सक्सेना ने बताया कि सबजूनियर बालक व बालिका एथलेटिक्स का ट्रायल तीन को और सीनियर बालक व बालिका ट्रायल चार जनवरी को होगा। जिला स्तरीय ट्रायल सुबह 11 बजे और मंडलीय ट्रायल दोपहर एक बजे ट्रायल होगा। प्रतिभागी बालक व बालिका खिलाड़ी पात्रता प्रमाण व आधार कार्ड के साथ ट्रायल तिथि में उपस्थित होकर प्रतिभाग कर सकते हैं। चयनित मंडलीय सबजूनियर एथलेटिक्स टीम छह जनवरी से आयोजित और सीनियर एथलेटिक्स टीम 12 जनवरी से अयोध्या में आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।



कल्याण करो आराध्य : सिर पर प्रभु का विग्रह लेकर जाती युवती।



नव वर्ष के प्रथम दिवस पर रामलला के दर्शन को भजन-कीर्तन करते हुए जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

# हे राम, संकट हरो, करो नववर्ष मंगलमय

## नववर्ष के प्रथम दिन 10 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे अयोध्या

- श्रीरामलला व बजरंग बली से की परिवार व समाज की खुशहाली की कामना की

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : नित्य भोर से नूतन वर्ष की पहली भोर बिल्कुल अलग और अलौकिक रही। सुबह की पौ फटते ही आराध्य राम की नगरी श्रद्धालुओं से पटने लगी। मस्तक पर जय श्रीराम रचा कर नंगे पैर श्रद्धालुओं के पग राम मंदिर की ओर बढ़ते गए। जय श्रीराम के जयघोष के बीच नववर्ष की प्रथम बेला पर हर एक शीघ्र से शीघ्र आराध्य के दर्शन के लिए आतुर व्याकुल दिखा। रत्न जड़ित पीला वस्त्र पहने व सिर पर सोने का मुकुट धारण किए बाल स्वरूप रामलला को देखकर रामभक्त मोहित हो गए।

नववर्ष के प्रथम दिवस पर आराध्य के दर्शन कर संपूर्ण वर्ष मंगलमय होने की कामना के साथ सभी ने भाव विह्वल होकर भव्य राम मंदिर में बाल स्वरूप रामलला के दर्शन कर परिवार मित्रों और समाज के लिए मंगल कामना की। प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तरह ही रामनगरी आस्था विश्वास और संकल्प से ओत-प्रोत रही। गुरुवार सुबह श्रीरामलला का सुबह विशेष श्रृंगार किया गया। सरयू के जल से अभिषेक के बाद रामलला को रत्न जड़ित पीले रंग का वस्त्र पहनाया गया। साथ ही सोने का मुकुट धारण कराया गया। एक घंटा पहले ही सुबह 6 बजे विशेष आरती पूजन के साथ श्रद्धालुओं के दर्शन पूजन के लिए कपाट खुल गए। ठंड हवाएं और ठिठुरन के बाद भी राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। दर्शन मार्ग जन्मभूमि पथ से ही जय श्रीराम के उद्घोष करते श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। दर्शन पूजन किया। दिन निकलने के साथ श्रद्धालुओं की भीड़ भी बढ़ती रही। 11 बजते ही राम मंदिर से जन्मभूमि पथ और हनुमान गढ़ी मंदिर में भक्ति पथ पर लंबी कतार लग गई। भीड़ का अधिक दबाव देखने के बाद सुरक्षा अधिकारियों ने अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया था। पिछले वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए इस वर्ष 10 लाख से अधिक श्रद्धालु रामनगरी पहुंचे। सरयू नदी में स्नान के बाद राम मंदिर, हनुमानगढ़ी, कनक भवन, नागेश्वर नाथ मंदिर सहित अन्य मठ मंदिरों में दर्शन पूजन किया।



हनुमानगढ़ी के द्वार पर नये साल के प्रथम दिन कुछ ऐसे उमड़े श्रद्धालु। अमृत विचार

- रत्न जड़ित पीला वस्त्र पहने, सिर पर सोने का मुकुट धारण किए बाल स्वरूप रामलला को देख सम्मोहित हुए रामभक्त

### कड़ी रहीं प्रशासनिक बंदिशें, वाहनों के प्रवेश पर रोक

भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासनिक बंदिशें कड़ी रहीं। अयोध्या धाम में चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक रही। रामपथ पर निषाद राज चौराहे से लता चौक व यहां से धर्मपथ पर साकेत पेट्रोल पंप बैरियर तक सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर रोक रही। लाखों रामभक्त नंगे पैर पैदल चलकर राम मंदिर व हनुमानगढ़ी तक पहुंचे। एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे ने बताया कि सुरक्षा के सभी मानकों को पूरा करते हुए पहले से ही पर्याप्त व्यवस्था की गई थी। दर्शन के लिए आपातकालीन व्यवस्था भी की गई थी। सुरक्षा की दृष्टि से एटीएस, एसटीएफ सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियों को लगाया गया। सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे के माध्यम से पल-पल पर नजर रखी गई।

### सात कतारों में लगकर किया दर्शन पूजन

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि रामलला के दर्शन करने के लिए दर्शन पास के सभी स्लॉट पहले से ही दो जनवरी तक बुक हो चुके हैं। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए दर्शन व्यवस्था को और सुलभ बनाया गया। भीड़ को नियंत्रण करने के लिए और दर्शन करने के लिए सात कतारों में दर्शन की व्यवस्था की गई है। मंदिर ट्रस्ट के सुरक्षा गार्ड और सरकारी सुरक्षा बल मंदिर में आए सभी दर्शनार्थियों की सेवाभाव से मदद करते रहे। बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए अलग ट्रैक बनाया गया है, व्हीलचेयर की भी व्यवस्था की गई है।



राम मंदिर परिसर में नए साल के प्रथम दिन उमड़ा रेला। अमृत विचार

### श्रद्धालु बोले - रामलला से की परिवार व देश की खुशहाली की प्रार्थना

गोरखपुर से आए राहुल शर्मा ने बताया कि सरयू स्नान के बाद हनुमानगढ़ी, रामलला व कनक भवन में दर्शन पूजन किया है। रामलला व बजरंगबली से परिवार व देश की खुशहाली की प्रार्थना की। कानपुर से आई विभा अग्रवाल ने कहा नववर्ष पर परिवार के साथ रामलला का दर्शन करने का मौका मिलने पर हम अपने आप को सौभाग्यशाली मानते हैं। लखनऊ निवासी राकेश शुक्ला ने कहा कि नववर्ष की शुरुआत बजरंगबली के दर्शन के साथ हुई। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के संरक्षण में अयोध्या का चहुंमुखी विकास हो रहा है।

### साल का पहला दिन मोबाइल खुले तो हैप्पी न्यू ईयर से

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : साल 2026 का पहला दिनमोबाइल खुले तो हैप्पी न्यू ईयर से। बात की शुरुआत हुई तो बधाई से। मैसेज बॉक्स हैप्पी न्यू ईयर से पट गए। ग्रीटिंग दिखी नहीं, इसका स्थान फोन कॉल, मैसेज ने ले लिया। दिन एक दूसरे को बधाई देने में बीत गया। सरकारी से गैर सरकारी कार्यालय के कर्मचारी, दलों के नेता से आम लोग तक बधाई देने में जुटे रहे। नए साल पर घूमने फिरने का अलग क्रेज भी दिखा। नए साल का क्रेज कुछ ज्यादा ही देखने को मिला। सुई ने रात के 12 बजाए कि मोबाइल पर रंग-बिरंगे हैप्पी न्यू ईयर के मैसेज गिरने शुरू हो गए। पार्टी या गैदरिंग में थे आमने-सामने और दूर थे तो फोन की घंटियां भी बधाई देने के लिए घनघनाई। बुधवार को मोबाइल का उपयोग आम दिनों से ज्यादा था। ट्रैफिक ज्यादा होने से नेटवर्क ने भी यदा-कदा दगा दिया। सरकारी कार्यालयों की शुरुआत भी नए साल की बधाई से हुई। कर्मचारियों ने अधिकारियों के साथ सहयोगियों को बधाई दी तो नेताओं ने एक दूसरे को बधाई देकर साल की शुरुआत की। रिकाबगंज में राकेश ने कहा कि रात भर हैप्पी न्यू ईयर के मैसेज आए। सुरेंद्र त्रिपाठी बोले अब नए साल पर फूल और ग्रीटिंग की जगह वाट्सएप मैसेज, वायस मैसेज और फोन ने ले लिया। सुनील कुमार ने कहा क्रेज तो बढ़ा लेकिन सब रस्मी हो गया।

# खिली धूप तो खिलखिला उठा नववर्ष

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : वर्ष 2026 की शुरुआत रामनगरी अयोध्या में आस्था और उल्लास के अनोखे संगम के साथ हुई। सुबह से ही खिली धूप ने मौसम को सुहावना बना दिया। मंदिरों में दर्शन पूजन के बाद शहर के पार्कों-उद्यानों में श्रद्धालुओं व पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बच्चों, युवाओं ने जमकर मस्ती की, बुजुर्गों व महिलाएं भी इसमें पीछे नहीं रहीं। लोगों ने परिवार समेत पिकनिक भी मनाई।

लाखों भक्तों के साथ अयोध्यावासियों ने रामलला के दर्शन कर नए साल की शुरुआत आध्यात्मिकता से की। इसके बाद शहर के पार्कों और उद्यानों में परिवारों ने पिकनिक मनाई। कंपनी गार्डन, गुप्तारघाट, राजघाट, राम की पैड़ी, गुलाबबाड़ी समेत माल में भी भारी भीड़ उमड़ी। बच्चे और युवा झूलों पर मस्ती करते नजर आए, जबकि बड़े-बुजुर्ग राम कथा और भजनों में लीन रहे। होटलों और रेस्टोरेंटों में पार्टी का दौर चला। कई होटलों ने स्पेशल न्यू ईयर पैकेज ऑफर किए, जहां डिनर के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। कुछ जगहों पर आतिशबाजी और लाइव म्यूजिक ने माहौल को और उत्साही बनाया। रात 12 बजे से ही बधाइयों का दौर शुरू हुआ, जो गुरुवार दिन भर जारी रहा।



कंपनी गार्डन में झूला झूलते बच्चे। अमृत विचार

- उद्यानों व पार्कों में उमड़ी सैलानियों की भीड़

### कपल्स को मर्यादा में रहने की दी नसीहत

नववर्ष के रंग में कहीं भंग न पड़े, इसको लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। सभी पार्क, उद्यानों, ऐतिहासिक स्थलों समेत सार्वजनिक स्थलों व चौक चौराहों पर पुलिस के जवान तैनात रहे। पार्कों, उद्यानों में एंटी रोमियो स्क्वायड व सादे कपड़ों में तैनात महिला व पुरुष पुलिसकर्मी मनचलों व अराजकतत्वों की खबर लेते रहे। महिला पुलिस ने पार्कों में घूम रहे कपल्स को मर्यादा में रहने की नसीहत दी। सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि कही से किसी भी तरह की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

# बहराइच के एसबीआई मैनेजर ने सरयू नदी में कूदकर दी जान

- पहले मां से फोन पर की बात, फिर पत्नी को भेजी थी लास्ट लोकेशन
- 8 घंटे बाद मिला शव, पीठ पर टंगे बैग में मिले कागजात से हुई पहचान

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : बहराइच में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में मैनेजर के पद पर तैनात एक व्यक्ति ने पहले मां से फोन पर बात की, उसके बाद पत्नी को मोबाइल की लास्ट लोकेशन भेजी। इसके बाद नदी में छलांग लगा दी। घटना अयोध्या सरयू तट पर बुधवार की दोपहर 12 बजे की है। रेस्क्यू कर रही टीम ने रात करीब आठ बजे शव को बरामद किया। पुलिस के अनुसार मृतक बीमारी के चलते अवसाद में था।

बुधवार को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के उत्सव के चलते सरयू पुल पर भी भीड़ थी। वहां मौजूद लोगों ने उन्हें नदी में कूदते देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। इसके बाद जल पुलिस व एसडीआरएफ ने रेस्क्यू शुरू किया। रात करीब 8 बजे मैनेजर का शव मिला। पीठ पर टंगे पिठ्ठु बैग में मिले कागजों से उनकी शिनाख्त राम बाबू सोनी (38) पुत्र स्व विश्वनाथ सोनी निवासी मनकापुर जनपद गोंडा के रूप में हुई। वह बहराइच जनपद में एसबीआई में ब्रांच मैनेजर के पद पर तैनात थे। पुलिस के अनुसार वह जूते-मौजे पहने हुए थे। बैग से मोबाइल फोन, ढेर सारी दवाएं व कागजात भी मिले। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। सूचना पर पहुंचे परिवार के लोगों ने बताया कि वह 31 दिसंबर को बैंक नहीं गए थे। सुबह घर से दवा लेने के लिए अयोध्या निकले थे। दोपहर करीब 12 बजे उन्होंने मां शोभा देवी से फोन पर बात की। फिर पत्नी को लास्ट लोकेशन भेजी। इसके बाद फोन स्विच ऑफ करके नदी में कूद गए। छोटे भाई ओम बाबू ने बताया उन्हें सिरदर्द रहता था। वह दवा भी खाते थे। बुधवार को घर से दवा लेने की बात कहकर निकले थे। रात में पुलिस से फोन पर उनके द्वारा आत्महत्या करने की जानकारी मिली।



रामबाबू सोनी (फाइल फोटो)

### 15 दिसंबर को मनाया था 38वां जन्मदिन

मृतक रामबाबू की 2011 में सिद्धार्थ नगर जिले के बांसी की निवासी ऐश्वर्या लक्ष्मी से विवाह हुआ था। उनकी दो बेटियां हैं, बड़ी बेटी ओजस्वी (13) व छोटी बेटी अन्वी (10) है। पत्नी गृहणी हैं। पत्नी ने बताया कि 15 दिसंबर को उन्होंने परिवार के साथ अपना 38वां जन्मदिन मनाया था। पिता विश्वनाथ सोनी की 2001 में मौत हो गई थी। भाई ने बताया उन्हें पहली पोस्टिंग असम एसबीआई में फील्ड अफसर के पद पर हुई थी। उसके बाद यूपी में ट्रांसफर करा लिया था। पहले बस्ती में आरबीओ थे। 25 दिन पहले ही बहराइच में ट्रांसफर हुआ था।

> बैग में मोबाइल फोन व ढेर सारी दवाइयां भी मिली हैं। उनके परिवारवालों के अनुसार बीमारी के चलते वह अवसाद में थे। परिवार में कोई तनाव भी नहीं था। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिवारवालों को सौंप दिया गया है।
> - पंकज सिंह, कोतवाल अयोध्या।

परिवर्तन | परिषदीय विद्यालयों में कक्षा चार की पुस्तक गणित मेला में हुआ नवीन बदलाव

# विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों में होंगे भव्य राम मंदिर के दर्शन

अयोध्या कार्यालय

- एनसीईआरटी ने अयोध्या को भी ज्ञान विज्ञान से जोड़ा

अमृत विचार : परिषदीय स्कूलों के कक्षा चार में 2026-27 शैक्षिक सत्र से लागू हो रही एनसीईआरटी की गणित, हिंदी, पर्यावरण और कला की किताबों में कई अहम बदलाव किए गए हैं। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव गणित मेला पाठ्यपुस्तक के 'हमारे आसपास हजारों की संख्या' शीर्षक चौथे पाठ में हुआ है, जिसमें कर्नाटक के जैन मंदिर के चित्र व संबंधित अभ्यास प्रश्न की जगह अयोध्या के प्रभु श्रीराम मंदिर का चित्र व संबंधित अभ्यास प्रश्न जोड़ा गया है।

राज्य शिक्षा संस्थान के विशेषज्ञों ने दक्षिण भारतीय व्यक्तियों के नाम जैसे गुड़प्पा के स्थान पर गणेश, वृक्षों में नारियल के स्थान पर आंवला, मुनिअम्मा के स्थान पर मीना कर दिया गया है। कक्षा चार हिंदी की पाठ्यपुस्तक वीणा में आसमान गिरा पाठ के स्थान पर बेसिक शिक्षा परिषद की पाठ्यपुस्तक फुलवारी से हौसला, एक पृष्ठीय गोलगप्पा के स्थान पर डेजी की डायरी, एक पृष्ठीय हवा और धूल के स्थान पर सत्य की जीत (सत्यवादी हरिशचन्द्र) जोड़ा गया है।

कला की पाठ्यपुस्तक बांसुरी में दक्षिण भारतीय कोलम की जानकारी देने के साथ-साथ हमारे प्रदेश में शुभ अवसरों पर चौक पूरना क्यों और कैसे बनाया जाता है? चित्रकूट, वाराणसी, मिर्जापुर और सहारनपुर लकड़ी के खिलौने क्यों प्रसिद्ध है के बारे में बताया गया है। बनारस घराना में पं. छन्नू लाल मिश्र एवं उपशास्त्रीय गायन की विदुषी गिरिजा देवी का चित्र, कन्नड़ गीत आदोना बन्नी के स्थान पर कजरी पारंपरिक लोकगीत वर्षा गीत एवं संबंधित चित्र समाहित किए गए हैं। तमिल भाषा में लिखी लोरी को परिवर्तित करके हिंदी अवधी भोजपुरी मिश्रित पारंपरिक लोरी शामिल की गई है। इसके अतिरिक्त कुमाऊंनी गीत (उत्तराखंड) के स्थान पर प्रदेश के प्रचलित बारहमासा गीत, मिजोरम लोकगीत के स्थान पर गंगा गीत और संबंधित चित्र दर्शाया गया है।



> एनसीईआरटी द्वारा पाठ्य पुस्तकों में बदलाव विद्यार्थियों को आध्यात्मिकता का ज्ञान भी देगा। इसकी सूचना और पाठ्य पुस्तक की प्रतिलिपि अवलोकनार्थ आई है। अगले सत्र से यही पाठ्यक्रम लागू किया जा रहा है। - लालचंद, बीएसए

### मट्ठा-आलू, तहरी, पूरी-सब्जी को किया शामिल

पर्यावरण की पाठ्यपुस्तक 'हमारा अद्भुत संसार' में यूपी के राजकीय पुष्प, प्रचलित भोजन मट्ठा-आलू, तहरी, पूरी-सब्जी, श्री अन्न जैसे कोदो, रागी (मडुआ) के नाम, अनाज उगाने में सूर्य के प्रकाश का महत्व, प्रबोधनी एकादशी (पर्व), कागज निर्माण के प्रसिद्ध केन्द्र एवं अनुसंधान जालौन एवं सहारनपुर आदि विषयवस्तु भी जोड़ी गई है।



नगर निगम के तिलक हॉल में बैठक को सम्बोधित करते महापौर गिरीश पति त्रिपाठी। अमृत विचार

# नगर निगम कार्यालय नए भवन में ले जाने का संकल्प

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा है कि जब लोग सो रहे होते हैं तो नगर निगम जागकर सफाई कर रहा होता है। उन्होंने बीते वर्ष की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए पार्षदों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों का योजनाबद्ध ढंग से कड़ी मेहनत कर नगर निगम की साख बढ़ाने के लिए आभार जताया। वह तिलक हाल में बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश भर के लोग जब यहां आते हैं तो वह भी सफाई की तारीफ करते हैं। उन्होंने पेयजल व्यवस्था को लेकर संवेदनशीलता बरतने पर पार्षदों की तारीफ की। कहा कि स्थानीय सरकार आपके द्वार अभियान के तहत गली-मोहल्ले में जाकर जनसमस्याएं सुनीं गई। महापौर ने उम्मीद जताई कि 10 लाख की आबादी का मानक लागू होने से अब नगर निगम को और अधिक संसाधन उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष नए संकल्प और नई उम्मीद के साथ नए भवन में प्रवेश करेंगे। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने कहा कि नगर निगम आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा है। स्वच्छता की रैंकिंग में निरंतर सुधार हुआ है। दीपोत्सव एवं महापौर सम्मेलन का सफल आयोजन कर निगम की गरिमा बढ़ाई। संचालन अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ ने किया। उप सभापति राजेश गौड़, जयनारायण सिंह 'रिंकू', विशाल पाल, चंदन सिंह, अनुज दास, अपर आयुक्त भारत भार्गव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राममणि शुक्ल, महाप्रबंधक जलकल सौरभ श्रीवास्तव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेन्द्र सिंह, जोनल अधिकारी अशोक गुप्त आदि मौजूद रहे।

# दागी निर्मला व सोना हॉस्पिटल की निगरानी में लगाए गए स्पाई

## निगरानी के लिए चुनिंदा कर्मियों को लगाया, आस-पास की दुकानों से सर्विलांस

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार :** इंजेक्शन के ओवरडोज से महिला सरोज की मौत मामले में बड़ी कार्रवाइयों के बाद स्वास्थ्य विभाग बेहद गोपनीय ढंग से निर्मला और सोना हॉस्पिटल की निगरानी में जुटा है। खास तौर पर लाइसेंस निरस्त करने और ओटी सील करने के बाद निर्मला हास्पिटल को निगहबानी में रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग के स्पाई गोपनीय ढंग से यह देख रहे हैं कि कहीं अंदरखाने ओपीडी के बजाए ओटी या भर्ती तो नहीं की जा रही है। इसके अलावा सोना हॉस्पिटल द्वारा अब तक सरोज की मौत से जुड़े सभी चिकित्सीय दस्तावेज उपलब्ध न कराए जाने पर निगाह रखी जा रही है। हालांकि विभाग की ओर से इसे लेकर कुछ स्वीकार नहीं किया जा रहा है। सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बनियान इतना जरूर कहते हैं कि विभाग सभी तरह की एहतियात अगली कार्रवाई के लिए बरत रहा है।

बता दें कि निर्मला हॉस्पिटल का लाइसेंस रद करने और ओटी सील करने के बाद से ही उस पर निगाह रखी जा रही है। विभाग की ओर से इस काम में लगाए गए कर्मी दिन में दो से तीन बार आसपास पूछताछ कर रिपोर्ट दे रहे हैं। कुछ स्थानीय दुकानदारों से भी भर्ती व्यवस्था शुरू होने पर गुप्त सूचना देने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। सूत्र बताते हैं कि निर्मला में सीलिंग की कार्रवाई के बाद वहां ओपीडी में आने वाले मरीजों को लेकर ध्यान दिया जा रहा है। हालांकि अभी तक निर्मला हॉस्पिटल में ऐसी कोई गतिविधियां नहीं पाई गई हैं, लेकिन उससे जुड़े निजी हॉस्पिटलों में यहां से मरीजों को भर्ती करने के लिए भेजे जाने की चर्चा जरूर है। बड़ी गंभीर बात यह है कि लाइसेंस निरस्त होने के बाद भी अभी तक निर्मला हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा निर्मला हॉस्पिटल मैटरनिटी सेंटर का बोर्ड नहीं हटाया है। स्वास्थ्य विभाग इसका कभी भी संज्ञान ले सकता है। सूत्र बताते हैं कि कर्मियों के बयान के आधार पर बहुत कुछ छन कर सामने आ रहा है, लेकिन इसे जानबूझकर अभी सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है।



निर्मला हॉस्पिटल।



सोना हॉस्पिटल।

### अब तक 25 से 30 ने ही दर्ज कराए बयान

वहीं स्वास्थ्य विभाग की एसटीएफ टीम द्वारा मंगलवार तक दोनों हॉस्पिटलों के कर्मियों के बयान दर्ज किए गए हैं। बुधवार को वीआईपी मूवमेंट और गुरुवार को नव वर्ष होने के कारण यह क्रम स्थगित रखा गया है। अभी तक सोना हॉस्पिटल के कई कर्मी तलब किए जाने के बाद भी बयान देने सीएमओ कार्यालय नहीं आ रहे हैं, जिसे सीएमओ और जांच टीम गंभीरता से ले रही है। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि बयान के लिए दोनों हास्पिटलों के लगभग 70 कर्मियों को तलब किया गया है, लेकिन अभी तक केवल 25 से 30 कर्मी ही उपस्थित हुए हैं।

**कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य विभाग दोनों हॉस्पिटल की गतिविधियों पर रख रहा नजर**

### एक हजार पेज से अधिक की जांच रिपोर्ट हो सकती है तैयार

निर्मला और सोना हॉस्पिटल की जांच कर रही स्वास्थ्य विभाग की विशेष जांच टीम पूरे मामले में शिद्दत से जुटी हुई है। भरोसेमंद सूत्रों के अनुसार इस बहुचर्चित कांड की जांच रिपोर्ट खुफिया एजेंसियों की तर्ज पर हो सकती है। बताया जाता है कि सभी साक्ष्यों के दस्तावेज और रिकॉर्ड वगैरह को मिला कर एक हजार पेज की रिपोर्ट तैयार हो सकती है। इसे पूरे गोपनीय ढंग से तैयार किया जा रहा है और सीएमओ कार्यालय के एक कमरे में अलमारी में कुछ अधिकारियों की ही निगरानी में रखा जा रहा है। जांच के दौरान तैयार होने वाले दस्तावेजों को सीएमओ कार्यालय के ही प्रिंटर से निकाला जा रहा है।

> दोनों हॉस्पिटलों की जांच अनवरत चल रही है। निगरानी जैसा कुछ नहीं केवल यह देखा जा रहा है कहीं लाइसेंस रद होने के बाद भर्ती आदि तो नहीं की जा रही है। बाकी समय आने पर सब सार्वजनिक किया जाएगा। - **डॉ. सुशील कुमार बनियान, सीएमओ**

## मखाना खेती के लिए जाना जाएगा कृषि विवि: कुलपति

**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में नववर्ष के अवसर पर मिलन समारोह का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों व शिक्षकों ने कुलपति आवास पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। कुलपति की पत्नी मीना सिंह व पिता परमहंस सिंह ने भी सभी को नववर्ष की बधाई दी। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने सभी के उज्वल भविष्य की कामना की। मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि सभी लोगों को मिलकर विश्वविद्यालय के पर्यावरण को स्वच्छ एवं साफ रखना होगा। आने वाले समय में यह विश्वविद्यालय मखाना की खेती के लिए जाना जाएगा। यह विवि तेजी के साथ टिश्यू कल्चर को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले छह वर्षों में विवि ने तेजी के साथ प्रगति की है। कुलपति के सचिव डॉ. जसवंत सिंह ने आभार व्यक्त किया।

# जाग्रत अवस्था में करें प्रभु के दर्शन


अंगद टीला पर राम कथा कहते जगद्गुरु रामदिनेशाचार्य। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा आयोजित द्वितीय प्रतिष्ठा द्वादशी महोत्सव के चौथे दिन श्रीराम कथा मंच से जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी रामदिनेशाचार्य ने कहा देश हिंदूराष्ट्र बन चुका है। चौथे दिन की कथा श्रीराम जन्म से आगे कहते हुए कहा जो आनंद सिंधु सुख रासी, सीकर ते त्रैलोक्य सुपासी" राम आनंद सिंधु हैं, उसका एक कण भी मिल जाये तो जीव के अंदर आनंद ही आनंद हो जाये। संत प्रवर ने कहा श्रीराम लला के दर्शन के लिए देर भी लगे तो चिंता मत करना, भोले बाबा और महाज्ञानी कागभुशुंडि को इसी दर्शन के लिए अयोध्या की गलियों में 15 दिनों तक भीड़ में धक्के सहने पड़े। ट्रस्ट महासचिव चम्पतराय, राजेंद्र सिंह पंकज, धनंजय पाठक, डॉ चंद्र गोपाल पाण्डेय, डॉ अनिल मिश्र, गोपाल, कप्तान केके तिवारी, स्वामी अंकित दास, यजमान नरेश गर्ग, नवल गुप्ता, दीपक त्रिपाठी, अरुणा गोयल, जेपी अरजरिया, ओमप्रकाश राठौर, मुन्नालाल गोयल, प्रणय मुद्गल, हेमलता राठौर आदि मौजूद रहे।


समाजसेवी सुरेश यादव को सम्मानित करते माँ अन्नपूर्णा सेवा संस्थान के अध्यक्ष राजेश चौबे।

## समाजसेवी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव हुए सम्मानित

**अयोध्या, अमृत विचार :** समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय समाजसेवी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव को एक बार फिर उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान अयोध्या विधानसभा क्षेत्र के रसूलाबाद में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मां अन्नपूर्णा सेवा संस्थान के अध्यक्ष राजेश चौबे द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच से सुरेश यादव को उनके समाजहितकारी कार्यों के लिए 'साइकिल मैन' की उपाधि दी गई। वक्ताओं ने बताया कि वह अब तक हजारों बच्चों एवं बालिकाओं को साइकिल वितरित कर शिक्षा को बढ़ावा देने का कार्य कर चुके हैं। उनका यह प्रयास विशेष रूप से ग्रामीण एवं जरूरतमंद परिवारों के बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत बना हुआ है।


जरूरतमंदों को कंबल वितरित करते विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान।

## विधायक ने जरूरतमंदों को बांटा कंबल

**मसौधा, अमृत विचार :** क्षेत्रीय विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान ने नववर्ष पर भदरसा के सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में कैंप लगाकर गरीबों में कंबल का वितरण किया। पूर्व जिलाध्यक्ष कमला शंकर पांडे व सभासद प्रेम बाबू मौर्य की अगुवाई में करीब दर्जन भर से अधिक विधवा और और वृद्ध महिलाओं को पेंशन दिलाने के लिए औपचारिकताएं पूर्ण करके फॉर्म उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव, नपं भरतकुंड भदरसा के अधिशाषी अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष धर्मराज वर्मा, महामंत्री बृजमोहन साहू, संतोष कुमार सोनी उर्फ गुड्डू, सत्य प्रकाश दुबे, सौरभ कुमार मौर्य, वैभव श्रीवास्तव, उत्तम मौर्य, पवन कुमार मौर्य, संजीत कुमार मौर्य, पूर्व सभासद सुरेन्द्र मौर्य आदि थे।


सर्किट हाउस में मां कामाख्या धाम महोत्सव के पोस्टर का विमोचन करते विधायक रामचंद्र यादव व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

## मां कामाख्या धाम महोत्सव का पोस्टर लांच

**अयोध्या, अमृत विचार :** मां कामाख्या धाम महोत्सव के पोस्टर का गुरुवार को लोकार्पण सर्किट हाउस में लांच किया गया। मुख्य संरक्षक भाजपा के रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने पोस्टर को लांच किया। आगामी 20 से 26 मार्च तक चलने वाले इस धार्मिक-सांस्कृतिक महोत्सव में पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, देवी जागरण व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। महोत्सव न्यास के अध्यक्ष रविकांत तिवारी ने बताया कि आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप देने की तैयारियां तेज हैं। नगर पंचायत मां कामाख्या धाम में दूसरी बार मां कामाख्या धाम महोत्सव होने जा रहा है। पोस्टर विमोचन के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष खुन्नू पांडेय, पूर्व ब्लाक प्रमुख कमलेश यादव, नेता करुणाकर पांडेय, डिंपुल पांडेय, तेज तिवारी, लोक गायक विवेक पांडेय, जय हिंद सिंह आदि मौजूद रहे।

# पौधे सुरक्षित, देखभाल की मॉनीटरिंग शुरू

अयोध्या कार्यालय

- पर्यावरण संतुलन को लगाए गए मियावाकी पद्धति से वन
- जापानी पद्धति से सघन वन जल्दी होते हैं तैयार

**अमृत विचार :** जिले में मनरेगा के तहत रोपे गए ऋषियन वन सुरक्षित हैं। पर्यावरण संतुलन के लिए मियावाकी पद्धति से ऋषियों के नाम से वन रोपे गए। अब इनकी देखभाल की व्यवस्था की मानीटिरंग शुरू की गई है। निराई-गुड़ाई के साथ पानी की अव्यवस्था को समाप्त करने की मुहिम शुरू की जा रही है। बता दें कि अयोध्या में निर्माण कार्यों के लिए बड़ी संख्या में पेड़ों को काटा गया।

कई हजार बड़े दरख्त समाप्त हो गए। शहर के साथ देहात क्षेत्र में बड़े निर्माण कार्यों के लिए पेड़ काटे गए। हालांकि तत्कालीन कमिश्नर ने जरूरी पेड़ों को ही काटे जाने का निर्देश दिया। इससे कई सैकड़ा पेड़ बच गए। अन्यथा तो कटान करने वाले अपने स्वार्थ में भी बड़ी संख्या में पेड़ों को काटते चले जा रहे थे। अयोध्या के पर्यावरण पर इसका विपरीत प्रभाव महसूस किया गया। औसत तापमान बढ़ा हुई महसूस किया गया। पर्यावरण संतुलन तेजी से बढ़ाने के लिए कम क्षेत्रफल में ज्यादा पौधे रोपे जाने के लिए मियावाकी पद्धति से वनों को रोपण किया गया। संस्कृति के लिए वनों के नाम ऋषियों के नाम पर रखे गए। जिले में 60 ऋषियन वनों में लगभग पांच लाख तरह-तरह के पौधे रोपे गए हैं। बारिश समाप्त होने बाद अब जाड़ा चल रहा है। अब इन वनों की मॉनीटरिंग शुरू की गई है। सीडीओ केके सिंह इसकी मॉनीटरिंग कर रहे हैं। व्यवस्था को देखने के लिए उपायुक्त मनरेगा उपेंद्र पाठक अमानीगंज ब्लाक के रसीली स्थित वशिष्ठ मुनि वाटिका सहित कई वनों को देखने पहुंचे थे। वनों में मजदूर काम कर रहे हैं। बताया कि ऋषियन वनों में पौधे पूरी तरह सुरक्षित हैं। अब उनकी निराई-गुड़ाई और जहां पानी की व्यवस्था नहीं है। वहां पानी की व्यवस्था कराने के लिए निरीक्षण और समीक्षा शुरू की गई है।


अमानीगंज ब्लॉक में वशिष्ठ मुनि वाटिका में पौधों का निरीक्षण करते डीसी मनरेगा।

## नि:शुल्क कैंप में 22 लोगों की आंखों के ऑपरेशन

**अयोध्या, अमृत विचार :** जमीयत उलेमा, अयोध्या नेत्र अस्पताल और पटेल नर्सिंग होम के सहयोग से एक लॉन में नि :शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन और कंबल वितरण किया गया। नेत्र विशेषज्ञों की एक टीम ने मरीजों के आंखों की जांच की। 22 लोगों के नि :शुल्क आंखों की सर्जरी के लिए अयोध्या नेत्र अस्पताल भेजा। कारी इरफान अहमद हलीमी ने कहा कि इस्लाम में मानव सेवा को विशेष महत्व दिया गया है। इसी भावना से प्रेरित होकर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में 120 लोगों का उपचार किया गया। नेतृत्व उलेमा के जिलाध्यक्ष मौलाना मोहम्मद अहमद, जिला महासचिव कारी इरफान अहमद हलीमी के नेतृत्व में किया गया। आयोजन में मौलाना अहमद सिराज, मौलाना मुहम्मद अहमद, कारी मुहम्मद तौसीफ, मौलाना जहीर अब्बास, मौलाना मुहम्मद सलमान आदि थे।




## लाल किले की परेड में सुंदरम व प्रदीप करेंगे रामनगरी का प्रतिनिधित्व


लाल किला गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयनित साकेत कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स प्रदीप व सुन्दरम।

**अयोध्या, अमृत विचार :** साकेत महाविद्यालय के एनसीसी नवल के दो कैडेट्स सुंदरम तिवारी व प्रदीप यादव का चयन दिल्ली के लाल किले पर आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस परेड में प्रतिभागिता के लिए हुआ है। साकेत कॉलेज के एनसीसी नवल अधिकारी डॉ. प्रशान्त पांडेय ने बताया कि यह उपलब्धि कैडेट्स की कड़ी मेहनत, अनुशासन व निरंतर अभ्यास का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि प्राचार्य प्रो. दानपति तिवारी के सतत प्रोत्साहन, संस्थागत सहयोग व एनसीसी गतिविधियों को सशक्त समर्थन इस सफलता की मजबूत आधारशिला रहा है। प्राचार्य प्रो. दानपति ने कहा कि साकेत कॉलेज के लिए गौरवान्वित करने वाली इस उपलब्धि के पीछे कैडेट्स की मेहनत के साथ कॉलेज के एनसीसी नवल अधिकारी डॉ. प्रशान्त का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कॉलेज प्रशासन, शिक्षकों, विद्यार्थियों ने कैडेट्स सुन्दरम व प्रशांत, एनसीसी अधिकारी डॉ. प्रशांत व प्राचार्य प्रो. तिवारी को बधाई दी।

## नवधा भक्ति बनाती भगवान के आने का मार्ग

**रानीबाजार, अमृत विचार :** मसौधा ब्लॉक के अमौना पूरे महावीर में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण की तीसरे दिन की कथा में कामाख्या धाम से पधारे इंद्रेश कौशिक महाराज ने वट सावित्री व्रत की महिमा का बखान किया। सृष्टि का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने शुकदेव और परीक्षित जी के मिलन और सृष्टि विस्तार की कथा सुनाई। कहा कि मनु शतरूपा से हमारी सृष्टि शुरू हुई। हम सभी को मनुष्य क्यों कहते हैं? क्योंकि हम सभी मनु महाराज की संतान हैं। इसलिए हम सभी को मनुष्य कहा जाता है। कथा में गणमान्य नागरिक, श्रद्धालु और आयोजक मंडल के सदस्य मौजूद रहे।










## मुख्यमंत्री से 30 हजार रुपये की धोखाधड़ी की शिकायत

**पूराबाजार, अमृत विचार :** फाइनेंस कंपनी के मैनेजर व रिकवरी एजेंट पर 30 हजार रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। एक युवक ने सोमवार को मुख्यमंत्री से लिखित शिकायत करके कार्रवाई की मांग की। पूराकलंदर थाना क्षेत्र के मलिकपुर डाभासेमर के पीड़ित ज्ञान बहादुर पुत्र स्व. राम केवल ने मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र में कहा कि उसके बड़े भाई ने बेटी की शादी में एक फाइनेंस कंपनी से मोटरसाइकिल फाइनेंस कराई थी। पिछले साल भाई की मौत के बाद गाड़ी की किश्तें रुक गई थीं, जिसके चलते फाइनेंस एजेंट लगातार घर आकर परिजनों पर दबाव बना रहे थे। एजेंट संतोष कुमार पीड़ित के घर आकर मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र आदि कागजात लेकर गए थे। उसके कहने पर दूसरे एजेंट शिवम पुत्र शत्रुघन यादव निवासी पुरे हुसैन घोसियाना अयोध्या को गूगल पे के माध्यम से तीस हजार रुपए दिया। पीड़ित जब नोड्यूज लेने फाइनेंस कंपनी के कार्यालय पर पहुंचे तो ब्रांच मैनेजर ने बताया कि उन लोगों को महीना भर पहले निकाल दिया गया है। उन्होंने फील्ड से हजारों रुपया उठाया है। पैसे जमा करो और नोड्यूज़ ले जाओ। पीड़ित ज्ञान बहादुर ने आरोप लगाया कि ब्रांच मैनेजर पूर्व में कभी अपने ग्राहकों को इन एजेंटों को निकल जाने की कोई गजट या लिखित सूचना नहीं दी थी। इसलिए इन एजेंटों से ग्राहक ठगे जा रहे हैं। इस धोखाधड़ी में एजेंट और ब्रांच मैनेजर की साथ गांठ है। पीड़ित ने धोखाधड़ी के आरोपियो के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।















# झटका : 2024 में 1.55 लाख, 2025 में केवल 1.30 लाख दाखिले

अयोध्या कार्यालय

- परिषदीय विद्यालयों में अप्रत्याशित रूप से घट रही है प्रवेश संख्या
- आधार और आयु सीमा की बाध्यता बनी संकट

**अमृत विचार :** जनपद के 1792 परिषदीय विद्यालयों में चौकाने वाला मामला सामने आया है। इन सरकारी स्कूलों में तमाम योजनाओं के बाद बच्चों की प्रवेश संख्या घट रही है। यह हाल तब है जब शासन ने परिषदीय विद्यालयों में तमाम संसाधन और कार्यक्रम झोंक रखे हैं। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 31 दिसम्बर को एकत्र किए गए आंकड़े हतप्रभ करने वाले है। बताया जा रहा है कि 2024 में जहां स्कूलों में 1.55 लाख दाखिले हुए थे वहीं 2025 में यह संख्या घटकर 1.30 लाख रह गई है। हालांकि इसके पीछे वर्ष 2025 में आधार कार्ड और आयु सीमा की बाध्यता को भी एक बड़ा कारण माना जा रहा है। अब प्रवेश के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है, जिससे कई बच्चे बाहर हो रहे हैं। 6 साल से अधिक उम्र के बच्चों को एडमिशन की अनुमति नहीं मिल रही है।

प्राइवेट स्कूलों की ओर रुझान का आलम यह है कि वहां 4 साल की उम्र से ही बच्चे प्राइवेट स्कूलों में जा रहे हैं। प्राइवेट स्कूल लगातार प्रचार-प्रसार कर अभिभावकों को आकर्षित कर रहे हैं। बीएसए लालचंद ने बताया कि सरकारी मानक के अनुसार एक अध्यापक पर 30 बच्चों का अनुपात रखा जाना चाहिए। इसलिए शिक्षकों को अभिभावकों से मिलकर बच्चों के प्रवेश के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। एकल विद्यालयों जिनमें कम बच्चे हैं में अब 2 अध्यापकों की व्यवस्था की जा रही है ताकि शिक्षा प्रभावित न हो। इसके उलट निजी स्कूलों द्वारा प्रचार प्रसार और विभिन्न आकर्षण योजनाओं को पलीता लगा रहा है।

### शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति पर विवाद भी कारण

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रस्तावित ऑनलाइन उपस्थिति ( डिजिटल अटेंडेंस) को लागू करने से पहले शिक्षकों की मांगों को पूरा करने की मांग जोरों पर है। शिक्षक नेता धर्मवीर सिंह चौहान ने कहा कि महिला शिक्षकों को घर से 5 किलोमीटर के अंदर और पुरुषों को 10 किलोमीटर के अंदर स्थानांतरण मिलना चाहिए। 40 किलोमीटर दूर स्कूल पहुंचना, खासकर महिलाओं के लिए बड़ी चुनौती है। इसी कारण लोग अपने बच्चों का प्रवेश नहीं करा रहे हैं।

## ग्रामीण क्षेत्रों में 19 और शहरी में 22 शिक्षिकाएं समायोजित

अयोध्या कार्यालय

- शिक्षा विभाग में पहले चरण में उठाया गया बड़ा कदम

**अमृत विचार :** जिले में शिक्षकों की कमी को दूर करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। शिक्षा विभाग द्वारा चलाए गए पहले चरण के समायोजन अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 19 और शहरी क्षेत्रों में 22 महिला शिक्षिकाओं का सफलतापूर्वक समायोजन किया गया। इन सभी शिक्षिकाओं को एकल विद्यालयों में तैनात किया गया है, जिससे अब जिले के अधिकांश एकल विद्यालयों में शिक्षकों की कमी पूरी हो गई है। समायोजन विशेष रूप से उन महिला शिक्षिकाओं के लिए महत्वपूर्ण है, जो पहले से ही विभिन्न कारणों से एक स्थान पर लंबे समय से कार्यरत थीं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, समायोजन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और नियमों के अनुरूप पूरी की गई। समायोजित सभी महिला शिक्षिकाओं को अपने नए पद पर पदभार ग्रहण करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। इस दौरान वे संबंधित विद्यालयों में जाकर औपचारिक रूप से कार्यभार संभाल सकेंगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद ने बताया कि यह पहला चरण अत्यंत सफल रहा है और शेष बचे एकल विद्यालयों में दूसरे चरण में जल्द ही समायोजन किया जाएगा। इससे ग्रामीण बच्चों को नियमित अध्यापन मिल सकेगा और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगा।

## जागरुकता के साथ नियमों का पालन न करने वालों पर होगी कार्रवाई

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत एक जनवरी को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए उप परिवहन आयुक्त राजकुमार सिंह द्वारा प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान उन्होंने आम जनमानस से यातायात नियमों के प्रति जागरूक होने व उनका पालन करने की अपील की। बताया कि सड़क सुरक्षा माह के प्रथम सप्ताह में यातायात नियमों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसमें चौराहों एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर सड़क सुरक्षा से संबंधित पंफलेट का वितरण किया जाएगा। हेलमेट न पहनने वाले चालकों को लाल गुलाब देकर यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया जाएगा। साथ ही जनपद के विभिन्न विद्यालयों में डीआईओएस व बीएसए के माध्यम से प्रार्थना सभा के समय सड़क सुरक्षा विषयक कार्यक्रम एवं सड़क सुरक्षा शपथ का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा सीट बेल्ट, हेलमेट, रॉन्ग साइड ड्राइविंग, ओवर स्पीड, में प्रवर्तन कार्रवाई की जाएगी। अनफिट स्कूली वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। आरटीओ प्रवर्तन विश्वजीत सिंह, एआरटीओ डॉ आरपी सिंह, मोटर वाहन निरीक्षक राजीव गुप्ता समेत परिवहन विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।



## राम खड़े हैं लिए धनुष, अब बंसी बजने वाली है : अनूप जलोटा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर आयोजित प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भजन गायक अनूप जलोटा और तृप्ति शाक्य की भजन प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। इससे पहले रामकथा पर आधारित नृत्य नाटिका और फिरोजाबाद के मयूरी डांस ग्रुप के कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को आकर्षित किया। अनूप जलोटा ने 'काशी बदली, अयोध्या बदली, अब मथुरा की बारी है' और 'श्री राम खड़े हैं लिए धनुष, अब बंसी बजने वाली है' जैसे भजनों से माहौल को राममय कर दिया। भजनों के बीच जय श्रीराम के गगनभेदी नारे भी लगे। कार्यक्रम से पूर्व अनूप जलोटा ने कहा कि वे पिछले 60 वर्षों से अयोध्या आ रहे हैं। उन्होंने रामलला के टेंट से भव्य मंदिर तक के सफर को देखा है। सनातन धर्म को संसार की आत्मा बताते हुए उन्होंने कहा कि श्रीराम के चरणों में जाने से जीवन में एकाग्रता और सकारात्मकता आती है।

## कुछ अधिवक्ताओं की चुनाव ड्यूटी न लगाने की अपील

अयोध्या कार्यालय।

- बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर चेयरमैन ने आज बुलाई बैठक

**अमृत विचार:** बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के चुनाव का प्रचार जोरों पर है। इस बीच अध्यक्ष पद के दो प्रत्याशियों ने कुछ अधिवक्ताओं की निष्ठा चुनाव के प्रति संदिग्ध बताते हुए उन्हें चुनाव ड्यूटी में न लगाए जाने की अपील एल्डर कमेटी के चेयरमैन घनश्याम उपाध्याय से की है। चेयरमैन ने इस पर बार एसोसिएशन की बैठक 2 जनवरी को बुलाई है।

दिए गए शिकायती पत्र में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सूर्यभान वर्मा ने कहा है कि बीते लगभग एक दशक से चुनाव कार्य में संलग्न एक ही टीम चुनाव संपन्न करा रही है। मौजूदा अध्यक्ष पद के एक प्रत्याशी ने 2015 में अपनी अध्यक्षता में टीम का गठन किया था। यह टीम वर्तमान में एक अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के समर्थक व मददगार हैं। इसलिए निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ चुनाव संपन्न कराने हेतु पुरानी चुनाव टीम को संपूर्ण रूप से भंग करके निष्पक्ष लोगों की नई टीम बनाया जाना आवश्यक है। मतदान कक्ष में मतदाता मोबाइल फोन ले जाकर मतदान करके उसका फोटो खींचकर अपने प्रत्याशी को दिखाकर आर्थिक लाभ भी प्राप्त करते हैं। यह भी देखा गया है कि मतदाता मतदान के दौरान सभी मतपत्र मतदान पेटियों में डालते हैं परंतु अध्यक्ष पद के प्रत्याशी का मतपत्र बाहर ले जाकर अपने चहेते प्रत्याशी को दे देते हैं। जो एक साथ कई मत पत्र डाल देते हैं। वह अपने अनुसार उन्हें विशेष लाभ देकर मत पत्र पर अपना निशान लगाता है। इसके निराकरण के लिए मत पेटी की कड़ी निगरानी सीसीटीवी कैमरे के द्वारा कराई जानी आवश्यक है। प्रत्याशी के समर्थक व उसकी टीम के लोग किसी भी हालत में चुनाव कमी के रूप में भाग लेने से सर्वथा प्रतिबंधित कर दिया जाए और मोबाइल फोन मतदान कक्ष में पूर्ण रूप से प्रतिबंधित हो। दूसरी तरफ अध्यक्ष पद के प्रत्याशी बब्बन प्रसाद चौबे ने भी आगामी 6 जनवरी को होने वाले मतदान में कुछ अधिवक्ताओं के चुनाव कार्य में किसी प्रकार का सहयोग अथवा चुनाव कार्य में न लगाए जाने की अपील एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन से की। चेयरमैन घनश्याम उपाध्याय ने बताया कि दोनों शिकायती पत्रों पर 2 जनवरी को बार एसोसिएशन की बैठक बुलाई गई है, जिसमें इस पर विचार किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया 'अयोध्या कैलेंडर' का अनावरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में 'अयोध्या कैलेंडर' का अनावरण किया।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में 'अयोध्या कैलेंडर' का अनावरण करते हुए कहा कि अयोध्या आज विश्व पटल पर भारत की गौरवशाली परंपरा और सांस्कृतिक चेतना का प्रमुख केंद्र बनकर उभरी है। उन्होंने कहा कि यह कैलेंडर अयोध्या की आध्यात्मिक ऊर्जा, सांस्कृतिक वैभव और ऐतिहासिक महत्ता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करता है।

इस अवसर पर अयोध्या मंडलायुक्त राजेश कुमार, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे तथा अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुराज जैन भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कैलेंडर में शामिल छायाचित्रों की सराहना करते हुए कहा कि इनके माध्यम से अयोध्या की दिव्यता, धार्मिक आस्था और स्थापत्य सौंदर्य का जीवंत चित्रण किया गया है। उन्होंने कहा कि ये भावपूर्ण और आकर्षक चित्र फोटोग्राफर राजेश कुमार सिंह द्वारा लिए गए हैं, जो रामनगरी की विशिष्ट पहचान को सशक्त रूप से उभारते हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि 'अयोध्या कैलेंडर' न केवल रामनगरी की पहचान को और सुदृढ़ करेगा, बल्कि देश-विदेश में अयोध्या की सांस्कृतिक महत्ता को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि यह कैलेंडर अयोध्या की आध्यात्मिक चेतना, पर्यटन संभावनाओं और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# दुर्घटनाओं से बचाव को हों पुख्ता इंतजाम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



कलेक्ट्रेट में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित करते डीएम अनुपम शुक्ला व साथ में अन्य अधिकारी।

- सडक सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए सख्त निर्देश, अवैध कट दोबारा खोलने पर होगा मुकदमा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न मार्गों पर बंद किए गए अवैध कटों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।

अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सौरभ सिंह ने बताया कि अयोध्या-बसखारी मार्ग पर कुल 34 अवैध कट तथा एनएच-233 पर 8 अवैध कट बंद किए जा चुके हैं। इस पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बंद किए गए अवैध कटों को यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा पुनः खोला जाता है तो संबंधित के विरुद्ध तत्काल मुकदमा दर्ज कराया जाए। बैठक में सडक़ दुर्घटनाओं की रोकथाम के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी एवं अन्य संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि जनपद में जहां-जहां पुलिया क्षतिग्रस्त या टूटी हुई हैं, वहां दुर्घटनाओं से बचाव के लिए तत्काल सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। इसके अंतर्गत रेलिंग, रिफ्लेक्टर आदि लगाए जाने तथा आवश्यकतानुसार मरम्मत और निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सडक़ सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कानून व्यवस्था पर लापरवाही बरतने पर एसओ लाइन हाजिर

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार :** जनपद में पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए महरुआ थाना प्रभारी यादवेंद्र सोनकर को लाइन हाजिर कर दिया है। यह कार्रवाई विभागीय कार्यप्रणाली, कानून-व्यवस्था और थाने से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए की गई है। एसपी के इस फैसले से जनपद के पुलिस महकमे में हडक़ंप मच गया है और इसे एक सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। बता दें कि महरुआ थाना क्षेत्र से लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इनमें विवेचना में लापरवाही, जनशिकायतों के निस्तारण में देरी और कानून-व्यवस्था के बेहतर प्रबंधन में कमी शामिल थी। एसपी ने इन शिकायतों पर रिपोर्ट तलब की थी। प्राथमिक जांच में संतोषजनक जवाब न मिलने पर एसपी ने तत्काल प्रभाव से एसओ यादवेंद्र सोनकर को लाइन हाजिर करने का आदेश जारी किया। साथ ही मामले की विस्तृत जांच के निर्देश भी दिए गए हैं।

- पुलिस अधीक्षक ने दिए जांच के आदेश

## महात्मा गोविंद साहब मेले में मिला युवक का शव

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार :** जनपद के महात्मा गोविंद साहब मेले में संदिग्ध परिस्थितियों में एक अज्ञात युवक का शव मिला है। यह शव अहिरौली गोविंद साहब निरीक्षण भवन के पास पाया गया, जिससे मेले में हडक़ंप मच गया। सूचना मिलते ही कटका और मेला कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात युवक की मृत्यु का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस घटना को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह सामने आ पाएगी। महात्मा गोविंद साहब मेले में सुरक्षा के लिए मेला कोतवाली स्थापित की गई है, जहां मेला कोतवाली प्रभारी सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात हैं। इसके अतिरिक्त चिकित्सालय की भी व्यवस्था है। अज्ञात युवक का शव मिलने की सूचना पर वरिष्ठ भाजपा नेत्री एडवोकेट प्रेमलता भारती, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय पांडे, मेला समिति अध्यक्ष भवमेंद्र सिंह पप्पू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंचे। मेला प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी।

## सिटी डायरी

### मेडिकल कॉलेज में शुरू हुई हायलिसिस सुविधा, मरीजों को मिल रहा लाभ

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज में किडनी मरीजों के लिए डायलिसिस सुविधा शुरू हो गई है। इससे अब मरीजों को डायलिसिस के लिए लखनऊ, वाराणसी या अन्य शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। पिछले दो सप्ताह से यह सुविधा चालू है और अब तक एक दर्जन से अधिक मरीज इसका लाभ उठा चुके हैं। बता दें कि महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर की स्थापना के लगभग एक दशक बाद कोरोना काल में सरकार ने दो डायलिसिस मशीनें उपलब्ध कराई थीं। हालांकि रखरखाव और उचित सर्विसिंग के अभाव में ये मशीनें कुछ समय तक बंद पड़ी रहीं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मुकेश यादव के प्रयासों के बाद इन मशीनों का संचालन दोबारा शुरू हो सका है। मरीजों की सुविधा के लिए दो टेक्नीशियन भी तैनात किए गए हैं। एमडी मेडिसिन डॉ. बृजेश कुमार की देखरेख में मरीजों की डायलिसिस की जा रही है। जनपद में निजी सेंटरों पर डायलिसिस मशीनों की संख्या कम है, जिससे मरीजों को पहले दूर के शहरों में जाना पड़ता था। निजी सेंटरों पर एक बार की डायलिसिस का शुल्क तीन से चार हजार रुपए तक होता है, जबकि मेडिकल कॉलेज में यह सुविधा मात्र 1500 रुपए में उपलब्ध है। वहीं आयुष्मान कार्ड और बीपीएल कार्ड धारकों को यहां मुफ्त में डायलिसिस की सुविधा मिलती है। मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार यादव ने बताया कि दोनों डायलिसिस मशीनें पूरी तरह क्रियाशील हैं और मेडिकल कॉलेज आने वाले मरीजों को इसका बेहतर लाभ मिल रहा है। मरीजों की संख्या बढने पर और मशीनों की मांग की जाएगी।



नगर में दिन में फर्राटा भर रहे ट्रेलर।

### एक जनवरी से लागू नो एंट्री रहा बेअसर

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार :** एक जनवरी से लागू नो एंट्री बेअसर साबित रहा। रोज मर्रा की तरह पहले ही दिन बड़े वाहन फर्राट भरते हुए नजर आए और समय-समय पर जाम से लोग कराहते भी रहे। मालीपुर रोड, अकबरपुर रोड, रामगढ़ रोड बसखारी रोड और सुरहुरपुर रोड से भारी वाहनों का आना जाना बेरोक टोक जारी रहा है। उल्लेखनीय है कि जलालपुर नगर में रोजमर्रा लगने वाले भीषण जाम से जूझ रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है। पुलिस और प्रशासन द्वारा एक जनवरी से नगर पालिका क्षेत्र जलालपुर में नो एंट्री व्यवस्था लागू की जा रही है। इसके तहत निर्धारित समय पर भारी वाहनों का नगर में प्रवेश पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। नो एंट्री का समय सुबह 7 बजे से 10 बजे तक तथा अपराह्न 1 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस दौरान बड़े वाहन नगर सीमा में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। प्रशासन द्वारा नो एंट्री का सख्ती से पालन कराने की पूरी तैयारी कर ली गई है।

### मत्स्य पालन योजना के लिए आवेदन शुरू

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में निजी भूमि और ग्राम सभा के तालाबों में सघन मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए एरेशन सिस्टम योजना के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक लाभार्थी 07 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मत्स्य निदेशक श्वेता सिंह ने बताया कि यह



योजना ग्राम सभा के तालाबों में मत्स्य उत्पादन बढ़ाने और महिला मत्स्य पालकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से लागू की गई है। इसके तहत तालाबों में एरेशन सिस्टम स्थापित कर मत्स्य उत्पादन क्षमता में वृद्धि की जाएगी। योजना के अंतर्गत महिला मत्स्य पालकों को अनुदान का प्रावधान है। सामान्य वर्ग की महिला मत्स्य पालकों को 50 हजार रुपए की लागत पर 50 प्रतिशत यानी 25 हजार रुपए का अनुदान मिलेगा। वहीं अनुसूचित वर्ग की महिला मत्स्य पालकों को 60 प्रतिशत यानी 30 हजार रुपए की धनराशि अनुदान के रूप में देय होगी। इच्छुक लाभार्थी विभागीय वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में मत्स्य विभाग कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### ठंड से बचाव के लिए कर्मचारियों को वितरित किया गया ऊनी वस्त्र

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए गुरुवार को जलालपुर नगर पालिका और कोतवाली जलालपुर में कर्मचारियों को ठंड से बचाव के लिए ऊनी वस्त्र वितरित किए गए। बता दें कि नगर पालिका जलालपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कुल 167 नगर पालिका कर्मचारियों को ऊनी वस्त्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी राहुल गुप्ता, नगर पालिका चेयरमैन खुर्शीद जहां, पूर्व चेयरमैन अबुल बशर अंसारी, बड़े बाबू राम प्रकाश पांडे, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनी, पूर्व नगर अध्यक्ष देवेश मिश्रा सहित नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि नगर की साफ-सफाई और जनसेवा में लगे कर्मचारियों की सुरक्षा व सुविधाओं का ध्यान रखना नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है। ठंड के मौसम में ऊनी वस्त्र वितरण से कर्मचारियों को राहत मिलेगी और वह अपने कार्यों को और बेहतर ढंग से कर सकेंगे। वहीं दूसरी ओर जलालपुर कोतवाली परिसर में भी कर्मचारियों के हित में सराहनीय कदम उठाया गया। कोतवाल संतोष कुमार सिंह द्वारा कोतवाली क्षेत्र में कार्यरत 30 चौकीदारों को जैकेट और टॉर्च वितरित की गई। उन्होंने कहा कि चौकीदार रात-दिन गांवों में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जैकेट और टॉर्च मिलने से उन्हें ठंड व अंधेरे में गश्त करने में सुविधा होगी।



गरीबों को कंबल का वितरण करते नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के अध्यक्ष ओमकार गुप्ता व साथ में मौजूद ईओ संजय जैसवार।

## नपं अध्यक्ष ने जरूरतमंदों को वितरित किये कंबल

**बसखारी, अंबेडकरनगर। अमृत विचार :** भीषण ठंड एवं शीत लहर के प्रकोप को देखते हुए गुरुवार को नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा में कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों निर्धन लोगों को कंबल वितरित किया। नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता ने नगर पंचायत के प्रांगण में कंबल वितरण करते हुए इसे गरीब और निर्धन लोगों के लिए एक समाजिक कार्य बताया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कंबल वितरण के कार्य को एक सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि गरीब और असहाय लोगों की मदद करना उनकी पहली प्राथमिकता है। कंबल पाने वाले सैकड़ों लोगों ने बताया कि अध्यक्ष के इस प्रयास से उन्हें सर्द रातों में काफी राहत मिलेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष ने लोगों को आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्य नगर पंचायत क्षेत्र में आयोजित कर क्षेत्र की जनता को लाभ दिलाते रहेंगे। इस दौरान अधिशासी अधिकारी संजय जैसवार, सभासद मीरा रानी, सुनीता देवी, मायाराम, सुभाष निषाद, लालमन रावत, सूरज लाल उपाध्याय, मोनू निषाद, राम जी कनौजिया, प्रदीप कुमार, ज्योति गुप्ता, सभासद प्रतिनिधि दस्तगीर अहमद, राम आधार यादव, हरिशंकर गुप्ता, लिपिक अभिषेक यादव, कार्यालय सहायक राकेश प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे।

## हार्निया व प्रोस्टेट का एक साथ ऑपरेशन करने पर मरीज की मौत, कार्रवाई की मांग

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद के ताराकला गांव निवासी राम सागर दुबे की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। उनके बेटे शुभम दुबे ने आरोप लगाया है कि अकबरपुर के एक निजी अस्पताल में हर्निया और प्रोस्टेट के ऑपरेशन में डॉक्टर की लापरवाही के कारण उनके पिता की जान गई।

शुभम दुबे के अनुसार उनके पिता राम सागर दुबे मर्चेंट नेवी में कार्यरत थे और प्रोस्टेट और हर्निया की बीमारी से ग्रसित थे। उन्होंने बीते 25 नवंबर 2025 को अकबरपुर के पटेल नगर स्थित अभिनंदन शोभावती अस्पताल में एमएस लेप्रोस्कोपी सर्जन डॉ. विपिन वर्मा से संपर्क किया। डॉ. विपिन ने उन्हें आश्वासन दिया कि दोनों ऑपरेशन एक साथ किए जा सकते हैं। अगले दिन 26 नवंबर को राम सागर दुबे को अस्पताल में भर्ती किया गया और दोपहर करीब 2 बजे उनका ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद शाम 6 बजे से उनके हाथ-पैरों में ठंडक और जलन महसूस होने लगी, मुंह सूखने लगा और सांस लेने में तकलीफ होने लगी। डॉ. विपिन वर्मा ने इन लक्षणों को सामान्य बताया और शारीरिक कमजोरी का कारण बताया। हालांकि मरीज की सेहत लगातार बिगड़ती रही। रात 9 बजे स्थिति और खराब हो गई, जिसके बाद उन्हें ऑक्सीजन लगाई गई। 27 नवंबर तक उनकी हालत वैसी ही बनी रही। 28 नवंबर की रात को डॉक्टर ने पैथोलॉजी जांच करवाई, जिसकी सुबह 4 बजे आई रिपोर्ट में गंभीर संक्रमण का पता चला। उसी दिन शाम 4 बजे डॉ. विपिन वर्मा ने मरीज को रमा मल्टी स्पेशियालिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर प्रा. लि. आजमगढ़ के लिए रेफर कर दिया। आजमगढ़ पहुंचने पर डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

**सख्ती** — सीएचसी बसखारी की खराब प्रगति व संतोषजनक जानकारी न दे पाने पर एमओआईसी का रोका वेतन

# पात्र लाभार्थियों को पहुंचाया जाए स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



बैठक करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला साथ में सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की गहन समीक्षा की तथा स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं जनोपयोगी बनाए जाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, आयुष्मान भारत योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों तथा स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं आदि की बिंदुवार समीक्षा किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पहुंचाया जाए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला को टीकाकरण से आच्छादित बच्चों के स्थिति का रेंडमली सत्यापन कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टीकाकरण से छुटे हुए शत-प्रतिशत बच्चों का योजनाबद्ध तरीके से शिविर लगाकर टीकाकरण सुनिश्चित कराएं। ओवर ड्यू सभी बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित करें। जनपद के सभी राजस्व ग्रामों और वार्डों में राजस्व ग्रामवार, वार्डवार पांच वर्ष तक के बच्चों का विवरण रजिस्टर बनाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने गोल्डन कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद में प्रत्येक सीएचओ को प्रतिदिन कम से कम 10 गोल्डन कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित करने और उसकी नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। बैठक में शहरी स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम की प्रगति स्वास्थ्य विभाग के डैशबोर्ड पर खराब पाए जाने पर जिलाधिकारी ने शहरी स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी का वेतन रोकने और स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बच्चों के पूर्ण टीकाकरण में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी के खराब प्रगति और संतोषजनक विवरण न बता पाने पर एमओआईसी बसखारी का वेतन रोकने और स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। आशाओं के समानुपातिक कार्य क्षेत्र आवंटन में देरी एवं ठीक ढंग से न कर पाने के कारण जिला सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक ;डीसीपीएमद्ध की संविदा समाप्त करने का नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पीएन यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

### 92 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी गया जेल

सुलतानपुर, अमृत विचार : एसपी एवं क्षेत्राधिकारी बल्दीराय के निर्देशन में थाना बल्दीराय पुलिस टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने वल्दीपुर से बधौना की ओर जाने वाली सड़क पर बधौना नहर पुल के पास से उप निरीक्षक अनिल सक्सेना ने हमराहियों के साथ मो. साकिर निवासी ग्राम महमूदपुर थाना बल्दीराय जनपद सुलतानपुर को 92 ग्राम नाजायज स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना बल्दीराय पर एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। बल्दीराय थाना प्रभारी ने बताया कि विधिक कार्यवाही पूर्ण कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया है।

### दो घरों से नकदी व आभूषण चोरी

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के बेरा मारूफपुर गांव में चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए नगदी व आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। घटना से गांव में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात चोर भगवान दीन के घर में घुस गए। चोरों ने वहां से चांदी का कड़ा, पैरों का गुलारा, नथुनी, तीन लॉकेट, एक मोबाइल फोन तथा लगभग बीस हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। इसके अलावा पड़ोसी श्रीनारायण के घर से पांच चांदी की राखी, दो जोड़ी पायल और ढाई सौ रुपये नकद चोरी कर ले गए। भगवान दीन की तहरीर पर कादीपुर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही चोरों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जाएगा।

# नववर्ष का मना जश्न, एक-दूसरे को दीं बधाइयां

## पार्कों में उमड़ी लोगों की भीड़, लोगों ने सीताकुंड घाट पर लिया बोटिंग का आनंद, भोर तक चलीं पार्टियां

जिला संवाददाता, सुलतानपुर


पार्क में लगे झूलों पर लुत्फ उठाते बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** बुधवार को आधी रात से नए वर्ष 2026 का धमाल जो शुरू हुआ तो गुरुवार को दिनभर जारी रहा। फोन और सोशल साइट्स के जरिए नए साल की बधाई देने का सिलसिला दिनभर चलता रहा। पार्कों व रेस्टोरेंट में लोगों की भीड़ रही। कई होटल व रेस्टोरेंट में आधी रात के बाद शुरू हुई पार्टियां भोर तक चली। जिले में पड़ रहा भीषण ठंड व शीतलहर पर भी लोगों का जोश भारी दिखा। गुरुवार को खिली धूप ने खुशी को और बढ़ा दी।

नए साल का स्वागत रात 12 बजे शुरू हो गया। रंग-बिरंगी आतिशबाजी से शहर गुंजायमान हो उठा। रात में ही लोग एक-दूसरे को बधाई देने लगे। घरों में युवाओं ने गाजे-बाजे के साथ मस्ती की। गुरुवार को घरों में लोगों ने पकवान बनाए। नए साल के पहले दिन सुबह 10 बजते ही सूर्य भगवान ने दर्शन दिया तो दिन भर अच्छी धूप से लोगों को राहत मिली। दोपहर में लोग परिवार के साथ सिविल लाइन स्थित पर्यावरण पार्क, अमहट स्थित उद्यान पार्क में पहुंच गए। जहां पर बड़ी संख्या में युवक-युवतियां, महिलाएं, बच्चों व बड़ों ने मस्ती की। सीताकुंड घाट, पर्यावरण पार्क व अलंकरण उद्यान पार्क के बाहर फूल, गुलदस्ते, चाट-समोसे, खिलौने और गुब्बारे की दुकानें सजी रही। बच्चों ने जहां खिलौने खरीदे वहीं बड़ों ने भी चाट का स्वाद चखा।

### मंगलकामना को मंदिरों में टेका माथा

नए वर्ष की मंगलकामना को लेकर लोगों ने मंदिरों में माथा टेका। पूर्वांचल के पौराणिक व धार्मिक स्थलीय विजेथुआ महावीरन धाम, हनुमानगढ़ी चौक, नयना माता मंदिर, काली माता मंदिर के अलावा लोहरामऊ देवी धाम पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पूजन-अर्चन किया। वहीं, बाजारों में भी चहल-पहल रही। शाहगंज चौराहा, चौक, पारकीसगंज में फूलों व आकर्षक गिफ्ट की दुकाने सजी रहीं।

### नौका विहार का लिया आनंद

गोमती नदी स्थित सीताकुंड घाट में गुरुवार को सर्द मौसम में लोगों की आवाजाही बनी रही। नदी में लोगों ने नौका विहार का खूब आनंद लिया। नाविकों ने भी अपनी नावों को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया था। आलम यह रहा कि लोगों को नाव की सवारी करने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा।

# अमेठी की पूर्व नपं अध्यक्ष ने दाखिल की अग्रिम जमानत अर्जी

● कोर्ट ने सुनवाई के लिए 5 जनवरी की तारीख की नियत

**विधि संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** धोखाधड़ी मामले में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रमा देवी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए सेशन जज सुनील कुमार की अदालत में अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल कर दी है। उनकी ओर से अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने यह अर्जी दाखिल की । प्रभारी सेशन जज राकेश पांडेय की अदालत ने पुलिस से रिपोर्ट तलब कर सुनवाई के लिए 5 जनवरी की तिथि नियत कर दी है। धोखाधड़ी कर व्यापारी नेता का मकान दूसरे के नाम दर्ज कराने के मामले में अमेठी की पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रमा देवी समेत पांच आरोपियों के खिलाफ एसीजेएम चतुर्थ मुक्ता त्यागी की अदालत ने कुर्की नोटिस जारी करते हुए सुनवाई के लिए 5 जनवरी को निर्धारित की है। प्रकरण में चार सह-आरोपित लल्लू प्रसाद सोनी, लालजी सोनी, पुजारी लाल सोनी और संगम लाल सोनी की निगरानी याचिका एडीजे चतुर्थ जलाल मोहम्मद अकबर की अदालत से पहले ही खारिज हो चुकी है। अमेठी उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष घनश्याम सोनी का आरोप है कि नगर पंचायत अध्यक्ष रहते हुए चंद्रमा देवी ने धोखाधड़ी कर उनका मकान अन्य व्यक्तियों के नाम दर्ज करा दिया था।

# नववर्ष की सुबह 20 घरों में गूंजीं किलकारियां

संवाददाता, सुलतानपुर


प्रसव के बाद वार्ड में भर्ती महिलाएं। ● अमृत विचार

● मेडिकल कालेज की महिला विंग में रात 12 के बाद से शाम 5 बजे तक 14 ऑपरेशन व 6 नॉर्मल डिलीवरी

**अमृत विचारः** नए वर्ष 2026 की शुरुआत सुलतानपुर मेडिकल कॉलेज के महिला विंग में खुशियों और किलकारियों के साथ हुई। 31 दिसंबर 2025 की रात 12 बजे के बाद से लेकर 1 जनवरी 2026 की सुबह करीब 5 बजे तक महिला विंग में कुल 20 प्रसव कराए गए, जिनमें 14 महिलाओं का सफल ऑपरेशन किया गया, जबकि 6 महिलाओं ने नॉर्मल डिलीवरी के जरिए शिशुओं को जन्म दिया।

नए साल की पहली सुबह जन्मे इन नवजातों ने जहां परिवारों में खुशियों की सौगात दी, वहीं चिकित्सा कर्मियों के लिए भी यह पल खास रहा। डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सभी प्रसव सुरक्षित रूप से कराए। लंभुआ विकास खंड के अंबरपुर सरैया गांव निवासी साक्षी तिवारी पत्नी सूरज तिवारी ने सुबह ऑपरेशन के जरिए एक कन्या को जन्म दिया। वहीं कादीपुर क्षेत्र के कंचन नगर निवासी नेहा अग्रहरि पत्नी दीपक अग्रहरि ने गुरुवार 1 जनवरी 2026 को एक पुत्र को जन्म दिया। पुत्र रत्न की प्राप्ति से परिजनों में नए साल के साथ-साथ डबल खुशी का माहौल देखने को मिला। महिला विंग में मौजूद परिजन एक-दूसरे को बधाइयां देते नजर आए। चिकित्सकों ने बताया कि सभी जच्चा-बच्चा स्वस्थ हैं।

### साक्ष्य के अभाव में पॉक्सो का आरोपी बरी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कुड़वार थाना क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी के चार साल पूर्व अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी रामकुमार को पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने पीड़िता व गवाहों के पुलिस व कोर्ट के समक्ष दिए गये विरोधाभासी बयान के चलते साक्ष्य के अभाव में आरोपी को बरी कर दिया है। 18 मार्च 2022 की घटना में पीड़िता के पिता ने कोर्ट के आदेश पर 4 अप्रैल 2022 को आरोपी रामकुमार उसके भाई राजकुमार शतथा गांव के कल्लू और अजय कुमार के खिलाफ साजिशन किशोरी के अपहरण का केस दर्ज कराया था। पुलिस ने रामकुमार पर चार्जशीट दाखिल की थी जिस पर विचारण चला ।

# एडीएम ने की सड़क सुरक्षा माह की शुरुआत

संवाददाता, सुलतानपुर


झंडी दिखाकर सड़क सुरक्षा माह का किया गया शुभारंभ।

● लोगों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक एआरटीओ व पीटीओ सहित पुलिस रही मौजूद

**अमृत विचारः** जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा माह (01 जनवरी से 31 जनवरी) का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गौरव शुक्ला ने 05 सड़क सुरक्षा प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम में परिवहन विभाग, पुलिस विभाग सहित अन्य स्टेकहोल्डर विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रचार वाहन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर यातायात नियमों, हेलमेट और सीट बेल्ट के प्रयोग, ओवरस्पीडिंग से बचाव तथा सुरक्षित वाहन चलाने से संबंधित संदेशों का प्रसार करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रचार वाहनों पर हेलमेट व सीट बेल्ट जागरूकता से संबंधित स्टीकर भी लगाए गए। साथ ही उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई, ताकि यातायात नियमों के पालन को लेकर समाज में सकारात्मक संदेश दिया जा सके। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गौरव शुक्ला ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और आमजन सुरक्षित यात्रा कर सके।

# पति को आत्महत्या के लिए उकसाने में पत्नी हुई तलब

संवाददाता, सुलतानपुर

● न्यायालय12 जनवरी को तय करेगा आरोप

**अमृत विचारः** धनपतगंज थाना क्षेत्र के पूरे खरगपान खारा गांव में करीब आठ माह पूर्व हुए पति की आत्महत्या के मामले में जिला जज सुनील कुमार की अदालत ने अहम आदेश दिया है। अदालत ने आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में जेल में निरुद्ध आरोपी पत्नी संगीता को आरोप तय करने के लिए तलब किया है।

डीजीसी क्रिमिनल रामअचल मिश्र के अनुसार, मृतक शक्तिधर (45) की शादी संगीता पुत्री रामजस मिश्र, निवासी चकवरमाला अठेहा, जनपद प्रतापगढ़ से 2005 में हुई थी। मृतक के छोटे भाई सत्यधर उपाध्याय ने थाना धनपतगंज में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि उसके भाई ने पत्नी के आचरण व लगातार दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर 27 मई 2025 को घर के सामने स्थित आम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में आरोपी पत्नी संगीता वर्तमान में जेल में निरुद्ध है। अदालत ने उसे आरोप तय करने के लिए तलब करते हुए अगली सुनवाई की तारीख 12 जनवरी निर्धारित की है।

# निर्वाचन ड्यूटी व भुगतान को लेकर सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, सुलतानपुर


बीएसए से मिलकर समस्याओं का मांग पत्र सौंपते शिक्षक नेता। ● अमृत विचार

● उप्रप्राशिसं ने समस्याओं को लेकर बीएसए से की चर्चा

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, सुलतानपुर के जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय एवं जिला मंत्री राम आशीष मौर्य के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारियों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुलतानपुर से शिष्टाचार भेंट शिक्षकों से जुड़ी विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए ज्ञापन भी सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि वर्तमान में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन एवं सामान्य विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य चल रहा है, जिसमें परिषदीय शिक्षकों की ड्यूटी सुपरवाइजर एवं बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के रूप में लगाई गई है। विभागीय निर्देशों के क्रम में अवकाश के दिनों में भी शिक्षकों से निर्वाचन संबंधी कार्य लिया जा रहा है, जबकि नियमानुसार अवकाश दिवस में कराए गए कार्य के सापेक्ष प्रतिकर अथवा उपार्जित अवकाश दिए जाने का प्रावधान है। संघ ने इस संबंध में शीघ्र आदेश निर्गत किए जाने की मांग की। इसके अतिरिक्त वरिष्ठता सूची में व्याप्त त्रुटियों की ओर भी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए गलतियों को सुधारकर संशोधित वरिष्ठता सूची जारी किए जाने की मांग की गई, जिस पर सकारात्मक चर्चा हुई। बैठक के दौरान विगत दो से तीन वर्षों से लंबित कुछ शिक्षकों के एफएलएन प्रशिक्षण भुगतान का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। इस पर बीएसए ने आश्वस्त किया कि संबंधित शिक्षकों का भुगतान शीघ्र ही उनके खातों में प्रेषित कराया जाएगा।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम मौर्य, दुबेपुर अध्यक्ष रमेश तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष डॉ. विनय प्रजापति, संयुक्त संगठन मंत्री देशराज, जिला संगठन मंत्री श्रीपाल यादव, हीरालाल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत नचौरा विकासखंड गैसड़ी जनपद बलरामपुर।**

निविदा/टेंडर/आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत नचौरा में सी सी रोड़, आर सी सी पुलिया निर्माण कार्य जो कि गंगा राम के घर से पंचायत भवन के घर तक एवं चिल्हू मौर्य के घर से गंगा राम के घर तक होना है। इस हेतु इच्छुक निविदा कोटेशन पंजीकृत टैक्स प्रदाता फर्म आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 2/1/2026 से 4/1/2026 तक निविदा पत्र प्राप्त एवं जमा की जा सकती है निविदा कोटेशन दिनांक5/01/2026 को ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान, सचिव और निर्माण कार्य समिति की उपस्थिति में खोली जाएगी। निविदा कोटेशन स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। क्रय की जाने वाली सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी ईंट, ईंट गिट्टी,पत्थर,मिट्टी, बालू,लाल मोरंग,सरिया,सीमेंट,पतरा,पाइप, हुक आदि से संबंधित सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृति प्राक्कलन के अनुसार पृथक होगी। निविदा कोटेशन वित्तीय वर्ष 2025/26 में कराए जाने वाले कार्य प्रभावी रहेंगी।

**कमलावती, ग्राम प्रधान** **अनिल कुमार , सचिव**
ग्राम पंचायत नचौरा, विकासखंड गैसड़ी, जनपद बलरामपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत अमरेमऊ , वि०ख० करौंदीकला, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025–26 दिनांक– 31.12.2025

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अमरेमऊ, वि0ख0 करौंदीकला, सुलतानपुर में पंचम वित्त/15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजना अर्न्तगत वर्ष 2025–26 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 31.12.2025 से दिनांक– 08.01.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत अमरेमऊ पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक– 09.01.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है–

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | पिचरोड से लकी के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 730752 रुपये। | ईट, इंटरलांकिंग ईट, सीमेंट,, मोरंग, बालू व अन्य सामग्री। |

नोट– निविदा से सम्बंधित नियम व शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस के निर्धारित समय में देखी जा सकती है।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत- अमरेमऊ वि0ख0 करौंदीकला जिला सुलतानपुर।**


# इस्लामगंज को हरा महानपुर बना विजेता

भदैंया, सुलतानपुर


विधायक सीताराम वर्मा ने किया प्रतियोगिता का उद्घाटन।

● लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल कैश मनी क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

**अमृत विचारः** विकासखंड अंतर्गत हनुमानगंज स्थित बिकवाजीतपुर मेला बाग ग्राउंड में आयोजित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल कैश मनी क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। 15 दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक लंभुआ सीताराम वर्मा ने किया।

उद्घाटन मैच इस्लामगंज और महानपुर की टीमों के बीच खेला गया। टॉस जीतकर महानपुर की टीम ने पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इस्लामगंज की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 9 विकेट खोकर 61 रन बनाए। जवाब में उतरी महानपुर की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 9 ओवर 3 गेंद में 8 विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए सादमान को मैन ऑफ द मैच चुना गया, जिन्होंने 3 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। वहीं महानपुर की ओर से विपुल शुभ ने भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। मैच के निर्णायक सौरभ चौरसिया एवं अनिल शर्मा रहे।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य लल्लू चौरसिया, विधायक प्रतिनिधि मोनू गुप्ता, कुलदीप वर्मा एडवोकेट, पूर्व स्टेडियम कोच चंद्रशेखर सिंह, दिनेश वर्मा, राजमणि वर्मा, विनोद वर्मा, वेद प्रकाश फौजी, बबलू वर्मा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### पंचायत सचिवों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** लम्भुआ ब्लॉक कार्यालय के सभागार में पंचायत सचिवों व सहायकों के लिए गांवों में आय के स्रोत विषय पर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाते हुए आय संवर्धन के नए उपायों पर चर्चा करना रहा। प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए नवाचार व जनभागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने हरित गांव की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए पंचायत स्तर पर पौधशाला निर्माण को आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के बिना विकास संभव नहीं है। प्रशिक्षक एवं पूर्व डीपीआरओ अनिल श्रीवास्तव ने पंचायतों में ओएसआर (अन्य स्रोतों से आय) की आवश्यकता और इससे जुड़े विधिक प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी दी।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवक ने तोड़ा दम

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचारः** चांदा कोतवाली क्षेत्र के बरुआ उत्तरी ग्राम सभा के मुरारचक गांव में मंगलवार की शाम दर्दनाक हादसे में एक दलित युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवक पानी से भरे खेत में जा गिरा, जहां बेहोशी की हालत में पड़े रहने से उसकी जान चली गई। हादसे के बाद मृतक के चार बच्चे अनाथ हो गए।

विजय कुमार निवासी मुरारचक पट्टे पर लिए गए खेत में सिंचाई के सिलसिले में गया था। शाम के समय वह सड़क किनारे खड़े होकर अपने खेत की ओर देख रहा था, तभी पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क किनारे पानी से भरे खेत में जा गिरा और बेहोश हो गया। अंधेरा होने के कारण काफी देर तक किसी की नजर उस पर नहीं पड़ी। उधर, वाहन चालक मौके से फरार हो गया। कुछ देर बाद जब लोगों की नजर पड़ी तो घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुरुवार सुबह परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।


**अमृत विचार**
**क्लासीफाइड**
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैं मो0 जाहिद पुत्र बाबू निवासी सदर बाजार निकट कोतवाली तहसील करनैलगंज जिला गोण्डा उ0प्र0 हाल पता ग्राम गेट नं 1. अवध एन्क्लेव, हरदोई रोड, दुबग्गा, काकोरी, लखनऊ, उ0प्र0 अपने सगे भाई मो0 सादिक से हर तरह का सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ उनके गलत आचरण के कारण मेरा व मेरे परिवार का उनसे कोई सम्बन्ध नहीं रहा।

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम ANIL KUMAR था से बदलकर ANIL KUMAR YADAV रख लिया है। अब मुझे ANIL KUMAR YADAV के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-NANHOO RAM YADAV ADD-295 GAHRU ANSHIK SAROJINI NAGAR DIST-LUCKNOW-226008 (U.P.)

**सूचना**
मैंने अपना नाम RAJENDRA से बदल कर RAJENDRA KUMAR रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: KANHAIYALAL, R/O:109 GODATOLA MAU UNNAO UTTAR PRADESH -241501

**सूचना**
मैने अपना नाम MOHAMMAD RIZVAN से बदलकर MOHD RIZWAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-AMEEN UDDEEM ADD-KASIMPUR POST-KATRA KASIMPUR DIST-FATEHPUR-212656(U.P.)

**सूचना**
मैने अपना नाम ISHITA GARG से बदलकर ISHITA ACHARYA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। D/0-VIJAY ACHARYA ADD-217 EMPIRE ESTATE 20 MALL AVENUE DIST-LUCKNOW (U.P.)

**सूचना**
मैं जन्नतुन निशा पत्नी स्व. असलम अली नि. ग्राम पियरी बिजलीपुर सोरांव,जनपद प्रयागराज व हाल पता– अत्तानगर कुंडा, थाना – कोतवाली कुंडा, पो – कुंडा, तहसील – कुंडा, जनपद – प्रतापगढ़,अपने पुत्र मो.दानिश सुत स्व.असलम अली व पुत्र वधू नगमा बानो पत्नी मो. दानिश मेरे कहने सुनने में नहीं है। प्रायः मनमानी करते रहते हैं, जिसका कार्य,व्यवहार एवं चाल –चलन ठीक नही है। प्रायः अनायास हैरानी व परेशान उठानी पड़ती है। जिससे कि मैं तंग हो कर पुत्र व पुत्रवधू को अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर रही हूँ। इनके द्वारा किए गए कर्ज, सामाजिक,आर्थिक अथवा किसी भी प्रकार के विवाद से हमारा कोई भी वास्ता नहीं रहेगा।

**सूचना**
मैं अपने द्वितीय पुत्र गुलसार अली को चाल चलन व कार्य व्यवहार ठीक ना होने के कारण अपनी स्वेच्छा से अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं।अब मेरा गुलसार अली तथा उसके द्वारा किए गए अनैतिक कार्यो से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **लियाकत अली पुत्र जोखू निवासी ग्राम पोस्ट गैजहवा, थाना कोतवाली देहात, परगना तहसील व जिला बलरामपुर**


बार चुनाव

किसानों की फार्मर आईडी तैयार, 22वीं किस्त जल्द मिलने की उम्मीद

# पीएम किसान सम्मान निधि को हनुमानगंज पहुंची कृषि विभाग की टीम

भदैंया, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** विकासखंड भदैंया के हनुमानगंज ग्राम पंचायत में गुरुवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों के लिए फार्मर आईडी तैयार करने हेतु ब्लॉक स्तरीय कृषि विभाग की टीम पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या में किसानों की डिजिटल पहचान (फार्मर आईडी) बनाई गई, जो योजना के लाभ के लिए आवश्यक है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण आर्थिक सहायता योजना है। वर्तमान में किसान इसकी 22वीं किस्त का इंतजार कर रहे हैं। सहायक विकास अधिकारी कृषि डॉ. ब्रजमोहन ने बताया कि यह किस्त नए साल की शुरुआत में किसानों के खातों में भेजी जा सकती है। उन्होंने बताया कि कई किसानों को पिछली किस्त तकनीकी त्रुटियों या आवश्यक मानकों के पूर्ण न होने के कारण नहीं मिल सकी थी। इन्हीं समस्याओं के समाधान और योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सरकार द्वारा किसानों की विशेष डिजिटल पहचान फार्मर आईडी तैयार की जा रही है। यह पहल नेशनल ई-गवर्नेंस प्लान एग्रीकल्चर के अंतर्गत की गई है, जिसका उद्देश्य भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ सरल, पारदर्शी और त्वरित बनाना है। फार्मर आईडी बनने के बाद किसानों को बार-बार कागजी प्रक्रियाओं से नहीं गुजरना पड़ेगा। इसके माध्यम से पीएम किसान सम्मान निधि के साथ-साथ फसल बीमा, बीज अनुदान एवं अन्य कृषि योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचेगा। डिजिटल डेटाबेस में किसान की भूमि का विवरण, आधार नंबर और मोबाइल नंबर जैसी आवश्यक जानकारियां सुरक्षित रहेंगी। इससे प्राकृतिक आपदा या फसल क्षति की स्थिति में मुआवजे की प्रक्रिया भी अधिक तेज और पारदर्शी होगी। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी कृषि डॉ. ब्रजमोहन ने बताया कि स्वर्गीय राम केदार कसौधन की पत्नी शिवकुमारी, रमेश कसौधन सहित कई किसानों के अभिलेखों में आवश्यक संशोधन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत के दर्जनों किसान अपनी खतौनी व आधार कार्ड के साथ उपस्थित रहे।


कृषि विभाग की टीम ने किया सर्वे।

### आपदा मित्र स्वयंसेवक 12 दिवसीय प्रशिक्षण को रवाना

**संवाददाता, सुलतानपुर :** जनपद में आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने की दिशा में गुरुवार को एक अहम पहल की गई। "आपदा मित्र" परियोजना के तहत चयनित 24 स्वयंसेवकों को 12 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण के लिए राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) मुख्यालय, लखनऊ रवाना किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एव राजस्व राकेश सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की टीम किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया देने में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ये युवा जनपद में आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन को और अधिक मजबूत करेंगे। आपदा विशेषज्ञ आदित्य जायसवाल ने बताया कि यह प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

### न्यूज ब्रीफ

## भटके बालक को माता पिता के किया सुपुर्द

**कटरा बाजार, गोंडा :** बुधवार को थाना क्षेत्र के पीपल तिराहा के पास एक 12 वर्षीय बालक पुलिस को घूमते हुए मिला। पुलिस टीम द्वारा भीषण ठंड को देखते हुए बच्चे को स्थानीय थाने पर लाया गया जहां पर उसको विशेष देख-रेख में रखा गया। पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने चौबीस घंटे के भीतर बच्चे को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।निरीक्षक अपराध रमाशंकर राय ने बताया कि बुधवार देर शाम पीपल तिराहा के पास एक बच्चा लावारिश घूमते हुए मिला जिसको थाने लाया गया जहां पर पूंछताछ के दौरान बच्चा अपना नाम राज व पिता का नाम अनिल बताया लेकिन अपने गांव व घर के बारे में नहीं बता पा रहा था। उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, कॉस्टेबल राम सिंह, अनिल पाल व महिला कॉस्टेबल अनीता बाजपेई ने उसके घर का पता लगाकर परिजनों को सूचना दी। बृहस्पतिवार को बच्चे के माता सविता श्रीवास्तव पिता अनिल श्रीवास्तव जनपद बहराइच थाना हुजूरपुर के आदिलपुर गांव निवासी थाने पर पहुंचे और मिशन शक्ति टीम द्वारा बच्चे को सुपुर्द कर दिया गया।

## बेहोशी की हालत में मिला युवक

**कटरा बाजार, गोंडा :** बुधवार की देर शाम को रामापुर कौड़िया मार्ग पर छिरास गांव के पास एक व्यक्ति अचेतावस्था में पड़ा था राहगीर की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस घायल व्यक्ति को सीएचसी कटरा बाजार पहुंचाया गया जहां पर उसकी पहचान रंजीत पुत्र ननके निवासी हरिलाल पुरवा मौजा उसरैना थाना कौड़िया बाजार के रूप में हुई है। डॉ. अरुण कुमार सिंह ने बताया कि घायल व्यक्ति का इलाज किया गया। परिजनों को सूचना दी गई है।

# आराध्य के चरणों में समर्पण संग नववर्ष का किया स्वागत

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार:** जीवन के बीतते एक एक पल और वर्ष लोगों के लिए अमूल्य है। हर साल नए संकल्प, उमंग, उद्देश्य और मंगलकामना के साथ स्वागत करते हैं और एक बार फिर 2026 का स्वागत भी कुछ अलग अंदाज में लोगों ने किया। इस बार लोगों ने देवस्थान, मठ, मंदिर के साथ अपने माता पिता और गुरुओं के चरण में अपना समर्पण कर नए साल का स्वागत किया है।

जिले के लगभग सभी मंदिरों पर लोगों की भीड़ दिखी। पृथ्वीनाथ मंदिर, दुखहरन नाथ मंदिर समेत सभी शिवालयों में लोगों ने भगवान शिव को जलाभिषेक कर नए साल के लिए मंगलकामना की। नगर स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर, खैराभवानी मंदिर, काली माता मंदिर, उत्तरी भवानी मंदिर के साथ बरखंडी नाथ मंदिर करनैलगंज तथा मनकापुर में कौरहे नाथ मंदिर में माथा टेका। इतना ही नहीं पौष मार्स के उतार में पड़े इस अंग्रेजी नववर्ष पर लोगों ने सरयू में स्नान दान कर भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर दिन का शुभारंभ किया। सोशल मीडिया पर 31 की रात से ही नववर्ष की शुभकामनाओं की बारिश शुरू हो गई जो एक जनवरी को दिन भर बरसती रही। कुछ लोगों ने एक दूसरे से मिलकर गुलाब के फूल भेंट किए, गुलदस्ता भेंट किए। खास बात यह रही बहुत कम स्थानों पर अंग्रेजी माध्यम से नया वर्ष मनाया गया। अधिकांश स्थानों पर अंग्रेजी नववर्ष को भारतीय परंपरा में स्वागत किया गया और मनाया गया।


पृथ्वीनाथ मंदिर में जलाभिषेक करते लोग। अमृत विचार


स्वामी नरायन छपिया मंदिर में समर्थकों के साथ दर्शन करते विधायक प्रभात वर्मा।


तैयार किया गया गुलदस्ता। अमृत विचार

## रोजी-रोटी कमाने गए युवक की मौत

**गोंडा, अमृत विचार:** रोजी-रोटी के लिए दिल्ली गए नगवा निवासी रामराज की मौत के बाद शव घर पंहुचा तो कोहराम मच गया। पत्नी अचेत हो गई जबकि मां-बाप की स्थिति पागलों जैसी रही। रामराज दिल्ली में सिक्योरिटी गार्ड का काम करता था। अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। साथी उसे आनन फानन गुरु गोविंद सिंह अस्पताल ले गये जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के दो पुत्रियां लड़की लक्ष्मी 5 वर्ष व आराध्या 3 माह है। मृतक का शव मंगलवार को देर शाम को गांव उसके आवास पंहुचा। नगवा के ग्राम प्रधान स्वामीनाथ सिंह ने बताया कि अयोध्या में रामराज का अंतिम संस्कार किया गया।

# एसीएल में धूमधाम से मना नववर्ष

**करनैलगंज, अमृत विचार :** गोंडा–लखनऊ मार्ग के सीएचसी तिराहा स्थित एकेडमी ऑफ कम्प्यूटर लर्निंग (एसीएल) में गुरुवार को नव वर्ष 2026 के शुभारंभ पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के विद्यार्थियों के साथ एसीएल परिवार ने केक काटकर नए साल का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। पूरे परिसर में उल्लास और उमंग का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। गीत, नृत्य और मनोरंजक प्रस्तुतियों पर तालियों की गूंज से माहौल उत्सवमय हो गया। इस मौके पर सेंटर डायरेक्टर अजीत दीक्षित ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नया वर्ष नई ऊर्जा, नए लक्ष्य और नई उपलब्धियों का संदेश लेकर आता है। उन्होंने बच्चों को निरंतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक बलदेव पाण्डेय, विष्णु शुक्ला, प्रदीप मौर्य, सौरभ गुप्ता, रमन तिवारी, अजय गुप्ता, शहजादी कुरैशी, नर्गिस बानो, लक्ष्मी मिश्रा, सुरभि सिंह, शक्ति सिंह, सर्वेश पाण्डेय सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


केक काटकर नववर्ष मनाते बच्चे। अमृत विचार

## डीएम ने आमजन को बताए सुरक्षित यातायात के नियम

**गोंडा, अमृत विचार:** गुरुवार को जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ किया। एक माह तक चलने वाले इस जागरूकता कार्यक्रम में लोगों को सुरक्षित रहने और नियम के अनुसार यातायात करने की सलाह दी गई। डीएम ने कहा दुर्घटनाओं में कमी लाने को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन जरूरी है। हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, नशे की हालत में वाहन न चलाना तथा यातायात संकेतों का सम्मान करना सभी की जिम्मेदारी है। सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की नहीं बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। एआरटीओ प्रशासन आरसी भारतीय ने बताया कि विभिन्न विभागों के समन्वय से विद्यालयों, महाविद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों तथा प्रमुख चौराहों पर जागरूकता कार्यक्रम, गोष्ठियां एवं यातायात नियमों की जानकारी देने वाली गतिविधियां आयोजित की जाएगी।


आईसीआईटी में सम्मानित छात्रों के साथ निदेशक व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

## ओ लेवल उत्तीर्ण छात्रों को किया गया सम्मानित

**संवाददाता गोंडा, अमृत विचार :** नववर्ष के पहले दिन आईसीआईटी एजुकेशन सोसायटी में अध्ययनरात ओ लेवल परीक्षा 2025 में सफल एवं उत्कृष्ट ग्रेड से उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव कुमार स्वर्णकार एवं जिला प्रोवेशन अधिकारी महिला कल्याण संतोष सोनी ने छात्र–छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के निर्देशक संतोष कुमार गुप्ता ने सभी का स्वागत किया। सम्मानित होने वालों में संजना सिंह, विशाल तिवारी, अभिषेक सिंह, सर्वेश कुमार मिश्रा, अंशुमान शुक्ला, नैन्सी गुप्ता, सत्रोहन जायसवाल, पवन जायसवाल, कनक मिश्रा, रंजना तिवारी, अमन श्रीवास्तव, नेहा तिवारी, सुमन गुप्ता एवं अदिति भट्ट शामिल रहे। इस अवसर पर शिवम सिंह, माया राम यादव, ऋतिक अवस्थी, अर्जुन यादव, कनक मिश्रा, आंचल मौर्या, गौरव, गंगा राम, सत्यम सिंह, गणेश रहे।

# मिलावटखोरों पर अंकुश से भारत बनेगा विश्व गुरु

नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** भारतीय संस्कृति, राष्ट्रभक्ति और आत्मिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नंदिनी नगर महाविद्यालय में गुरुवार को पांच दिवसीय राष्ट्र कथा का आरंभ हुआ। हवन-पूजन, वैदिक अनुष्ठान, संतों का स्वागत और पौधरोपण संग कार्यक्रम ने महाविद्यालय परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

नंदिनी निकेतनम में स्थापित हवन कुंड में वैदिक परंपरा के अनुसार राष्ट्र कथा का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह, कैसरगंज सांसद करन भूषण सिंह, विधायक प्रतीक भूषण सिंह और सुमित भूषण सिंह ने आचार्यों के मार्गदर्शन में आहुतियां दीं। सद्गुरु रीतेश्वर नंद महाराज के हाथों महाविद्यालय परिसर में 51 पौधों का रोपण भी किया गया। अयोध्या से पधारे संत-महात्माओं का भव्य स्वागत किया गया और सांसद करन भूषण सिंह ने संतों को साफा पहनाकर सम्मानित किया। पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने माल्यार्पण कर सद्गुरु रीतेश्वर नंद महाराज का स्वागत किया। पीठाधीश्वर ने कहा कि राष्ट्र कथा के ये पांच दिन जीवन को सही दिशा देने वाले सिद्ध होंगे। उन्होंने संत होने का वास्तविक अर्थ बताते हुए कहा कि केवल वेशभूषा से कोई संत नहीं बनता, बल्कि जो ज्ञान, वैराग्य, अनुशासन और तेज से परिपूर्ण हो, वही सच्चा संत है।



सद्गुरु ऋतेश्वर जी की आरती उतारते पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह। अमृत विचार

सद्गुरु ने आधुनिक शिक्षा व्यवस्था पर चिंता जताते हुए कहा कि आज बड़े-बड़े डॉक्टर, इंजीनियर और व्यवसायी भी मानसिक अवसाद का शिकार हो रहे हैं। सद्गुरु ने सामाजिक कुरीतियों पर भी तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि लोग अपने परिवार के लिए जैविक खेती करते हैं, लेकिन बाजार में रसायनयुक्त अनाज बेचते हैं। निजी लाभ के लिए हो रही मिलावट और अनैतिक कार्य मानवता को कमजोर कर रहे हैं। उनका मानना है कि जब ऐसे कृत्यों पर कठोर दंड सुनिश्चित होगा, तब भारत विश्व गुरु बनेगा। सद्गुरु रीतेश्वर नंद महाराज ने यह भी उल्लेख किया कि यह विश्व का पहला आयोजन है जिसमें बांके बिहारी जी की चरण पादुका और वंशी का सान्निध्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि राम और कृष्ण का तत्व एक है और हनुमान जी की कृपा से ही यह राष्ट्र कथा संभव हो पाई। इस अवसर पर अयोध्या से पधारे संतों में गौरीशंकर दास, स्वामी अवधेश कुमार दास, जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी प्रपन्नाचार्य, महंत जनमेजय शरण, आचार्य मिथिलेश नंदनी शरण, डॉ. महेश दास, कृपालु राम भूषण देवाचार्य, हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन महंत प्रेम दास, लक्ष्मण किला के महंत मैथलीशरण दास, बिंदुगद्याचार्य महंत देवेंद्र प्रसादाचार्य, जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी विद्या भास्कर महाराज और स्वामी राघवाचार्य (रामलला निवास) सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, छात्र-छात्राएं और क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## टीकाकरण को लेकर हुई बैठक

**गोंडा, अमृत विचार:** सीएचसी सभागार में अधीक्षक आशुतोष शुक्ला ने क्षेत्र की एनम के साथ स्वास्थ कार्यक्रमों की समीक्षा व वीडब्लूआर की बैठक की गई है। जिसमें टीकाकरण के संबंध में चर्चा बैठक में 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक देने का अभियान 27 दिसंबर से 24 जनवरी तक कार्यक्रम चलाया जा रहा। जिसकी मॉनिटरिंग डबल्यूएचओ करेगी। उन्होंने सभी को जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करने की नसीहत दी। बैठक में डब्लूएचओ मानीटर मुकुल आनंद, राम अभिलाष शुक्ला, देवराज सिंह, एएनएम सरिता सिंह, सुनीता यादव, सोनम गुप्ता, गीता, अमृता नंदिनी सिंह आदि मौजूद रहीं।

## एएनएम स्टार ऑफ काउंसलर अवार्ड से सम्मानित


बैच लगाकर एएनएम को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** पीएचसी डुमरियाडीह पर उम्मीद परिवार नियोजन परामर्श केंद्र की काउंसलर राधा त्रिपाठी को स्टार ऑफ काउन्सलर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। अधीक्षक डॉ. आशुतोष शुक्ल व चिकित्साधिकारी डॉ. भावना अवस्थी ने एनएम को बैच लगाकर सम्मानित किया। स्वास्थ्य विभाग, पॉपुलेशन फ़ाउंडेशन ऑफ़ इंडिया तथा मोबियस फ़ाउंडेशन द्वारा संचालित उम्मीद परियोजना के तहत दिया गया है। उम्मीद परियोजना जिले के 9 ब्लॉकों में चलाई जा रही है, जिसका उद्देश्य परिवार नियोजन सेवाओं को बढ़ावा देना है। इस परियोजना के तहत प्रत्येक चयनित स्वास्थ्य इकाई में "उम्मीद परिवार नियोजन परामर्श केंद्र" की स्थापना की गई है। इस मौके पर ब्लॉक प्रोग्राम प्रबंधक मंजु शुक्ला, पॉपुलेशन फ़ाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के प्रतिनिधि बलबीर सिंह और मोहम्मद शरीफ उपस्थित रहे।

## पुलिस ने 171 खोये मोबाइल किए बरामद


बरामद मोबाइल फोन के साथ एसपी विनीत जायसवाल व पुलिस टीम। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** गुरुवार को पुलिस कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि जनपदीय पुलिस व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने 171 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिक के सुपुर्द किया। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 37 लाख 62 हजार रुपये है। उन्होंने बताया कि एक वर्ष में 695 मोबाइल बरामद हुए हैं। वर्ष 2025 में अब तक जनपदीय पुलिस व सर्विलांस सेल की टीम ने कुल 695 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ 4 लाख 25 हजार रुपये है। यह बरामदगी पुलिस की तकनीकी दक्षता और सतत प्रयासों का परिणाम है। इस लेकर तीन दिवसीय अभियान चलाया गया था।

## लेखपाल से गाली-गलौज का वीडियो वायरल

**गोंडा, अमृत विचार :** वजीरगंज के करनीपुर के लेखपाल अंकित कुमार मौर्य व पूर्व जनप्रतिनिधि को फोन पर गाली देने का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर बुधवार को पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। लेखपाल ने मंगलवार को मोबाइल पर प्रमाणित प्रति नकल देने से मना करने पर विपक्षी संजय सिंह निवासी खिरिया ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए लेखपाल व पूर्व सांसद को गाली देते हुए पीड़ित को घर पर आकर जान से मारने की धमकी दी थी। प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## सुबह घना कोहरा, दिन में खिली धूप ने दी राहत


कोहरे के बीच हेड लाइट जलाकर गुजरते वाहन चालक। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** जिले में बुधवार की सुबह घने कोहरे के साथ हुई जिससे दृश्यता कम हो गई। वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर धीमी गति से चलना पड़ा, वहीं कई स्थानों पर लोग देर से घरों से निकले। कोहरे और ठिठुरन के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन खासा प्रभावित रहा। शहरी इलाकों में अलाव के सहारे लोग ठंड से बचाव करते नजर आए। रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर यात्रियों को ठंड और कोहरे के बीच इंतजार करना पड़ा। हालांकि दोपहर के समय मौसम में बदलाव देखने को मिला। नए वर्ष के पहले दिन सूर्यदेव के दर्शन होते ही लोगों ने राहत की सांस ली। धूप निकलने के बाद लोग घरों से बाहर निकले और खुले स्थानों पर बैठकर धूप का आनंद लेते दिखे। ठंड से परेशान लोगों के लिए यह राहत भरा समय रहा। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में सुबह और देर रात कोहरा बना रह सकता है।

# सड़क हादसे में घायल युवकों की उपचार के दौरान मौत

**नवाबगंज, गोंडा:** गोंडा-अयोध्या मार्ग पर नंदिनी नगर के पास बालापुर गांव के समीप सोमवार की सायं अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए तुरकौली गांव निवासी दो बाइक सवारों की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे की खबर से परिवार और परिजन गहरे सदमे में हैं। दुर्घटना में 30 वर्षीय राजकुमार यादव और 32 वर्षीय उमेश निषाद गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजनों ने दोनों को तुरंत दर्शन नगर मेडिकल कालेज ले गये थे जहा से दोनों घायलों को लखनऊ रेफर कर दिया गया था। जिसके बाद उन्हें लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उनका इलाज चल रहा था ।गांव के प्रधान प्रतिनिधि ऋषभ सिंह उर्फ राहुल ने बताया कि घायल राजकुमार यादव की बुधवार शाम और उमेश की गुरुवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई है। राजकुमार यादव के पिता पंचलाल यादव ने बताया कि राजकुमार अविवाहित था और मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके बड़े भाई की चार साल पहले पेड़ गिरने से मौत हो चुकी है, जबकि छोटा भाई कृष्णा उर्फ अर्जुन (12) अभी पढ़ाई कर रहा है। बेटे की मौत से मां सीतापति का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं दूसरा उमेश निषाद दिल्ली में परिवार के साथ रहकर पीओपी का कार्य करता था। उमेश की पत्नी पूनम पारिवारिक कार्यक्रम में मायके आई थी। हादसे के दिन ही सुबह उमेश दिल्ली से पत्नी को लेने घर आया था। शाम को पैसे निकालने के लिए कटरा शिवदयालगंज गया और लौटते समय हादसे का शिकार हुआ था।

## नववर्ष के पहले ही दिन नेटवर्क रहा बाधित, परेशानी

**नवाबगंज, गोंडा:** नए साल के पहले ही दिन विद्युत विभाग की अव्यवस्था सामने आ गई। विद्युत बिल पर छूट देने वाली ओटीएस योजना के प्रथम चरण में तीन दिन की अतिरिक्त अवधि मिलने से लाभ लेने की उम्मीद में उपभोक्ता नवाबगंज विद्युत उपखण्ड कार्यालय पहुंचे, लेकिन कैश काउंटर बंद मिलने से उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा। उपभोक्ताओं का कहना है कि वे गुरुवार सुबह पंजीकरण और बिल जमा करने के लिए कार्यालय पहुंचे थे, जहां मौजूद संविदा कर्मियों ने यह कहकर लौटा दिया कि नेटवर्क काम नहीं कर रहा है। गौरव यादव, शंकरदयाल, सुधांशु, रामपता देवी ने बताया कि वे विशेष रूप से ओटीएस योजना के तहत पंजीकरण कराने आए थे, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी काउंटर नहीं खोला गया। लोगों ने आरोप लगाया कि कार्यालय समय होने के बावजूद एसडीओ कार्यालय दोपहर करीब एक बजे तक खुला रहा, लेकिन न तो उपखण्ड अधिकारी मौजूद मिले और न ही जेई व अन्य जिम्मेदार कर्मी।

# एसबीआई अधिकारी की सरयू में डूबकर मौत

**मनकापुर, गोंडा:** मनकापुर नगर के मोहल्ला जवाहर नगर निवासी एसबीआई अधिकारी राम बाबू सोनी (40) का शव अयोध्या में सरयू नदी से बरामद होने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। बुधवार शाम सहारा बैकुंठ धाम के पास नदी में शव उतराता देखे जाने पर नाविक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। परिजनों द्वारा शिनाख्त किए जाने पर शव राम बाबू सोनी का निकला। मृतक के बड़े भाई ओम बाबू सोनी ने बताया कि राम बाबू सोनी मंगलवार शाम करीब 4:30 बजे अयोध्या दवा लेने के लिए घर से निकले थे। उसी रात करीब 9 बजे उन्होंने अपनी मां शोभा देवी से फोन पर दवा लेने की बात कही थी। इसके बाद उनका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। देर रात तक न तो वह बहन के घर बहराइच पहुंचे और न ही कोई संपर्क हो सका, जिससे परिजन परेशान हो उठे। बुधवार तड़के बड़े भाई ओम बाबू सोनी अयोध्या पहुंचे और कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस की जांच में मोबाइल की अंतिम लोकेशन नया घाट के पास मिला था।



# रामचरितमानस पाठ संग भंडारे का आयोजन

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** नववर्ष आगमन के शुभ अवसर पर बार एसोसिएशन मे श्री राम चरित्र मानस पाठ का शुभारम्भ करते हुए राष्ट्र की उन्नति के लिए पूजा पाठ करते हुए धार्मिक अनुष्ठान किया गया। श्री रामचरित मानस पाठ का समापन के बाद हवन में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, एसडीएम, एडीएम, सीआरओ तहसीलदार सहित सभी अधिकारी ने हवन पूजन किया। मण्डलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने रामजी की आरती के साथ कार्यक्रम सम्पन्न कराया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम बुझारथ द्विवेदी,महामंत्री संजय कुमार सिंह ने भगवान का भोग लगाकर भंडारे की शुरुआत की। जिला जज दुर्ग नारायण सिंह, अपर जिलाजज प्रथम श्रीमती नम्रता अग्रवाल, सीजेएम गोण्डा सहित सभी न्यायिक अधिकारी ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में प्रसाद भंडारा दो बजे से अनावरत सायं तक चलता रहा जिसमे जिले के सभी अधिकारी, कर्मचारी व सैकड़ो अधिवक्ता, मुंशी, वादकरियो ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के संयोजक भगौती प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि समापन बार-बेंच की सुख समृद्धि के लिए किया गया है। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष संगम लाल दूवेदी, माधव राज मिश्रा,के के मिश्रा, सुरेश चंद्र तिवारी, विजय प्रकाश त्रिपाठी, रमेश चौबे, अवधेश शुक्ला भण्डहा, अनिल सिंह, मनोज कुमार मिश्रा, संतोष ओझा, डीपी ओझा, विन्दश्वरी प्रसाद दूबे, नलनी नयन पांडेय, लाल बिहारी शुक्ला, सुनील कुमार पांडेय, केके पांडेय, संदीप तिवारी,पाटेश्वरी दत्त पाण्डेय, जगदम्बा प्रसाद पांडेय, लालजी मिश्रा, अवध बिहारी शरण पांडेय, सुशील मिश्रा, गौरीशंकर चतुर्वेदी, महेश तिवारी, आलोक मिश्रा, अजय विक्रम सिंह, शिवम् तिवारी, इंदु तिवारी, मनोज चतुर्वेदी आदि रहे।


यज्ञ में आहुतियां डालतीं जिलाधिकारी, न्यायिक अधिकारी व अधिवक्ता। अमृत विचार

# किसान कल्याण केंद्र को मंजूरी

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** किसानों को एक ही स्थान पर कृषि से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बड़ा कदम उठाया गया है। कटरा बाजार और इटियाथोक विकास खण्ड में करीब दो करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से किसान कल्याण केंद्र बनकर तैयार हो गया हैं, जबकि करनैलगंज विकास खण्ड में सवा करोड़ रुपये की लागत से नया किसान कल्याण केंद्र बनाए जाने की स्वीकृति शासन से मिल गई है।अधिकारियों के अनुसार कटरा और इटियाथोक में बने किसान कल्याण केंद्र आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। यहां किसानों को कृषि एवं सहकारिता विभाग से जुड़ी योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर मिलेगी। साथ ही बीज, खाद, कीटनाशक, कृषि यंत्र, मृदा परीक्षण, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा और सरकारी अनुदान से संबंधित सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। अधिकारियों के मुताबिक करनैलगंज में किसान कल्याण केंद्र के निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद शीघ्र ही कार्य शुरू कराया जाएगा। इसके बनने से क्षेत्र के किसानों को ब्लॉक और जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। जिला कृषि अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि किसान कल्याण केंद्रों का उद्देश्य किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ना है। यहां समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, गोष्ठियां और कृषि प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे।



## न्यूज ब्रीफ

### गौ रक्षा के लिए किया जाएगा जागरूक

**रुपईडीह, गोंडा :** गौ रक्षा दल समिति की शाखा ब्लॉक रुपईडीह के कार्यकर्ताओं की बैठक ब्लॉक अध्यक्ष हिमांशु की देखरेख में ब्लॉक मुख्यालय के शिव मंदिर पर आयोजित की गई। इस बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने गौ रक्षा के लिए घर-घर जाकर पशुपालकों को जागरूक किए जाने पर चर्चा करते हुए कार्ययोजना तैयार की। शुभम शास्त्री, कन्हैया लाल तिवारी, सुमित आदि लोग उपस्थित रहे।

### मारपीट के केस में रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग

**इटियाथोक, गोंडा :** एक राय होकर हमला करने की शिकायत आईजी से की गई है। पत्र में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की गई है। ग्राम बेलभरिया के श्री राम ने आरोप लगाया है कि 28 दिसंबर को शाम 6 :00 बजे शेषराम, लालसाहेब, कुंवर साहब ठाकुर प्रसाद, ननके, पवन कुमार व राजन आदि ने मिट्टी गिराते समय गाली देते हुए कुल्हाड़ी व लाठी डंडे से हमला कर दिया। घटना में उसकी पत्नी दुरपता, अर्चना अनीता, ईश्वरदीन, उत्तम कुमार व पुत्र राम दिवाकर को चोटें आईं। श्रीराम ने आरोपियों के पर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

### प्री बोर्ड परीक्षा की तैयारी पर हुई चर्चा

**रुपईडीह, गोंडा :** पार्वती देवी इंटर कॉलेज आर्य नगर के प्रबंध समिति की बैठक समिति की अध्यक्ष पूर्व ब्लाक प्रमुख राजकुमारी की देखरेख में विद्यालय परिसर में आयोजित की गई। इस बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने विद्यालय में प्रकाश, पेयजल व शौचालय की व्यवस्था, परिसर की रंगाई पुताई की समीक्षा की। इसके अलावा आगामी छः जनवरी से विद्यालय में अध्यनरत हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं की शुरू होने वाली प्री बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के बारे मे प्रधानाचार्य सुशील कुमार तिवारी व उपप्रधानाचार्य राजीव रंजन मिश्र से जानकारी हासिल की।

# दो सड़क दुर्घटनाओं ने ले ली दो लोगों की जान

**रफ्तार की मार**

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचारः** जनपद में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का खामियाजा एक बार फिर आम लोगों को अपनी जान देकर चुकाना पड़ा। बुधवार शाम और देर रात हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों घटनाओं ने सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन और आमजन दोनों के लिए गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पहली घटना सादुल्लाहनगर थाना क्षेत्र की है। सादुल्लाहनगर-मनकापुर मार्ग पर बुधवार शाम करीब सात बजे मढ़ी भट्ठा के पास सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार और लापरवाही से मोटरसाइकिल सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गोण्डा जनपद के मनकापुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उपाध्यायपुर ग्रंट (बलुआ) निवासी धर्मेंद्र कुमार (35) पुत्र रामसूरत की मौत हो गई, जबकि उनके साथ बाइक पर सवार जितेंद्र कुमार पुत्र रामशंकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

बताया गया कि दोनों बाइक से रिश्तेदारी से लौट रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए। घायलों को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही धर्मेंद्र कुमार ने दम तोड़ दिया। मृतक के चाचा घनश्याम की तहरीर पर सादुल्लाहनगर पुलिस ने एफआईआर संख्या 0131 दर्ज कर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106, 281, 125(ए), 125(बी) एवं 324(2) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस दुर्घटनाकारित वाहन की तलाश में जुटी है। दूसरी दर्दनाक घटना रेहराबाजार थाना क्षेत्र में देर रात सामने आई। रेहराबाजार-सादुल्लाहनगर मार्ग पर कंछर अशरफपुर स्थित केशव नगर बाजार मंदिर के पास तेज रफ्तार अज्ञात बाइक ने साइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में ग्राम सभा घोघरा के मजरा कंछर निवासी पवन कुमार (25) पुत्र स्व. राम किशुन की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की मां चिल्हा देवी ने बताया कि पवन कुमार घरेलू सामान लेने साइकिल से केशव नगर बाजार गया था और वापस लौटते समय यह हादसा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश सिंह ने बताया कि मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है और अज्ञात वाहन की तलाश जारी है। लगातार हो रहे सड़क हादसों से क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तेज रफ्तार पर सख्ती, सड़क पर निगरानी बढ़ाने व दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुरक्षा उपाय किए जाने की मांग की है।

### सड़क हादसों में एक की मौत, चार घायल

**जरवा, बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद के जरवा और तुलसीपुर क्षेत्र में बुधवार शाम हुए सड़क हादसों ने एक बार फिर यातायात सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अलग-अलग स्थानों पर हुई दुर्घटनाओं में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार युवक घायल हो गए। तुलसीपुर जरवा मार्ग पर धोबहा नाले के पास बालापुर से अपने घर ग्राम भगवानपुर पैदल लौट रहे राम लखन (50) पुत्र काशीराम को शाम करीब सात बजे एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि राम लखन की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। वहीं भारत-नेपाल सीमा से जुड़े कोयलाबास मार्ग पर नगई मोड़ के पास एक मोटरसाइकिल मोड़ पर खड़े ठेले से टकरा गई, जिससे बाइक सवार चार युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। इनमें अमर (19) पुत्र मेवा लाल निवासी विशुनपुर खेरहनिया घायल है जबकि मिथुन, विजय और अतुल को भी चोटें आई हैं।

## सटरिंग लगाते समय करंट लगने से मिस्त्री की मौत

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचारः** नगर कोतवाली क्षेत्र के उकरा ग्राम पंचायत में छत की ढलाई के लिए सटरिंग लगाते समय गुरुवार की सुबह सटरिंग मिस्त्री 35 वर्षीय इंद्र देव की हाई बोल्टेज तार का छूने से झुलस गया। मरणासन्न हालत में उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज लाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंद्र देव, इटिया थोक थाना क्षेत्र के लोहारिन पुरवा बेलवा बहुत गांव का निवासी था और पट्टर नगर कोतवाली क्षेत्र के उकरा ग्राम में छत की ढलाई के लिए सटरिंग लगा रहा था। उसके ऊपर 11 हजार बोल्टेज का तार गया हुआ था, जिसमें अचानक छू गया और वह झुलस गया।

## दो अभियुक्त फरार एनबीडब्ल्यू और धारा 84 का आदेश

**करनैलगंज, अमृत विचार :** कर्नलगंज थाना क्षेत्र में दर्ज मुकदमा संख्या 202/2025 में नामजद दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी न होने पर न्यायालय ने गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी करते हुए धारा 84 बीएनएस के तहत उद्घोषणा का आदेश दिया है। अभियुक्त सचिन पुत्र रामेश्वर पाण्डेय व सत्यम पुत्र सुरेन्द्र पाण्डेय निवासी नकहा बसन्त, करनैलगंज लंबे समय से फरार हैं। कोतवाली करनैलगंज के एसएसआई बृजराज प्रसाद ने बताया कि अभियुक्तों की तलाश जारी है और शीघ्र गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# आमजन को बताए विधिक अधिकार

**बलरामपुर, अमृत विचारः** नव वर्ष के अवसर पर जनसामान्य को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को निकट एसएसबी कैंप, बहराइच रोड, बलरामपुर में एक निःशुल्क विधिक जागरूकता एवं विधि परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों को सरल भाषा में कानून की जानकारी देकर विवादों से बचाव और न्याय तक आसान पहुंच सुनिश्चित करना रहा। शिविर में हाईकोर्ट लखनऊ के अधिवक्ता आशीष कुमार शुक्ला ने सिविल व आपराधिक मामलों, भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, महिला एवं बाल अधिकार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित लोगों को एफआईआर दर्ज कराने की सही प्रक्रिया, जमीन से जुड़े मामलों में आवश्यक सावधानियां, पारिवारिक विवादों में उपलब्ध कानूनी विकल्प तथा महिलाओं और बच्चों को प्राप्त संवैधानिक व वैधानिक अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। अधिवक्ता आशीष कुमार शुक्ला ने कहा कि कानूनी जानकारी के अभाव में ही अधिकांश विवाद जन्म लेते हैं। यदि आम व्यक्ति को समय रहते सही और स्पष्ट विधिक जानकारी मिल जाए, तो कई मामलों में अनावश्यक मुकदमेबाज़ी से बचा जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों के लिए पेयजल एवं जलपान की व्यवस्था की गई, जिससे आयोजन का वातावरण सौहार्दपूर्ण, व्यवस्थित और सहभागिता पूर्ण बना रहा।



लोगों को कानून के बारे में जानकारी देते विशेषज्ञ। अमृत विचार

# डीएम ने 'ग्राम स्वच्छता साथी एप' किया लॉन्च

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचारः** जनपद में शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ अब ग्रामीण इलाकों में भी स्वच्छता व्यवस्था को सशक्त, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने नए वर्ष के पहले दिन एक अभिनव पहल की। इस क्रम में "ग्राम स्वच्छता साथी एप" का विधिवत शुभारंभ किया गया, जिसके माध्यम से ग्राम पंचायतों में कार्यरत सफाई मित्रों की उपस्थिति और कार्य निष्पादन की ऑनलाइन निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि इस एप के माध्यम से जैसे ही सफाई मित्र गांव में पहुंचेंगे, उनकी ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज हो जाएगी। इससे स्वच्छता कार्यों की रीयल-टाइम निगरानी संभव होगी, फर्जी उपस्थिति पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा और ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकेगी। साथ ही संबंधित अधिकारी स्वच्छता कार्यों की निरंतर समीक्षा कर समय-समय पर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई भी कर सकेंगे। एप शुभारंभ कार्यक्रम में सफाई मित्र और ग्राम प्रधानों की सक्रिय भागीदारी एप के शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में सफाई मित्रों के साथ-साथ ग्राम प्रधान भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी से संवाद करते हुए इस डिजिटल पहल की उपयोगिता और भविष्य में इसके सकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**सफाई मित्र ग्रामीण स्वच्छता की सबसे मजबूत कड़ीः** जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई मित्र स्वच्छता व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उनके निरंतर परिश्रम, समर्पण और समाज के प्रति योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने उन्हें "सफाई मित्र" की पहचान दी है। उन्होंने बताया कि पूर्व में कई बार यह शिकायतें मिलती थीं कि सफाई मित्र ग्राम पंचायत में नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहते, वहीं एक से अधिक मजरे होने के कारण भ्रम की स्थिति भी उत्पन्न होती थी। इन सभी व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के लिए ही ग्राम स्वच्छता साथी एप को विकसित किया गया है।

**जियो-फेंसिंग और चेहरे की पहचान से लगेगी हाजिरीः** एप से ग्राम की जियो-फेंसिंग तथा चेहरे की पहचान तकनीक के जरिए सफाई मित्रों की उपस्थिति दर्ज की जाएगी। इससे उपस्थिति से संबंधित सभी शिकायतों का समाधान होगा, कार्यस्थल पर मौजूदगी प्रमाणित होगी और प्रत्येक माह की 01 तारीख को समय से वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जा सकेगा।



ग्राम स्वच्छता साथी ऐप का शुभारंभ करते डीएम और अन्य अधिकारी। अमृत विचार

### सफाई मित्रों के हित में बड़ा फैसला

सफाई मित्रों के कल्याण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण निर्णय की जानकारी देते हुए डीएम ने बताया कि जनपद में 16 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके 907 सफाई मित्रों के लंबित एसीपी प्रकरणों का निस्तारण कर दिया गया है। सभी पात्र सफाई मित्रों को वेतन वृद्धि एवं उच्च ग्रेड पे का लाभ मिलेगा, जिससे उनका आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित हुआ है।

## सड़क दुर्घटना में 'गोल्डन ऑवर' है जीवन रक्षक, तुरंत एंबुलेंस बुलाएं

**बलरामपुर अमृत विचारः** जनपद में सड़क दुर्घटनाओं के दौरान घायलों को समय पर और समुचित उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों से सक्रिय सहयोग की अपील की है। कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बलरामपुर द्वारा जारी सूचना में कहा गया है कि किसी भी सड़क दुर्घटना की स्थिति में घायल व्यक्ति को बिना देरी नजदीकी सरकारी या मान्यता प्राप्त चिकित्सालय में पहुंचाना बेहद जरूरी है, क्योंकि शुरुआती एक घंटा यानी गोल्डन ऑवर जीवन बचाने में निर्णायक होता है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी मिलते ही 102 या 108 एम्बुलेंस सेवा को तुरंत सूचित करें, ताकि प्रशिक्षित चिकित्सीय सहायता समय पर पहुंच सके। इसके साथ ही किसी भी आपात स्थिति या अतिरिक्त जानकारी के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से भी संपर्क किया जा सकता है। कंट्रोल रूम का फोन नंबर 7704995639 जारी किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि सड़क दुर्घटना पीड़ितों के उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, इसके लिए सभी स्वास्थ्य इकाइयों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। चिकित्सालयों को निर्देश दिए गए हैं कि घायलों का इलाज प्राथमिकता के आधार पर तत्काल शुरू किया जाए। सीएमओ ने आमजन से अपील की कि दुर्घटना की स्थिति में घबराने के बजाय संयम बनाए रखें, एम्बुलेंस सेवा को तुरंत सूचना दें और घायल को सुरक्षित तरीके से उपचार केंद्र तक पहुंचाने में सहयोग करें।

## 28,201 को मिलेगा पीएम आवास

**बलरामपुर अमृत विचारः** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत कराए गए आवास सर्वे का सत्यापन कार्य जिले में पूरा कर लिया गया है। नौ विकास खंडों की 793 ग्राम पंचायतों में किए गए सर्वे में कुल 49,678 परिवारों के आवेदनों की जांच की गई, जिसमें 28,201 परिवार पात्र पाए गए जबकि 21,477 परिवार योजना की शर्तें पूरी न करने के कारण अपात्र घोषित किए गए हैं। प्रभारी परियोजना निदेशक एवं जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार सोनी ने बताया कि जरूरतमंद और गरीब परिवारों को योजना का वास्तविक लाभ दिलाने के उद्देश्य से करीब छह माह पहले सर्वे कराया गया था। इस दौरान 5,463 आवेदन स्वयं लाभार्थियों द्वारा व 44,215 आवेदन सर्वेयरों के माध्यम से प्राप्त हुए थे। सभी आवेदनों को विभागीय पोर्टल पर अपलोड कर जांच की गई। उन्होंने बताया कि पात्रता को लेकर किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए आवेदनों का तीन चरणों में सत्यापन कराया गया। अंतिम चरण में चेकर द्वारा किए गए सत्यापन के बाद 28,201 परिवार पात्र की श्रेणी में आए।

















































# लोगों ने उत्साह से किया नववर्ष का स्वागत

## साल के पहले दिन विभिन्न मंदिरों में लोगों ने किया दर्शन-पूजन, डीजे की धुन पर थिरके लोग

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले में गुरुवार को नववर्ष 2026 का स्वागत पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। कैलेंडर बदलते ही उत्साह और नई ऊर्जा की लहर देखने को मिली। वर्ष 2026 के प्रथम दिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर में सुबह से ही रौनक रही। कलेक्ट्रेट का स्वरूप गुरुवार को कुछ बदला-बदला सा नजर आया। हर कोई अपने जिले के मुखिया को नए साल की शुभकामनाएं देने के लिए उत्साहित दिखा।

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को नववर्ष की बधाई देने के लिए भीड़ जुटी। इस दौरान जिलाधिकारी से मिलने वालों में मुख्य रूप में अशोक कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक नगर, देवेंद्रपाल सिंह सी.आर.ओ., राजेश कुमार सिटी मजिस्ट्रेट, प्रमिता सिंह अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, पूजा वर्मा एसडीएम सदर तथा सीओ सिटी, समेत जनपद के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने विकास कार्यों की नई गति देने के संकल्प के साथ नए साल का स्वागत किया।

**व्यापार मंडल भी रहा मौजूद :** समाज के विभिन्न वर्गों के साथ-साथ उद्योग जगत और व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष बृजमोहन मातनहेलिया के नेतृत्व में व्यापारियों ने जिलाधिकारी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान नवनीत अग्रवाल, विनोद कुमार अग्रवाल और मनोज कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।



जिलाधिकारी को पुष्पगुच्छ देकर बधाई देते कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी। ● अमृत विचार



डीएम को बधाई देते डीजीसी अजयकुमार शर्मा।



गायों को गुड़-चना खिलाते पुरोहित। ● अमृत विचार



मंदिर परिसर में भोजन करतीं कन्याएं। ● अमृत विचार

### गौ सेवा संग नववर्ष की शुरुआत

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** नववर्ष के आगमन पर पयागपुर में एक सराहनीय पहल देखने को मिली। खंड विकास अधिकारी अजय प्रताप सिंह के निर्देशों के क्रम में, ग्राम झाला तरहर स्थित बृहद गौ संरक्षण केंद्र में गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम सभा सचिव वात्सल्य आस्थाना और पुरोहित राम जी शास्त्री ने गौशाला पहुंचकर गौवंशों का पूजन किया। इस अवसर पर गायों को ठंड से राहत और पोषण देने के लिए हरा चारा, गुड़, चना, केला परोसा गया। ग्राम विकास अधिकारी वात्सल्य आस्थाना ने बताया कि खंड विकास अधिकारी के कुशल निर्देशन में गौवंशों के संरक्षण और उनके खान-पान का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। कड़ाके की ठंड को देखते हुए गोशालाओं में चारे और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

### बाटी-चोखा भोज का आयोजन

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** पयागपुर में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर उत्सव और उत्साह का माहौल रहा। क्षेत्र में जगह-जगह आयोजित कार्यक्रमों में लोगों ने हर्षोल्लास के साथ पुराने वर्ष को विदा किया और नई उम्मीदों के साथ वर्ष 2026 का स्वागत किया। कई स्थानों पर डीजे की धुन पर लोग देर रात तक थिरकते नजर आए। जैसे ही घड़ी की सुइयों ने रात के 12 बजाए, पूरा आसमान रंग-बिरंगी आतिशबाजी से सराबोर हो गया। विद्युत विकास कॉलोनी स्थित समाजसेवी अजय सिंह कलहंस के आवास पर एक बाटी-चोखा भोज का आयोजन किया गया। इस पारंपरिक भोज में क्षेत्रीय संस्कृति और मेल-मिलाप की झलक देखने को मिली।

### हवन और कन्या पूजन किया

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** नववर्ष के आगमन पर क्षेत्र के सुप्रसिद्ध सम्मय माता मंदिर में आध्यात्मिक उल्लास देखने को मिला। नए साल के पहले दिन मंदिर परिसर में हवन-पूजन एवं कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य पुजारी क्रान्तिवीर मिश्र के सानिध्य में आयोजित इस हवन में श्रद्धालुओं ने आहुतियां दीं। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी क्रान्तिवीर मिश्र ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए हवन के महत्व पर प्रकाश डाला। हवन की पूर्णाहुति के पश्चात कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया और उपहार भेंट किए गए। इसके बाद मंदिर आए सभी भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी।

**न्यूज़ ब्रीफ**

### ठंड के कारण 15 तक बंद रहेंगे आंगनबाड़ी केन्द्र

**बहराइच, अमृत विचार :** अत्यधिक ठंड व शीतलहर के दृष्टिगत डीएम अक्षय त्रिपाठी ने समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 01 से 15 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया है। डीएम द्वारा जारी निर्देश के अनुसार अवकाश अवधि में समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं द्वारा लाभार्थियों को टेक होम राशन का वितरण, सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन, वीएचएसएनडी सत्रों में टीकाकरण, गृह भ्रमण, बच्चों का वजन एवं अन्य शासकीय कार्यों का सम्पादन पूर्ववत किया जायेगा।

### कलेक्ट्रेट के चार पटल सहायक प्रोन्नत

**बहराइच, अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट अमित कुमार ने बताया कि तहसील कैसरगंज में एम.जे. के पद पर कार्यरत विकास निगम, कलेक्ट्रेट के विविध लिपिक सै. माबूद आलम, राजस्व अभिलेखागार कलेक्ट्रेट के प्रतिलिपिक इकबाल अहमद खां तथा कलेक्ट्रेट के डीएलआरसी अर्जित कुमार पाठक को प्रधान सहायक के पद पर पदोन्नति किया गया है।

### सेवानिवृत एलटी को दी गयी भावभीनी विदाई

**कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सेवानिवृत एलटी नन्दलाल गुप्ता को विदाई दी गयी ।सीएचसी अधीक्षक डा.एन.के.सिंह ने नंदलाल गुप्ता के कार्यों की सराहना की। अधीक्षक ने शाल ओढ़ाकर व उपहार देकर उन्हें विदाई दी। इस अवसर पर डीआईओ डा.एस.के.सिंह, आईओ संगीता श्रीवास्तव, डा0 योगेश सिंह, डा जय प्रकाश वर्मा, बीपीएम आदित्य गुप्ता, ओंकार नाथ मौर्या, संजय वर्मा, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, मनोज सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### गंदगी व अतिक्रमण से नागरिक परेशान

**जमुनहा, श्रावस्ती, अमृत विचार :** कथरा माफी से हनुमान गढ़ी मंदिर जाने वाले मार्ग पर गंदगी का अंबार है। यहां ग्रामीण मार्ग पर ही कूड़े का ढेर (घूर) लगाने के साथ न सिर्फ उपले पाथ् रहे है, बल्कि अपने मवेशी भी बांध रहे हैं। देखा जाए तो यह गांव पूर्व राज्यमंत्री व बहराइच सदर की विधायक अनुपमा जायसवाल की ससुराल व इनके पुत्र तथा ब्लाक प्रमुख जमुनहा शिवम जायसवाल का घर है। इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। ऐसे में श्रद्धालुओ को इसी गंदगी के बीच से होकर आना जाना पड़ रहा है। इस बारे में एडीओ पंचायत जमुनहा दिग्विजय सिंह ने बताया सफाई कर्मी की टीम लगाकर सफाई कराई जाती है। ग्रामीणों को चेतावनी देने के बावजूद भी अपने घर के सामने घूर लगा रहे हैं।

# ट्रैक्टर-ट्राली ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, दो की मौत

**रफ्तार की मार**

- एक साथ उजड़ा सगी बहनों का सुहाग, मृतक रिश्ते में साढ़ू थे

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के रामगांव थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह करीब 10 बजे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा पर सवार दो लोगों की मौत हो गई। वहीं एक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

खैरा धौकल ग्राम के रहने वाला मुन्ना लाल अपने साढ़ू शत्रोहन के साथ अपने बीमार ससुर खेलावन को ई रिक्शा से दिखाने के लिए ईंटहा जा रहा था। तभी करीब 10 बजे रामगांव थाना क्षेत्र स्थित मुसल्लमपुर ग्राम पंचायत के दरहिया पुरवा के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में मुन्ना लाल की मौके पर ही मौत हो गई वही शत्रोहन व खेलावन घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र महसी भेजा जहां पर चिकित्सक ने परीक्षण के शत्रोहन को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी रामगांव गुरुसेन ने बताया कि हादसे में दो लोगों की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कार्यवाही की जा रही है।

### ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल

**बहराइच, अमृत विचार :** रामगांव इलाके में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। पुलिस ने दोनो को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है। जहां पर एक युवक की हालत गंभीर बनी है। राघवजोत ग्राम के रहने वाले अनुपम के पिता रामचंद्र की तीन दिन पहले बीमारी से मौत हो गई थी। गुरुवार को उनका तीजा था, जिसके लिए अनुपम अपने मामा बलराम के साथ बाइक से पंडित को बुलाने जा रहे थे। तभी एक ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो को इलाज के लिए अस्पताल भेजा जहां पर बलराम की हालत गंभीर बनी हुई है रामगांव थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### चनैनी गांव में फिर दिखा बाघ, लोग दहशत में

**नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार :** एक सप्ताह बाद फिर चनैनी गांव के पास बाघ दिखने से लोगों में दहशत व्याप्त हो गयी। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के साथ हांका लगाकर गोला दाग कर उसे जंगल की ओर भगाया। विगत गुरुवार को नवाबगंज थाना क्षेत्र के चनैनी गांव में बाघ ने दो लोगों को हमला कर घायल कर दिया था। गुरुवार शाम करीब 4:30 बजे के करीब बाघ दोबारा गांव के बाहर एक सागौन के बाग में महिला को दिखाई दिया। महिला के शोर मचाने पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए, और वन विभाग की टीम को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे अब्दुल्लागंज वन रेंज के डिप्टी रेंजर शंभू नाथ यादव वन दरोगा शुभम सिंह, वन दरोगा मनोज तिवारी, वनरक्षक सुरेश कुमार, की टीम ने ग्रामीणों के साथ मिलकर हांका लगाया और गोले दागे।

## बिना परमिट काटे दो आम के पेड़

**नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार :** ग्राम समाज की भूमि पर लगे दो आम के पेड़ बिना परमिट के वन माफिया ने काट डाले। क्षेत्रीय लेखपाल ने थाने में तहरीर है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जलालपुर के मजरा बंवहरिया में निर्माणाधीन पानी टंकी के परिसर में आम और सागौन के एक दर्जन पेड़ लगे हुए हैं। गुरुवार को वन माफिया पेड़ों की कटान कर रहे थे। दो आम के पेड़ों को वन माफिया ने काट डाला। इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस व वन विभाग को दी। पुलिस ने कटान रुकवा दी। लेखपाल पुष्पा देवी ने बताया कि ठेकेदार के खिलाफ तहरीर दी गई है।



जरवल रोड में निकाली गयी श्रीरामजानकी शोभायात्रा। ● अमृत विचार

### निकाली गयी श्रीराम की शोभा यात्रा

**जरवल रोड, बहराइच, अमृत विचार :** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के अयोध्या धाम स्थित मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के द्वितीय पाटोत्सव के शुभ अवसर पर हिंदू युवा समिति के तत्वावधान में गुरुवार को राम शोभा यात्रा एवं जागरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचीन शिव मंदिर परिसर से भव्य राम शोभा यात्रा के साथ हुआ। शोभा यात्रा में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता एवं हनुमान जी की सुसज्जित एवं मनोहारी झांकियां शामिल रहीं। कार्यक्रम में हिंदू युवा समिति के अध्यक्ष नमन गुप्ता के नेतृत्व में सन्नू शुक्ला, आदित्य श्रीवास्तव, आकाश, सौरभ गुप्ता, विष्णु कश्यप, अमन सोनी, मयंक पटवा, वंश यज्ञ सैनी, सार्थक, रामकृष्ण रितेश कन्नौजिया सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## फंदे से लटकता मिला महिला का शव

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला का शव छत के कुंडे से फंदे में लटका पाया गया। पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इकौना थाना क्षेत्र के कस्बा इकौना स्थित मोहल्ला कबीर नगर निवासी मीरा (26) पत्नी हरीश कश्यप का शव संदिग्ध परिस्थितियों में गुरुवार सुबह घर के अंदर छत के कुंडे से फंदे में लटका मिला। सुबह सोकर उठे बच्चे कमरे में झांकी मां का शव लटका देख रोने चिल्लाने लगे। बच्चों के रोने की आवाज सुनकर दूसरे कमरे में सोए पति व घर के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़ा तो महिला का शव फंदे से लटक रहा था।

## निधन के पांचवें दिन ओमान से गांव पहुंचा शव

**जरवल रोड, बहराइच, अमृत विचार :** ओमान में कार्यरत एक युवक का निधन हो गया। ग्राम अटठैसा रसूलपुर निजामी निवासी सचिन गुप्ता (23 वर्ष) पुत्र राम नारायण गुप्ता जो ओमान में खिमजी रामदास कंपनी के सुपरवाइजर पद पर कार्यरत थे, उनके आकस्मिक निधन के पांचवें दिन ओमान से शव गांव पहुंचा। गुरुवार को अंत्येष्टि की गयी।

पांच दिनों से बेटे के अंतिम दर्शन की प्रतीक्षा कर रहे परिजनों का धैर्य शव पहुंचते ही टूट गया। गांव में शोक का सन्नाटा पसरा रहा। अंतिम यात्रा में हजारों की संख्या में ग्रामीण, रिश्तेदार व शुभचिंतक शामिल हुए। श्मशान घाट पर करुण दृश्य उपस्थित रहा और हर आंख नम थी। परिजनों के अनुसार निधन से पूर्व बीती रात परिवार से उनकी व्हाट्सएप कॉल पर बातचीत हुई थी। हाल ही में 13 दिसंबर को उनकी पदोन्नति सुपरवाइजर पद पर हुई थी, वेतन बढ़ने से वह बेहद खुश थे। दुखद घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

## ट्रक की टक्कर से पिकअप चालक की गयी जान

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** बौद्ध परिपथ स्थित दूबे दो नक्का के निकट बुधवार देर रात ट्रक ने पिकअप को टक्कर मार दी। घटना में गंभीर रूप से घायल पिकअप चालक को सीएचसी इकौना ले जाया गया। वहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है।

नवीन मॉडर्न थाना कटरा ग्राम खरगौराबस्ती निवासी रमेश कुमार पाठक (46) पुत्र रामनरायन पाठक बुधवार देर रात पिकअप लेकर कटरा बाजार से इकौना जा रहा था। इसी बीच इकौना की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक की में बौद्ध परिपथ दूबे दोनक्का के पास पिकअप से आमने सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद पिकअप अनियंत्रित होकर खड्ड में पलट गई। इससे चालक रमेश कुमार पाठक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची कटरा पुलिस ने एम्बूलेंस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इकौना पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कटरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया। वहीं घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भागने में सफल रहा।

## 10 पीआरवी वाहन थानों को आवंटित

**बहराइच, अमृत विचार :** जनपद नववर्ष पर पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न पुलिस थानों को 10 आधुनिक पुलिस रिस्पॉन्स वाहन (पीआरवी) को पुलिस लाइन से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने बताया कि जीपीएस सिस्टम से लैस यह वाहन जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों यथा थाना कोतवाली नगर, थाना कोतवाली देहात, थाना रिसिया, थाना फखरपुर, थाना कोतवाली नानपारा, थाना खैरीघाट, थाना हरदी, थाना मोतीपुर, थाना जरवल रोड, थाना रामगांव में तैनात किए जा रहे हैं, जो 112 इमरजेंसी हेल्पलाइन पर प्राप्त कॉल्स पर मात्र कुछ मिनटों में घटनास्थल पर पहुंचेंगे।

## अटल विद्यालय में प्रवेश को आवेदन प्रक्रिया शुरू

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** गोंडा जिले के मनकापुर क्षेत्र के सिसवा गांव स्थित अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। यहां कक्षा-छह में 160 सीट (80 बालक व 80 बालिकाओं) तथा कक्षा नौ में उपलब्ध कुल-61 सीट (31 बालक तथा 30 बालिकाओं) के प्रवेश के लिए पात्र अभ्यर्थियों से ऑफलाइन व ऑनलाइन आवेदन लिए जा रहे हैं।

यह जानकारी देते हुए सहायक श्रमायुक्त सन्तपाल ने बताया कि कक्षा छह के लिए प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों का जन्म दिनांक 01 मई 2014 से पहले व 31 जुलाई 2016 के बाद नहीं होना चाहिए। वहीं कक्षा नौ के लिए प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों का जन्म 01 मई 2011 से पूर्व व 31 जुलाई 2013 के बाद नहीं होना चाहिए। जिले के सभी अनाथ (निराश्रित एवं कोविड 19 से प्रभावित) अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं निर्माण श्रमिकों के अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र जिले के श्रम कार्यालय में निःशुल्क प्राप्त कर सकते है। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र सभी संलग्नकों सहित 31 जनवरी तक श्रम विभाग कार्यालय में जमा किए जाएंगे।

**सिटी डायरी**



साधुओं को कंबल प्रदान करते डीएम अश्विनी कुमार पांडेय। अमृत विचार

### डीएम ने साधु-संतों संग मनाया नव वर्ष

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** नववर्ष की सुबह गुरुवार को डीएम व अध्यक्ष रेडक्रॉस सोसायटी अश्विनी कुमार पांडेय ने जिले के साधु-संतों को कलेक्ट्रेट में आमंत्रित किया। यहां उन्हें कंबल वितरित कर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद भिनगा के दहाना स्थित वृद्धाश्रम पहुंचे डीएम ने बुजुर्गों को कंबल प्रदान किया। अध्यक्ष रेडक्रॉस व डीएम ने कहा कि नववर्ष से पूर्व रेडक्रॉस प्रबंध समिति ने साधु-संतों को कंबल वितरित करने की योजना बनाई थी। इसके तहत आज सभी साधु संतों को कंबल वितरण किया गया है। रेडक्रॉस आगे भी कंबल वितरित करेगा।



कार्यक्रम में सम्मानित किये गये लोग। अमृत विचार

### नववर्ष पर गोवंशों के लिए किया भंडारा

**बाबागंज, बहराइच, अमृत विचार :** नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार को ग्राम प्रधान सोरहिया ने अनोखे अंदाज में नूतन वर्ष की शुभकामनाएं दी। ग्राम प्रधान फौजदार वर्मा ने गौशाला में गो वंशों की पूजा के साथ नये साल 2026 के पहले दिन का स्वागत किया गया। गोवंशों के लिए मीठा दलिया, हरा चारा, गुड़, आदि का भंडारा आयोजित किया गया। छोटे बच्चे व अन्य लोग गाय के बछड़ों के साथ सेल्फी लेकर काफी खुश दिखे। इस अवसर पर पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी चौकी बाबागंज शिवेश कुमार शुक्ला, मनी राम शर्मा, राजकुमार शर्मा, शेर सिंह कसौधन, श्याम जी मिश्र, रुद्र प्रताप मिश्रा, जुनेद अंसारी, संजय वर्मा आदि मौजूद रहे।



मार्ग में जलभराव। अमृत विचार

### मार्ग पर जलभराव से परेशानी

**जमुनहा, श्रावस्ती, अमृत विचार :** ठंड का प्रकोप बढ़ने के साथ मौसम जनित बीमारियों का खतरा भी बढ़ा है। इसके बावजूद गांव में तैनात सफाई कर्मी उदासीनता बरत रहे हैं। गांवों में सफाई व्यवस्था बाधित है। वहीं ब्लाक व तहसील से लेकर जिला स्तर तक के कई अधिकारियों के आवास व कार्यालयों में सफाई कर्मियों को संबद्ध किया गया है। वहां यह कर्मचारी भोजन पकाने, गायों को चारा खिलाने व बागवानी सहित अन्य कार्य कर रहे हैं। ऐसे में गांवों की सफाई व्यवस्था बदहाल है। इसकी जानकारी के बाद भी अधिकारियों की खामोशी गांव में संक्रामक रोग का खतरा बढ़ा रही है।



एसएसबी के कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

### पदोन्नति समारोह

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** सशस्त्र सीमा बल की 62वीं वाहिनी में गुरुवार को पदोन्नति समारोह व नववर्ष पर बड़ा खाना का आयोजन किया गया। इस दौरान कमांडेंट अमरेन्द्र कुमार वरुण ने उप निरीक्षक (सामान्य) मुकेश लाल दास को निरीक्षक पद पर तथा सहायक उप निरीक्षक (संचार) कमल सिंह को उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान कर उनको बधाई दी। इसके बाद कमांडेंट ने उपस्थित अधिकारियों, जवानों एवं उनके परिजनों को नववर्ष की शुभकामना दी।

**प्रतियोगिता** राम प्यारे शिव शंकर क्रिकेट टूर्नामेंट, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बने मैन ऑफ द टूर्नामेंट सम्राट तिवारी

# इशरत महमूद खान क्रिकेट क्लब ने जीता टूर्नामेंट का खिताब

**खैरीघाट, बहराइच, अमृत विचार :** जिला क्रिकेट एसोसिएशन बहराइच के तत्वावधान में आयोजित राम प्यारे शिव शंकर क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला राम प्यारे शिव शंकर इंटर कॉलेज शिवपुर के मैदान पर खेला गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राम निवास वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव इशरत महमूद खान रहे। गुरुवार के दिन इशरत महमूद खान क्रिकेट क्लब और पायनियर क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर इशरत महमूद खान क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। इशरत महमूद खान क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट पर 172 रन बनाए। पायनियर क्रिकेट क्लब 17.5 ओवर में 10 विकेट पर 105 रन ही बना सककी। इशरत महमूद खान क्रिकेट क्लब ने 50 रन से जीत दर्ज की। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सलमान अली को मैन ऑफ द मैच दिया गया। निर्णायक की भूमिका में अकील अहमद व आतिफ खान रहे तथा मैच का आंखों देखा हाल आदिल जमीर ने सुनाया। मैदान पर राशिद हुसैन खान, जुबेर फारूकी, चंदन, सुखदेव गुप्ता समेत क्रिकेट समर्थक मौजूद रहे।



अतिथियों के साथ विजेता खिलाड़ियों की टीम। ● अमृत विचार



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते समाजसेवी ओमप्रकाश मिश्र। ● अमृत विचार

### मैत्री क्रिकेट में रेलवे ने मारी बाजी

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** नव वर्ष पर आयोजित एक दिवसीय 'मैत्री क्रिकेट टूर्नामेंट में रेलवे "बी" ने तीन मैचों की सीरीज दो एक से जीत ली। गुरुवार को तीन मैचों की प्रतियोगिता का शुभारंभ समाजसेवी ओमप्रकाश मिश्रा ने किया। रेलवे बी टीम के कप्तान शनि शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी रेलवे की ए टीम निर्धारित ओवर में 87 रन ही बना सकी। रेलवे बी ने 5 विकेट शेष रहते ही जीत दर्ज कर ली।



अगर आपका मन साफ और पवित्र है, तो वही सबसे बड़ा तीर्थ है।
–संत रविदास



# सफलता भरी शुरुआत

भारत के रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र ने नव वर्ष का आरंभ उपलब्धियां हासिल करके की हैं, ये मात्र तकनीकी सफलताएं नहीं, बल्कि देश की बदलती सामरिक सोच और आत्मनिर्भरता का स्पष्ट संकेत हैं। एक ओर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने एक ही लॉन्चर से दो प्रलय मिसाइलें दागकर अपनी मारक क्षमता का प्रदर्शन किया, वहीं दूसरी ओर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने छोटे उपग्रह प्रक्षेपण के तीसरे चरण का सफल जमीनी परीक्षण कर अंतरिक्ष क्षेत्र में बड़ी छलांग लगाई। रक्षा और अंतरिक्ष—दोनों मोर्चों पर यह साल का समापन भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रलय मिसाइल को एक ही लॉन्च में दो अलग-अलग लक्ष्यों पर सटीक प्रहार करने की क्षमता के कारण बेहद कारगर हथियार माना जा रहा है। इसकी अनुमानित रेंज 150 से 500 किलोमीटर के बीच है और यह उच्च सटीकता के साथ दुश्मन के रणनीतिक ठिकानों को निशाना बना सकती है। युद्ध की स्थिति में 'डबल अटैक' क्षमता दुश्मन के एयरबेस, बंकरों, कमांड सेंटर और लॉजिस्टिक हब को एक साथ पंगु बनाने में निर्णायक साबित हो सकती है।

जब एक जगह पर हमला होता है और उसी समय दूसरे स्थान पर भी हो, तो दुश्मन को संभलने का मौका नहीं मिलता। यह तकनीक उसके प्रतिक्रिया समय को घटाती है और उसे रणनीति बनाने का अवसर नहीं देती। इस मिसाइल की यह खूबी इसे युद्ध की स्थिति में 'गेम चेंजर' बनाती है। प्रलय जो एक क्वासी-बैलिस्टिक मिसाइल है, यानी यह उड़ान के दौरान अपना रास्ता बदल सकती है और दुश्मन के रडार व एयर-डिफेंस सिस्टम को चकमा दे सकती है। चीन के पास डीएफ-सीरीज़ और पाकिस्तान के पास अब्दाली-नस्र जैसे हथियार हैं, लेकिन भारत की प्रलय आधुनिक युद्ध आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित स्वदेशी प्रणाली है। लिक्विड या तरल नोदक भरने में समय लगता है। इसमें ठोस ईंधन यानी सॉलिड प्रोपेलेंट का उपयोग इसे 'रेडी-टू-फायर' बनाता है, जिससे बहुत कम समय में लॉन्च संभव होता है। लांचिंग की यह तीव्रता और विशेष तकनीकी इंटरसेप्ट करना कठिन बनाती है और इसे विश्व की प्रभावशाली मिसाइल प्रणालियों की कतार में खड़ा करती है। हालिया परीक्षण संकेत देता है कि यह प्रणाली सेना के बेड़े में शामिल होने के लिये तैयार है, जिससे भारतीय सशस्त्र बलों की सामरिक ताकत बढ़ जाएगी।

यह उपलब्धि भारत की रक्षा नीति में एक सूक्ष्म, लेकिन स्पष्ट बदलाव का संकेत भी देती है। अब केवल रक्षात्मक क्षमता नहीं, बल्कि सटीक और सीमित आक्रामक प्रतिरोध पर जोर है। इसी कड़ी में इसरो द्वारा एसएसएलवी के तीसरे चरण का जमीनी परीक्षण भविष्य के लिए अत्यंत अहम है। एसएसएलवी भारत को छोटे उपग्रहों के त्वरित और किफायती प्रक्षेपण में वैश्विक बाजार का बड़ा खिलाड़ी बना सकता है। रक्षा, संचार और आपदा प्रबंधन के लिए छोटे उपग्रहों की बढ़ती मांग को देखते हुए यह सफलता रणनीतिक भी है। नए वर्ष में डीआरडीओ से हाइपरसोनिक, ड्रोन-रोधी और उन्नत वायु-रक्षा प्रणालियों पर प्रगति की उम्मीद है, वहीं इसरो गगनयान, नए लॉन्च वाहनों और व्यावसायिक मिशनों में आगे बढ़ सकता है।

## प्रसंगवश

# हिंदी के दो लाख नए शब्द गढ़ने वाले आचार्य रघुवीर

वर्तमान समय में हिंदी की गणना विश्व की समृद्ध भाषाओं में की जाती है। हिंदी विश्व की सर्वाधिक बोली जाने बाली तीसरी भाषा बन गई है। आज हिंदी पूरे विश्व में पढ़ी और पढ़ाई जाती है। हिंदी भाषा को इस महत्वपूर्ण स्थान तक पहुंचाने के लिए हिंदी के अनेक भाषाविदों ने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। आचार्य रघुवीर की गणना हिंदी के इन्ही अग्रणी विद्वानों और भाषाविदों में की जाती है। वे संस्कृत, हिंदी और अंग्रेजी के प्रकांड विद्वान थे।

संस्कृत भारत की ही नहीं, विश्व की समस्त भाषाओं की जननी है। इसे सप्रमाण सिद्ध करने वाले आचार्य रघुवीर की गणना संस्कृत और हिंदी के अग्रणी विद्वानों में की जाती है। उनका जन्म रावलपिंडी में हुआ था। वर्तमान समय में रावलपिंडी हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान में है। इनके पिता मुंशी राम जी एक विद्यालय में प्राचार्य थे। उनकी माता जयावती एक धर्मपरायण महिला थीं। घर का वातावरण धार्मिक और सादगीपूर्ण था।



सुरेश बाबू मिश्रा
साहित्यकार

अपने छात्र जीवन से ही रघुवीर संस्कृत एवं अंग्रेजी में कविता लिखने लगे। सभी भाषाओं के बारे में अधिक से अधिक जानने की उनके मन में गहरी जिज्ञासा थी और वे हर भाषा के व्याकरण को गहराई से समझने का प्रयत्न करते थे। संस्कृत भाषा के विद्वान एवं व्याकरण के आचार्य पाणिनी का जन्म रावलपिंडी के निकट शालापुर ग्राम में हुआ था। रघुवीर जी का व्याकरण के प्रति अतिशय प्रेम देखकर इनके गुरुजन समझ गए कि यह बालक पाणिनी के कार्यों को ही आगे बढ़ाएगा। अगर आचार्य रघुवीर को आधुनिक पाणिनी कहा जाए तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

प्राथमिक शिक्षा के बाद रघुवीर जी ने लाहौर के डीएवी विद्यालय से संस्कृत में एमए किया। अब तक वे अंग्रेजी, हिंदी, अरबी, फारसी, मराठी, बंगला, तमिल, तेलुगु, पंजाबी, रूसी तथा जापानी भाषा में अत्यंत निपुण हो चुके थे। अब अजमेर आकर उन्होंने महर्षि दयानंद की अष्टाध्यायी का संपादन किया। 1925 में आचार्य रघुवीर का विवाह हुआ। 1928 में लंदन विश्वविद्यालय से पीएचडी कर वे लाहौर में ही संस्कृत के प्राध्यापक हो गये। अध्यापन के साथ ही वे स्वतंत्रता आंदोलन में भी सक्रिय हुए और 'हिंदू रक्षक संघ' की स्थापना की। 1942 में वे सीपी एंड बरार से संविधान सभा के सदस्य बने तथा 1949-50 तक इस पद पर रहे। उनकी योग्यता देखकर कांग्रेस ने 1952 से 62 तक उन्हें राज्यसभा में सांसद बनाया।

उन्होंने विश्व भर से अनेक भाषाओं में उपलब्ध महाभारत तथा रामायण ग्रंथों की पांडुलिपियों को एकत्र कर वृहत् शोध किया। उन्होंने इंडोनेशिया के जावा द्वीप में जोग्या नगर के पास स्थित मंदिरों पर उत्कीर्ण रामकथा के चित्रों को भी संकलित किया। विलुप्त हो चुके संस्कृत एवं भारतीय साहित्य को एकत्र करने के लिए उन्होंने 1934, 46 और 56 में क्रमशः लाहौर, नागपुर और दिल्ली में 'सरस्वती विहार' की स्थापना की।आचार्य जी ने हिंदी भाषा में दो लाख नये शब्द गढ़े। उनकी योजना 20 लाख नये शब्द बनाने की थी; पर उनके असमय निधन से यह काम रुक गया। उन्होंने जो शब्दकोश बनाया, वह आज भी हिंदी में मानक कोश माना जाता है।

1962 में चीन के आक्रमण के समय शासन की नीति से नाराज होकर उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी। इसके बाद वे भारतीय जनसंघ से जुड़े और उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। 1963 में उपचुनाव के समय जब वे डॉ. राममनोहर लोहिया के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित कर लौट रहे थे, तो 14 मई को कानपुर के पास हुई वाहन दुर्घटना में उनका देहांत हो गया।

# जब बेअसर हो जाए ग्रेप पाबंदी भी





पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

इसे स्वास्थ्य का आपातकाल कहा जा सकता है, 13 दिसंबर को ग्रेप-4 लागू हो गया, अर्थात अभी तक सांसों में जहर भरने के जो संभावित कारण कहे जाते थे, सभी पर सख्ती से पाबंदी, उसके बावजूद 31 दिसंबर की सुबह दिल्ली एनसीआर में वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 से पार था। जाहिर है कि या तो हम वायु प्रदूषण के असली कारणों का आकलन नहीं कर पा रहे या फिर ऐसे कड़े कदम उठाने से बच रहे हैं, जिससे हालात सुधारे जा सकें। बारीकी से देखें तो साफ होता है कि हमारा सारा ध्यान बढ़ गए प्रदूषण को काम करने में अधिक है, जबकि सारे तंत्र को प्रदूषण कम हो, इसके लिए काम करना होगा। दुर्भाग्य है कि सरकारी प्रक्रिया, ऊपर से नल खोल कर नीचे पोंछा लगा कर फर्श सुखाने की कवायद से अधिक नहीं है।

लगता है सब रस्म अदायगी है, दीवाली के साथ ही अदालत डांटने लगती है। सरकार विज्ञापन देने लगती है और अस्पतालों में बीमारों की भीड़ बढ़ जाती है। आंकड़ों कि बौछार होती है कि जहरीली हवा किस तरह सांस, दिल, हड्डी से ले कर मानसिक रोग तक का कारण बन रही है। हालांकि दिल्ली समग्र राजधानी क्षेत्र में बरसात के कुछ दिनों को छोड़ कर पूरे साल ही हवा में इतना जहर होता है कि न केवल इंसान की आयु रेखा छोटी होती है, बल्कि ढेर सारी बीमारियों के फेर में उसकी जेब में भी छेद होता है।

दिल्ली वायु प्रदूषण से निबटने के असफल प्रयोगों का स्मारक बन कर रह गई है। जैसे-जैसे इलाज तलाशते हैं मर्ज गहराता जाता है। समझ लें जब कोई कंटक 'सुरसा मुख' सा विशाल बन कर रास्ता रोके तो हनुमान को लघु रूप में ही उसका संहार करना होता है। सरकार बड़ी-बड़ी रिपोर्ट, वैज्ञानिक और मशीनों में हवा साफ करने का निदान तलाश रही है, जबकि असल में इससे पार पाने के लिए महज सशक्त इच्छा शक्ति ही चाहिए।

जिस दिन यह बात समझ आ जाएगी कि दिल्ली-एनसीआर को गैस चेंबर में तब्दील होने का सबसे बड़ा कारण सड़कों पर राज करते वाहन हैं और इसके पीछे यहां बढ़ती आबादी या दूरस्थ अंचलों से दिल्ली की तरफ हो रहे तेजी से पलायन है, समस्या के निदान का रास्ता खुल जाएगा। हम एक तरफ दिल्ली-एनसीआर का विस्तार करते जा रहे हैं, दूसरा, यहां नए-नए दफ्तर, उद्योग के लिए रास्ते खोल रहे हैं, तीसरा, बगैर मूलभूत सुविधा के सस्ते श्रम और मजबूरी के परिवहन की बस्तियां बढ़ा रहे है। फिर सड़कों पर वाहनों की बेतहाशा संख्या से जाम लगता है, तो उत्सर्जित जहर और गहरा होता जाता है।

कोई दो दशक पहले दिल्ली को काले धुएं से निजात दिलवाने के लिए जिस सीएनजी को राम-बाण के रूप में स्थापित किया गया था, अब वही ईंधन से उपजी नाइट्रोजन ऑक्साइड सबसे अधिक प्रदूषण का कारक है। दिल्ली में कुल नाइट्रोजन ऑक्साइड प्रदूषण का लगभग 81% हिस्सा अकेले परिवहन क्षेत्र (वाहनों) से आता है। फिर सड़कों पर सम-विषम वाहन का प्रयोग हुआ। समर्थ लोगों ने दो-तीन गाड़ियां खरीद कर घर के बाहर जमा कर लीं। फिर वैज्ञानिकों ने भी बता दिया कि इसका कोई लाभ नहीं हुआ।

अगला साल था स्माग टॉवर के नाम। करोड़ों खर्च हुए। उसके 57 करोड़ के विज्ञापन छप गए, लेकिन कुछ ही महीनों में वे बेअसर कबाड़ बन गए। लाख मना करने के बावजूद दिल्ली पर नकली बरसात के प्रयोग पर खर्च किया गया। इस साल चुनिंदा सड़कों पर बिजली के खंभों पर पानी के फव्वारे लगा दिए गए। उनके संचालन की लागत का कोई हिसाब नहीं, लेकिन आंकड़े बानगी हैं कि जहर होती हवा पर इसका कोई खास असर नहीं है। अब वैज्ञानिकों की कमेटियां बन रही हैं, लेकिन समझना होगा कि वैज्ञानिक बढ़ रहे जहर से निजात के सुझाव दे सकते हैं, जबकि वास्तविक समस्या जहर बनने से रोकना या काम करना है।

आखिर इतने प्रयोग असफल क्यों होते हैं? इसे समझना कोई जटिल विज्ञान नहीं हैं। दिल्ली के सर्वाधिक जहरीले इलाके में से एक आनंद विहार रेलवे स्टेशन के सामने देखें। दिलशाद गार्डन की तरफ से कोई दो किलोमीटर लंबे फ्लाई ओवर से जब तेजी से आता ट्रैफिक, चार लेन की इस सड़क पर आता है, तो उनके लिए महज एक लेन बकाया रहती है। पटरी बाजार, तिपहिया, बैटरी रिक्शा और फिर बसें, सड़क पर ही डेरा डाले रहती हैं। फिर वहां एक वाहन पानी छिड़ता रहता है और वह यदि इस बची एक लेन में आ गया तो सारा यातायात ठप्प। समझ लें यह सब हर दिन के हजारों-लाखों की अवैध वसूली का परिणाम हैं कि यहां उपज रहे जहर के कारकों पर कोई हाथ नहीं डालता। दिल्ली के लगभग सभी मेट्रो स्टेशन के बाहर लगभग यही स्थिति रहती है।

दिल्ली में तो फिर भी कुछ कड़ाई है, लेकिन दिल्ली की सीमा से शून्य किलोमीटर दूर ज्ञानी बॉर्डर कहलाने वाली जीटी रोड पर सारे दिन कोई दस हजार ट्रक चलते रहते हैं। यहां सड़कें ही नहीं, पूरा आसमान धूल के गुबार से ढका रहता है। एम्स के आगे अरविंदो मार्ग पर गौतम नगर से ग्रीन पार्क तक सड़क पर ही अधिकृत पार्किंग की फीस वसूली जाती है। भले ही वाहनों के चलने के लिए सड़क बचे नहीं। रिंग रोड पर भीकाजी कामा पैलेस से सफदरजंग अस्पताल तक फ्लाई ओवर खत्म होते ही बस स्टैंड और हर बस का स्टैंड से कम से कम दस फुट दूर खड़ा होना पूरे दिन जाम उपजाता है।

बसंत कुंज में दो किलोमीटर के दायरे में कोई 45 स्कूल हैं, जहां बच्चे 300 से अधिक बसों और उससे दुगनी और तिगुनी निजी गाड़ियों से आते हैं। इन सभी स्कूल्स के खुलने और बंद होने का समय लगभग एक है। सो सुबह और दिन में कई-कई घंटे यहां यातायात की आपा-धापी आम बात है। यह थोड़े से उदाहरण हैं। गाजियाबाद, नोएडा, फरीदाबाद या गुरुग्राम में तो और बदतर हाल हैं। इस बार दिल्ली सरकार ने कार्यालयों के खुलने-बंद होने के समय में बदलाव का प्रयोग तो किया, लेकिन उसका वांछित प्रभाव दिखा नहीं।

31 दिसंबर की सुबह दिल्ली एनसीआर में वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 के पार था। जाहिर है कि या तो हम वायु प्रदूषण के असली कारणों का आकलन नहीं कर पा रहे या फिर ऐसे कड़े कदम उठाने से बच रहे हैं, जिससे हालात सुधारे जा सकें।

## आमने सामने



1996 में भारत के संसद से जनजाति क्षेत्र में स्वशासन स्थापित करने के उद्देश्य से पेसा एक्ट बनाया गया था। वर्तमान राज्य सरकार ने पेसा नियमावली को कैबिनेट से मंजूरी तो दी है, मगर इसे अब तक सार्वजनिक नहीं किया जाना उचित नहीं है।
–दीपक प्रकाश
बीजेपी सांसद

मैं पहले तो गठबंधन की पूरी सरकार को इस कानून के लिए बधाई देता हूं। कैबिनेट में जो चीजें पास हो जाती हैं, वह सार्वजनिक होता ही है। आखिर भाजपा को इतनी बेचैनी क्यों है? भाजपा इस मुद्दे पर लोगों में भ्रम और अफवाह फैला रही है।
–प्रदीप यादव
कांग्रेस के नेता



# चिप मैन्युफैक्चरिंग और साइबर शक्ति में भारत



रनबीर सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

चीन की क्विड प्रो क्वो पॉलिसी, अर्थात इस हाथ ले और उस हाथ दे, जिसके तहत विदेशी मल्टीनेशनल कंपनियों को चीन में टेक्नोलॉजी ट्रांसफर को बढ़ावा देने के लिए जॉइंट वेंचर बनाने का आदेश दिया गया है, लंबे समय से यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ़ अमेरिका (यूएस)-चीन आर्थिक दुश्मनी के केंद्र में रही है। जॉइंट वेंचर की ऑनरशिप लोकल चीनी फर्मों और विदेशी मल्टीनेशनल कंपनियों के बीच बंटी हुई है, इसलिए चीनी पार्टनर मैनेजमेंट और फैसले लेने में शामिल होते हैं, जिससे फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट के दूसरे तरीकों की तुलना में टेक्नोलॉजी ट्रांसफर ज़्यादा असरदार तरीके से हो सकता है।

2001 में वर्ल्ड ट्रेड आर्गेनाइजेशन में शामिल होने के बाद से चीन ने जॉइंट वेंचर को साफ तौर पर ज़रूरी नहीं बनाया है, फिर भी मल्टीनेशनल कंपनियों पर अंदर ही अंदर दबाव बना रहा। जैसा कि अमरीका के उच्च स्तर के कुछ अधिकारियों ने कहा, वॉलंटरी ही नई ज़रूरी चीज़ है। अमरीका के साइंस एंड टेक्नोलॉजी से संबंधित ऑफिस एवं नेशनल साइंस फाउंडेशन द्वारा कांग्रेस की समितियों के सामने सुनवाई की दो रिपोर्ट्स इस मामले में अमरीकी नजरिये को सही से पेश करती हैं।

स्ट्रेटेजिक उद्योगों के मामले में हरेक देश अपने तौर से एक एसेसमेंट करता है। भारत ने भी किया है। इनकी रिपोर्ट्स घोषणाओं के बाद से स्लो प्रोग्रेस दिखाने वाली अधिक प्रतीत हुई हैं। बढ़ती आर्थिक दुश्मनी के बीच, यूएस ने हाई-टेक इंडस्ट्रीज़ में चीन में बाहर जाने वाले फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट पर रोक लगा दी है। अमरीका 2022 का चिप्स और साइंस एक्ट इसका एक उदाहरण है, हालांकि यूएस फर्मों ने टेक्नोलॉजी लीक होने के खतरों के बावजूद, चीन के बड़े मार्केट और कम सैलरी तक पहुंचने के लिए अपनी मर्ज़ी से जॉइंट वेंचर किए। क्या जॉइंट वेंचर पर रोक लगाने का अभी भी कोई आर्थिक कारण है? अगर ऐसा है, तो क्या यूएस फर्मों ने सच में जॉइंट वेंचर के ज़रिए चीन को बहुत ज़्यादा टेक्नोलॉजी ट्रांसफर की?

इस बाबत की गई नई रिसर्च में मुख्य बात यह है कि यूएस मल्टीनेशनल कंपनियां अपने जॉइंट वेंचर फैसलों के दूसरी यूएस फर्मों पर पड़ने वाले बुरे असर की परवाह नहीं करतीं या उसे अपनाती नहीं हैं। अलग-अलग फर्मों के नज़रिए से, जॉइंट वेंचर बनाना फ़ायदेमंद है, क्योंकि उन्हें चीनी मार्केट तक पहुंच मिलती है और सैलरी कम होती है, हालांकि जॉइंट वेंचर के ज़रिए टेक्नोलॉजी ट्रांसफर करके, वे अपने चीनी पार्टनर को ज़्यादा प्रोडक्टिव बनाते हैं और फैलने से दूसरी चीनी फर्मों को इनडायरेक्टली फ़ायदा पहुंचाते हैं। समय के साथ, ग्लोबल कॉम्पिटिशन बढ़ता है, जिससे दूसरी यूएस फर्मों को नुकसान होता है।

हाई टेक और सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी में अमरीकी फर्मों ने 1970 आदि दशक के बाद से जिस तरह से ताइवान में अपना कारोबार स्थापित किया और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर हुआ, उससे ताइवान को जबरदस्त बढ़त अगले 20 सालों में मिली। इसकी बुनियाद पर ताईवानी फर्में अब सेमीकंडक्टर बिजनेस में अपना दबदबा पूरी दुनिया में कायम कर चुकी हैं। ये फर्में हज़ारों किस्म की चिप अरबों की संख्या में हर साल दुनिया भर में बेचती हैं।

इस परिदृश्य में भारत को अभी तक अमरीका ने उपेक्षित रखा और भारत ने भी इस उभरते स्ट्रेटेजिक उद्योग के प्रति ध्यान नहीं दिया। हम मुसीबत में नहीं हैं, परंतु बहुत पिछड़े हुए नज़र आते हैं। इस उद्योग में तीन से पांच साल से ही कुछ ध्यान गया है और नितांत स्वदेशी प्रयासों से हम अगले 10 वर्षों में शायद वर्ल्ड क्लास तो न हो पाएं, लेकिन कुछ मामलों में आत्मनिर्भर जरूर हो जाएंगे। फिर भी अति उन्नत चिप डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग और पैकेजिंग के स्तर पर इस टेक्नोलॉजी में हम उस समय तक पिछड़े रहेंगे, जब तक इस क्षेत्र में कम से कम 100 अरब रुपये का निवेश नहीं किया जाता।

ज्ञातव्य है कि चीन ने एक दशक पहले इसके लिए 19 खरब यूएस डॉलर का निवेश किया था। आज अमरीका की सिलिकॉन वैली, टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स और अमेरिकन माइक्रोडिवाइसेस जैसी कंपनियां चीन की सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री से डरने लगी हैं। इस उद्योग में खरबों रुपये का बिजनेस अब ताइवान, चीन, जापान और अमरीका के हाथ में है।

भारत इसमें शायद सौवें स्थान पर होगा। हमारे यहां सेमीकंडक्टर रिसर्च का स्तर अभी सौ में से बीसवें स्तर पर ही है। सिर्फ पॉलिसी बना कर ऊंची घोषणाएं करने और इस बाबत रिपोर्ट्स बनाने से काम नहीं चलता। सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए एक स्वस्थ ईको-सिस्टम बनाने से पहले डींग मारने के लिए अभी हमारे पास ऐसा कुछ नहीं है, जिसका नोटिस विश्व की बड़ी सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री या इन देशों के कॉमर्स विभाग ले पाएं। हम पहले से ही हाई टेक के ट्रांसफर के मामले में अमरीका की ट्रेड-वार्स से पीड़ित रहे हैं। सबसे बड़ी कमी है, रेयर अर्थ मैटेरियल्स को भारत में ढूंढना। इसे प्रॉसेस करना और हाई टेक प्लांट्स लगाना।

हमारे यहां सेमीकंडक्टर रिसर्च का स्तर अभी सौ में से बीसवें स्तर पर ही है। सिर्फ पॉलिसी बनाकर ऊंची घोषणाएं करने से काम नहीं चलता।

## सोशल फोरम

# बच्चों को चीजों की कीमत समझाने की जरूरत

बचपन में चित्रहार का इंतजार रहता था। पूरे सप्ताह दिन गिना करते थे। आज के ज़माने में, जब सब चीज़ें आपके मोबाइल और टीवी पर उपलब्ध हैं, तो किसी चीज़ का इंतजार करने की जरूरत ही नहीं रही, लेकिन उस इंतजार का एक अलग ही मज़ा था, उससे सीख भी मिलती थी और सहनशीलता (रेसिलिएंस) भी विकसित होती थी। पहले सब कुछ बहुत नेचुरल था। चीज़ें कम थीं, विकल्प बहुत ही सीमित थे, इसलिए ज़िंदगी बहुत ही सरल थी।



नीलेश गुप्ता
ब्लॉगर

डिप्रेशन, एंग्जायटी और मोटापा जैसी समस्याएं बच्चों में कभी देखने को नहीं मिलती थीं। आजकल हर चीज़ फिंगरटिप्स पर मौजूद है। यहां तक कि 10 मिनट डिलीवरी ऐप्स ने तो प्लानिंग की जरूरत भी खत्म कर दी है। जब चाहो, जहां चाहो, कुछ भी मंगवा सकते हो।

मोबाइल का असर सिर्फ मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर ही नहीं, बल्कि बच्चों की सामाजिक दक्षताओं (सोशल स्किल्स) पर भी पड़ रहा है। पहले शादी-पार्टियों में बच्चे आपस में बातें करते या छोटे-मोटे काम में मदद करते दिखते थे, लेकिन अब वे सिर्फ मोबाइल में व्यस्त रहते हैं। कई जगहों पर तो टेबल पर पिता मोबाइल पकड़े होते हैं और मां बच्चे के मुंह में खाना ठूंस रही होती हैं, जबकि बच्चा बिना ध्यान दिए बस मोबाइल स्क्रीन देखे जा रहा होता है। उसे तो यह भी नहीं पता कि वह क्या खा रहा है!

कुछ दिन पहले एक परिचित का फ़ोन आया। उनकी पोस्टिंग बाहर थी और उनकी पत्नी बच्चे की पढ़ाई की वजह से कोटा में रुकी हुई थीं। वे पत्नी को कुछ दिनों के लिए अपनी पोस्टिंग वाली जगह बुलाना चाहते थे, लेकिन एक महीने के लिए बच्चे की पढ़ाई नहीं छुड़वा सकते थे। निर्णय लिया गया कि बच्चा एक महीने के लिए एक सेंटर में रहेगा। उस सेंटर ने लाइव CCTV एक्सेस माता-पिता को उपलब्ध करा रखा था। वे रोज़ अपने बच्चे को खाना खाते हुए देखते थे और बहुत खुश होते थे कि वह बिना मोबाइल देखे खाना खा रहा था। उनका कहना था कि उन्होंने अपने बच्चे को कभी बिना मोबाइल के खाते हुए नहीं देखा था! हमें तो इसका अंदाज़ा भी नहीं हुआ और न ही बच्चे ने कोई नखरे दिखाए।

जब सब चीज़ें बिना मांगे और बिना किसी प्रयास के मिलने लगती हैं, तो उनकी कद्र ही खत्म हो जाती है। तभी तो कहा जाता है- चाहे आपके पास कितना भी पैसा हो, बच्चों को थोड़ा अभाव में पालिए।

## सामयिकी

# 2026 रहेगा भारत का एआई इंपैक्ट वर्ष

भारत में एआई 2025 में तेज़ी से फैला। अब तक देश में एआई मार्केट लगभग 13 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है और 2030 तक 130 बिलियन डॉलर से अधिक होने की उम्मीद है। 2025 एआई का 'एक्सपेरिमेंटेशन' का साल था, जहां जनरेटिव एआई और चैटबॉट्स ने दुनिया को चौंकाया, लेकिन 2026 भारत में एआई का प्रोडक्शन, जवाबदेही और गवर्नेंस का साल होगा। एआई अब प्रयोगशाला से निकलकर क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर बन रहा है, जो बिजली, पानी या इंटरनेट जैसी ज़रूरी चीजों से जुड़ जाएगा। साथ ही कंपनियों और संस्थाओं की जिम्मेदारी होगी कि इसे सही ढंग से अपनाएं। सुरक्षित और नैतिक रूप से इस्तेमाल करें और आगे बढ़ें।

सरकार की इंडिया एआई मिशन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित India एआई इंपैक्ट समिट इस बदलाव का केंद्रबिंदु है। फरवरी 2026 में नई दिल्ली में होने वाला यह समिट का थीम 'प्यूपल, प्लैनेट और प्रगति' (लोग, ग्रह, प्रगति) के साथ होगा, जिसे हिंदी में 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के रूप में व्यक्त किया गया है। यह वैश्विक स्तर पर एआई को समावेशी, सुरक्षित और विकास-केंद्रित बनाने का मंच बनेगा, जहां G-20 देश, स्टार्टअप्स, नीति-निर्माता और शोधकर्ता मिलकर एआई की दिशा तय करेंगे। भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में वर्ष 2026 का दौर बहुत महत्वपूर्ण है। इंडिया एआई मिशन और आगामी इंडिया एआई इंपैक्ट समिट से सरकार ने एआई को समावेशी, सुरक्षित और विकास-केंद्रित बनाने का मजबूत लक्ष्य रखा है।



अंबिका अंबी
लेखिका

इंडिया एआई मिशन, भारत को वैश्विक एआई लीडर बनाने का मुख्य आधार है। इसका फोकस एआई को 'सभी के लिए' (एआई फॉर आल) बनाना है, खासकर स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, जलवायु परिवर्तन और शासन जैसे क्षेत्रों में। मुख्य लक्ष्य इस प्रकार हैंः उच्च-स्तरीय कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण करना। जिसमें 34,000+ GPUs (और बढ़ते हुए) के साथ शक्तिशाली एआई कंप्यूट संसाधन उपलब्ध कराना, ताकि स्टार्टअप्स, रिसर्चर्स और MSMEs सस्ती दर पर एआई मॉडल ट्रेन कर सकें।

स्वदेशी फाउंडेशनल मॉडल्स का विकास कर भारत-केंद्रित Large Multimodal Models (LMMs) और इंडियन भाषाओं/संदर्भों पर आधारित एआई मॉडल बनाना। डेटा उपलब्धता बढ़ाना, ताकि इंडिया आई डेटा सेट्स प्लेटफार्म (एआई Kosh) के जरिए उच्च-गुणवत्ता वाले नॉन-पर्सनल डेटासेट्स आसानी से उपलब्ध हो सके। टैलेंट और स्किल डेवलपमेंट करना, जिससे एआई फ्यूचर स्किल्स और फ्यूचर स्किल्स प्राइम जैसे कार्यक्रमों से लाखों युवाओं को एआई ट्रेनिंग दी जाए। NASSCOM के अनुसार, एआई टैलेंट 2027 तक दोगुना (12.5 लाख+) होने की उम्मीद है।

सामाजिक प्रभाव वाले एआई एप्लिकेशन्स को 30 से अधिक एआई प्रोजेक्ट्स स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और क्लाइमेट में लागू करना। नैतिक और जिम्मेदार एआई हो, जो India AI Governance Guidelines-2025 के तहत सात सिद्धांतों पर केंद्रित है, जिसमें AI Safety Institute भी शामिल है। भारत वैश्विक नेतृत्व प्रदान करेगा। 19-20 फरवरी 2026 को नई दिल्ली में होने वाला इंडिया एआई इंपैक्ट समिट G20 देशों, स्टार्टअप्स और नीति-निर्माताओं को एक मंच देगा। यह एआई को समावेशी और इंपैक्ट-फोकस्ड बनाने का वैश्विक केंद्र बनेगा। इन लक्ष्यों से एआई अब डिजिटल प्रयोग से आगे बढ़कर क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर (बिजली, पानी, इंटरनेट जैसा) बन रहा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

## खोज



## कार्ल ड्राइस- साइकिल के जनक

साइकिल मानव इतिहास का एक महत्वपूर्ण और उपयोगी आविष्कार है, जिसने परिवहन की दुनिया में क्रांति ला दी। साइकिल का प्रारंभिक आविष्कार जर्मनी के कार्ल ड्राइस ने वर्ष 1817 में किया था। उनकी बनाई गई साइकिल को ड्राइसिन या रनिंग मशीन कहा जाता था। इसमें पैडल नहीं होते थे और इसे पैरों से जमीन पर धक्का देकर चलाया जाता था। यह सरल साधन होने के बावजूद अपने समय में एक बड़ी उपलब्धि थी।

समय के साथ साइकिल में कई सुधार हुए। उन्नीसवीं सदी के मध्य में फ्रांस के आविष्कारकों ने इसमें पैडल जोड़े, जिससे इसे चलाना अधिक आसान और तेज हो गया। इसके बाद पहियों के आकार, संतुलन और सीट की बनावट में बदलाव किए गए। 1885 में जॉन केम्प स्टार्ले ने आधुनिक साइकिल जैसी संरचना विकसित की, जिसमें समान आकार के पहिए और चेन ड्राइव प्रणाली शामिल थी।

आज साइकिल केवल एक परिवहन साधन नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और खेल का भी महत्वपूर्ण माध्यम बन चुकी है। यह प्रदूषण रहित, सस्ती और सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए उपयोगी है। साइकिल का आविष्कार मानव की रचनात्मक सोच और सतत विकास का उत्कृष्ट उदाहरण है।

### वैज्ञानिक परिचय

कार्ल ड्राइस का पूरा नाम कार्ल फ्रेडरिक क्रिश्चियन लुडविग ड्राइस था। वे एक जर्मन आविष्कारक, इंजीनियर और बैरन थे, जिन्हें विश्व में साइकिल का जनक माना जाता है। उनका जन्म 29 अप्रैल 1785 को जर्मनी के कार्लजूए शहर में हुआ और उनका निधन 10 दिसंबर 1851 को हुआ।

कार्ल ड्राइस मूल रूप से वानिकी विभाग से जुड़े थे, लेकिन उनकी गहरी रुचि यांत्रिक आविष्कारों में थी। वर्ष 1817 में उन्होंने दो पहियों वाला एक नया वाहन बनाया, जिसे "ड्राइसिन" या "रनिंग मशीन" कहा गया। यह बिना पैडल की साइकिल थी, जिसे चलाने के लिए व्यक्ति पैरों से जमीन पर धक्का देता था। यह उस समय का एक क्रांतिकारी आविष्कार था, क्योंकि इससे घोड़ों पर निर्भरता कम करने की दिशा में कदम बढ़ा।



# चांद के सफर में आपका नाम

20 जुलाई, 1969 को अपोलो 11 की चांद पर लैंडिंग और नील आर्मस्ट्रांग का 'एक छोटा कदम' वाला डायलॉग, अभी भी रोंगटे खड़े कर देता है। भारत के चंद्रयान-3 ने 2023 में सॉफ्ट लैंडिंग करके साबित कर दिया कि हम भी इस रेस में हैं और अब 2026 आते-आते नासा का आर्टेमिस मिशन चांद पर वापसी की तैयारी कर चुका है। आर्टेमिस द्वितीय ने क्रूड ऑरबिट टेस्ट किया और आर्टेमिस तृतीय का लैंडिंग मिशन बस कोने पर है। चांद को छूने की हसरत हर किसी की होती है। पृथ्वी का एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह चांद, जिसका गुरुत्वाकर्षण समुद्र की लहरों को नियंत्रित करता है और जिसकी सतह पर पानी की खोज ने अंतरिक्ष अन्वेषण को नई दिशा दी है। आप भी अपना नाम भेजकर ऐतिहासिक पलों का हिस्सा बन सकते हैं। चंद्रमा पर अपना नाम भेजने का रोमांच तो वाकई अनोखा है। आइए, इस मिशन के बारे में विस्तार से जानते हैं।



डॉ. इरफान ह्यूमन
विज्ञान लेखक

## आर्टेमिस-द्वितीय मिशन

नासा की "अपना नाम चंद्रमा पर भेजो" पहल के तहत आर्टेमिस–द्वितीय मिशन के साथ आपका नाम ओरियन अंतरिक्ष यान पर एक डिजिटल चिप में चंद्रमा की यात्रा कर सकता है। यह एक तरह से आपकी मौजूदगी को चंद्रमा तक पहुंचाने का प्रतीकात्मक और रोमांचक तरीका है, भले ही आप शारीरिक रूप से वहां न जाएं। आपका नाम चंद्रमा के चारों ओर चक्कर लगाएगा, जो 1972 के बाद पहला मानवयुक्त चंद्र मिशन है। यह एक ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनने जैसा है। लाखों लोग दुनियाभर से अपने नाम भेज रहे हैं, जिससे यह एक वैश्विक उत्सव बन जाता है। आपका नाम उनमें शामिल होगा। खासकर बच्चों और युवाओं के लिए, यह अंतरिक्ष अन्वेषण के प्रति उत्साह जगाता है। सोचिए, आपका नाम गहरे अंतरिक्ष में, चंद्रमा के पास होगा। नासा का आर्टेमिस–द्वितीय मिशन चंद्रमा की ओर मानव अंतरिक्ष यात्रा को फिर से शुरू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आर्टेमिस कार्यक्रम के तहत यह दूसरा मिशन है, जो आर्टेमिस–प्रथम के बाद आता है, जो एक बिना चालक दल वाला परीक्षण उड़ान था। आर्टेमिस–द्वितीय पहला मानवयुक्त मिशन होगा, जो चंद्रमा के चारों ओर उड़ान भरेगा, लेकिन उतरेगा नहीं। यह मिशन नासा के स्पेस लॉन्च सिस्टम (एसएलएस) रॉकेट और ओरियन अंतरिक्ष यान की क्षमताओं को गहराई से अंतरिक्ष में परीक्षण करेगा।

### भविष्य की योजनाएं

आर्टेमिस–द्वितीय चंद्रमा पर लंबे समय तक मानव उपस्थिति स्थापित करने की दिशा में एक मील का पत्थर है। यह मिशन आर्टेमिस–तृतीय (2027 में चंद्रमा पर लैंडिंग) की नींव रखेगा, जहां दक्षिण ध्रुव पर दो अंतरिक्ष यात्री उतरेंगे। कार्यक्रम में वाणिज्यिक और अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों (जैसे ईएसए का यूरोपीय सर्विस मॉड्यूल) की भूमिका महत्वपूर्ण है। आर्टेमिस मिशन रोबोटिक रोवर्स, हैबिटेशन मॉड्यूल्स और मंगल यात्रा की तैयारी को बढ़ावा देंगे। नासा का यह प्रयास न केवल वैज्ञानिक खोज को बढ़ावा देगा, बल्कि वैश्विक सहयोग को मजबूत करेगा।

### रोमांचक क्षण

यह पहली क्रूड मिशन 50 साल बाद, जिसमें चार एस्ट्रोनॉट्स चंद्रमा के चारों ओर चक्कर लगाएंगे, आप भी इस रोमांच हिस्सा बन सकते हैं। कल्पना कीजिए, आपका नाम चंद्रमा के चारों ओर 2,30,000 मील की दूरी तय कर रहा है। यह आपको अंतरिक्ष यात्री जैसा महसूस कराता है। नासा का कहना है कि यह आर्टेमिस जेनेरेशन को प्रेरित करने के लिए है यानी नई पीढ़ी को विज्ञान और खोज की ओर आकर्षित करना।



### कब और कैसे

मिशन की लॉन्च तिथि अप्रैल 2026 निर्धारित है, हालांकि कुछ स्रोतों में 2026 की शुरुआत का उल्लेख है। यह फ्लोरिडा के नासा केनेडी स्पेस सेंटर से ब्लॉक 1 कॉन्फ़िगरेशन के एसएलएस रॉकेट पर उड़ान भरेगा। सितंबर, 2025 तक रॉकेट और ओरियन यान की असेंबली चलती रही है। इससे पूर्व मार्च 2025 में रॉकेट को वर्टिकल पोजीशन में लाया गया था और अगस्त 2025 में ओरियन स्टेज एडाप्टर पहुंचा। मिशन से पहले, मीडिया को इसके हार्डवेयर देखने का अवसर मिला।

### सिस्टम टेस्टिंग

ओरियन यान के जीवन समर्थन सिस्टम (जैसे ऑक्सीजन उत्पादन, कार्बन डाइऑक्साइड हटाना) को परीक्षण किया जाएगा, विशेष रूप से व्यायाम और नींद के दौरान।

### गहन अंतरिक्ष अनुसंधान

चालक दल सात मुख्य अनुसंधान क्षेत्रों पर काम करेंगे, जैसे नींद पैटर्न मॉनिटरिंग (रिस्टबैंड डिवाइस से), इम्यून सिस्टम प्रभाव (लार और रक्त नमूने से) और ऑर्गन–ऑन–ए–चिप तकनीक का उपयोग। यह डेटा भविष्य के चंद्रमा और मंगल मिशनों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा उपाय विकसित करने में मदद करेगा।

### लूनर साइंस

चालक दल चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव क्षेत्र की तैयारी के लिए प्रभाव क्रेटर, ज्वालामुखी और बर्फ पर रीयल–टाइम डेटा विश्लेषण करेंगे। ह्यूस्टन के जॉनसन स्पेस सेंटर में साइंस इवैल्यूएशन रूम से वैज्ञानिकों की टीम मार्गदर्शन देगी।

### क्यूबसैट्स

मिशन पर पांच अंतर्राष्ट्रीय क्यूबसैट्स (छोटे उपग्रह) उड़ेंगे, जो पृथ्वी कक्षा में विज्ञान प्रयोग और तकनीकी प्रदर्शन करेंगे। ये ओरियन से अलग होकर लॉन्च होंगे।

### नासा का महत्वाकांक्षी मिशन

आर्टेमिस–द्वितीय मिशन नासा का एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है, जो चंद्रमा पर मानवों को वापस लाने और अंततः मंगल ग्रह पर मिशनों की तैयारी करने का लक्ष्य रखता है। यह मिशन लगभग 10 दिनों का होगा, जिसमें चार अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा के चारों ओर एक फ्री–रिटर्न ट्रैजेक्टरी पर यात्रा करेंगे। यह 1972 में अपोलो 17 के बाद से पहला मानवयुक्त मिशन होगा, जो कम पृथ्वी कक्षा से परे जाएगा। मिशन का मुख्य उद्देश्य ओरियन यान के सभी सिस्टम्स को चालक दल के साथ गहन अंतरिक्ष वातावरण में सत्यापित करना है, जिसमें जीवन समर्थन प्रणाली, नेविगेशन और संचार शामिल हैं। आर्टेमिस–द्वितीय का चालक दल चार अंतरिक्ष यात्रियों से मिलकर बनेगा, जो विविधता का प्रतीक है। पहले कमांडर, जो नासा के रीड विसमैन हैं। यहीं से पायलट विक्टर ग्लोवर हैं, चंद्रमा यात्रा करने वाले पहले अश्वेत व्यक्ति होंगे। मिशन स्पेशलिस्ट नासा के ही क्रिस्टीना कोच होंगे, जो चंद्रमा यात्रा करने वाली पहली महिला होंगी। मिशन स्पेशलिस्ट कैनेडियन स्पेस एजेंसी की जेरेमी हैंसेन होंगे, जो चंद्रमा यात्रा करने वाले पहले गैर–अमेरिकी नागरिक होंगे। बैकअप क्रू में जेनी गिब्बन्स (कैनेडा) और एंड्रे डगलस (नासा) शामिल हैं। यह चयन 2020 के अमेरिका–कनाडा संधि के तहत किया गया है।

### इस तरह भेजें अपना नाम

इस मिशन में आप अंतिम तिथि 21 जनवरी, 2026 तक निःशुल्क भाग लेकर चंद्रमा पर अपना नाम भेज सकते हैं। इसके लिए नासा की आधिकारिक वेबसाइट https://www3.nasa.gov/send-yourname-with-artemis पर क्लिक करें। इसके बाद रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरें, जिसमें अपना प्रथम और द्वितीय नाम, पिनकोड डालकर सबमिट बटन पर क्लिक करें। नाम स्वीकृत होने पर आपको एक डाउनलोडेबल 'बोर्डिंग पास' मिलेगा। यह एक सर्टिफिकेट जैसा है, जिसमें आपका नाम मिशन के साथ दिखाया जाएगा, जिस पर क्लिक करके आप इसे डाउनलोड कर सकते हो। लॉन्च के समय आप इसकी लाइव स्ट्रीमिंग भी देख सकते हो। भविष्य का वादारू कल्पना कीजिए चांद पर कॉलोनी, हीलियम–3 से अनलिमिटेड एनर्जी या स्पेस टूरिज्म जहां आप वीकेंड पर चंद्रमा घूम आएं। स्पेसएक्स जैसे प्राइवेट प्लेयर्स (एलन मस्क की टीम) स्टारशिप से इसे रियलिटी बना रहे हैं। भारत का अगला चंद्रयान–4 भी सैंपल रिटर्न पर फोकस करेगा। ये सिर्फ साइंस नहीं, बल्कि ग्लोबल कोऑपरेशन का उदाहरण है–अमेरिका, यूरोप, जापान, भारत सब साथ में आर्टेमिस एकोड्स पर साइन कर चुके हैं।



## माउंट एवरेस्ट जितना एक चम्मच न्यूट्रॉन स्टार का भार

### वैज्ञानिक फैक्ट

न्यूट्रॉन तारों के बारे में आपने शायद सुना हो और अगर नहीं सुना, तो जानना और भी दिलचस्प है। न्यूट्रॉन तारा किसी अत्यंत विशाल तारे के सुपरनोवा (महाविस्फोट) के बाद उसके गुरुत्वीय पतन से बनने वाला अवशेष होता है। यह ब्रह्मांड की सबसे रहस्यमयी और घनी वस्तुओं में से एक है। न्यूट्रॉन तारे लगभग पूरी तरह न्यूट्रॉन कणों से बने होते हैं। इनका आकार अपेक्षाकृत बहुत छोटा लगभग एक शहर जितना होता है, लेकिन इनका द्रव्यमान सूर्य से भी अधिक हो सकता है। यही कारण है कि इनकी घनता कल्पना से परे होती है।

वैज्ञानिकों के अनुसार, न्यूट्रॉन तारे के पदार्थ का केवल एक चम्मच वजन लगभग 6 अरब टन (6 बिलियन टन) हो सकता है। इसे समझने के लिए एक उदाहरण लें– इतना भार लगभग पृथ्वी के सबसे ऊंचे पर्वत, माउंट एवरेस्ट के बराबर माना जाता है। इतनी अत्यधिक घनता के कारण न्यूट्रॉन तारों पर गुरुत्वाकर्षण असाधारण रूप से शक्तिशाली होता है। वहां भौतिकी के नियम भी हमारी पृथ्वी से बिल्कुल अलग तरह से काम करते हैं। यही वजह है कि न्यूट्रॉन तारे आज भी खगोल वैज्ञानिकों और भौतिकविदों के लिए शोध और जिज्ञासा का बड़ा विषय बने हुए हैं।

## रोचक किस्सा

## एमके-अल्ट्रा की छाया में एक वैज्ञानिक



जोस डेलगाडो की तरह ही रॉबर्ट जी. हीथ भी मानव मन के नियंत्रण और प्रभाव के क्षेत्र में सक्रिय थे, हालांकि उनका दृष्टिकोण अलग था। जहां डेलगाडो पर प्रभुत्व और नियंत्रण को लेकर जुनून का आरोप लगाया जाता है, वहीं हीथ का ध्यान मुख्यतः आनंद और पीड़ा से जुड़े मस्तिष्कीय रिसेप्टर्स पर केंद्रित था। न्यू ऑरलियन्स स्थित तुलाने विश्वविद्यालय में कार्य करते हुए, हीथ ने यह पाया कि मस्तिष्क में इलेक्ट्रोड प्रत्यारोपित कर वे लोगों में तीव्र आनंद की अनुभूति उत्पन्न कर सकते हैं। कुछ प्रयोगों में उन्होंने इलेक्ट्रोड के साथ एक पतली नली के माध्यम से एसिटाइलकोलाइन नामक रसायन सीधे मस्तिष्क में प्रवाहित किया। इसके परिणामस्वरूप प्रतिभागियों ने अत्यंत प्रबल सुखानुभूति की सूचना दी, जो कभी-कभी लंबे समय तक बनी रहती थी। इसके विपरीत, जब मस्तिष्क के दर्द से जुड़े केंद्रों को सक्रिय किया गया, तो कुछ व्यक्तियों को तीव्र पीड़ा का अनुभव हुआ। एक प्रतिभागी के शब्दों में-"यह मुझे पूरी तरह जकड़ लेता है, मैं असहनीय बेचैनी महसूस करता हूं।" हीथ के कार्यों को लेकर वर्षों से विवाद रहा है। कुछ शोधकर्ताओं और इतिहासकारों का मानना है कि उनका संबंध अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के कुख्यात 'एमके-अल्ट्रा' परियोजना से हो सकता है। यद्यपि इस संबंध को लेकर ठोस प्रमाण सीमित हैं, लेकिन उपलब्ध परिस्थितियों को देखते हुए इस धारणा को पूरी तरह नकारना भी आसान नहीं माना जाता। रॉबर्ट जी. हीथ का कार्य आज भी न्यूरोसाइंस के इतिहास में एक जटिल और विवादास्पद अध्याय के रूप में देखा जाता है, जहां वैज्ञानिक जिज्ञासा, नैतिकता और सत्ता की सीमाएं आपस में टकराती दिखाई देती हैं।

# सौर ऊर्जा से प्रदूषण को काबू करना संभव

सूर्य ऊर्जा का सबसे बड़ा स्त्रोत है और यह ऊर्जा का एक प्राकृतिक स्त्रोत भी है। सच तो यह है कि सौर ऊर्जा (अक्षय ऊर्जा) सूर्य से प्राप्त होने वाली प्राकृतिक तथा जिसका कभी क्षय नहीं होता और असीम ऊर्जा है। यह ऊर्जा न केवल हमारे पर्यावरण और पारिस्थितिकी के ही अनुकूल है, बल्कि भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने का सबसे विश्वसनीय साधन भी है। अक्षय ऊर्जा (रिनिवेबल एनर्जी) वे ऊर्जा स्रोत हैं, जो हमें प्रकृति से निरंतर रूप से प्राप्त होते हैं और कभी भी समाप्त नहीं होते हैं। इन्हें बार–बार इस्तेमाल किया जा सकता है, क्योंकि ये प्राकृतिक रूप से पुनः उत्पन्न हो जाती हैं। भौगोलिक दृष्टि से भारत दक्षिण एशिया या यूं कहें कि भारत मुख्यतः उत्तरी उष्णकटिबंधीय (ट्रॉपिकल) कटिबंधीय क्षेत्र में स्थित है। यही कारण है कि हमारे देश में सौर ऊर्जा की अपार संभावनाएं हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार देश में औसतन 300 से अधिक दिन सूर्य की रोशनी रहती है, जिससे बड़े पैमाने पर सौर बिजली उत्पादन संभव है।



सुनील कुमार महला
लेखक

भारत में सौर ऊर्जा (सोलर एनर्जी) को बढ़ावा देने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा कई सौर योजनाएं (सोलर स्कीम्स) चलाई जा रही हैं। इनका उद्देश्य अक्षय ऊर्जा को प्रोत्साहन देना, बिजली की कमी को दूर करना और प्रदूषण कम करना है। पिछले कुछ समय से सरकार ने 'राष्ट्रीय सौर मिशन' (2010) और 'कुसुम योजना' (2019), सौर छत योजना (ग्रिड कनेक्टेड रूफटोप सोलर स्कीम), सोलर पार्क योजना, सौर स्ट्रीट लाइट योजना, देशभर में रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन को आसान बनाने के लिए 'सरल पोर्टल' जैसी अनेक योजनाओं के माध्यम से किसानों और आम नागरिकों को सौर पैनल लगाने के लिए प्रोत्साहित किया है। आज सौर ऊर्जा से न केवल घरों और उद्योगों को बिजली मिल रही है, बल्कि गांवों में सिंचाई और रोशनी की व्यवस्था भी हो रही है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक सहयोग बढ़ाने के लिए भारत की पहल पर 2015 में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (इंटरनेशनल सोलर एलांयस) यानी कि आईएस का भी गठन किया गया है। भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है और हमारे देश की यह उपलब्धि भारत की अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से बढ़ती प्रगति का प्रतीक है।

आंकड़े बताते हैं कि वर्तमान में देश की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता लगभग 82 गीगावॉट से भी कहीं ज्यादा तक पहुंच चुकी है, जबकि 2014 में यह केवल 2.6 गीगावॉट थी। अन्य आंकड़े भारत की सौर



ऊर्जा क्षमता 125 गीगावॉट तक बताते हैं। इस तेज वृद्धि के साथ भारत अब चीन और अमेरिका के बाद तीसरे स्थान पर है। दरअसल सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक कुल विद्युत उत्पादन का 50 प्रतिशत हिस्सा अक्षय ऊर्जा स्रोतों से प्राप्त किया जाए। राजस्थान, गुजरात, तमिलनाडु, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश जैसे राज्य सौर ऊर्जा उत्पादन में अग्रणी हैं। भारत की यह उपलब्धि न केवल ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि यह जलवायु परिवर्तन से निपटने की वैश्विक प्रतिबद्धता को भी मजबूत बनाती है। यह उपलब्धि ऐसे दौर में हासिल हुई है, जब दुनियाभर में सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे कुल ऊर्जा में सौर ऊर्जा की हिस्सेदारी भी बढ़कर 8.8 फीसदी पहुंच गई है।

### सोलर एनर्जी के फायदे

सोलर एनर्जी का एक बड़ा फायदा यह भी है कि इससे देश को विदेशी ईंधन पर निर्भरता कम करने में मदद मिलती है और देश आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होता है। इतना ही नहीं, सोलर एनर्जी दूरदराज इलाकों में बिजली पहुंचाने का सस्ता और सरल तरीका है तथा इससे ग्रामीण विकास में मदद मिलती है। सोलर एनर्जी से जहां एक ओर रोजगार के अवसर पैदा होते हैं, वहीं दूसरी ओर बंजर जमीन पर सोलर प्लांट लगाकर उसे उपयोगी बनाया जा सकता है। इतना ही नहीं, सोलर एनर्जी में दीर्घकालिक निवेश (लॉन्ग टाइम इन्वेस्टमेंट) लाभ भी मिलता है। हालांकि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अभी भी हमारे देश को ग्रिड स्थिरता, भंडारण एकीकरण और वित्तीय व्यवहार्यता में गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन अच्छी बात यह है कि वर्ष 2018 की सौर ऊर्जा क्षमता 21.6 गीगावॉट से बढ़कर जून 2023 तक 70.10 गीगावॉट हो गई और भारत का लक्ष्य वर्ष 2030 तक 280 गीगावॉट सौर क्षमता प्राप्त करना है, जो उसके 500 गीगावॉट नवीकरणीय लक्ष्य का आधार होगा।

### कार्बन उत्सर्जन एक बड़ी समस्या

आज कार्बन उत्सर्जन एक बहुत बड़ी समस्या बनती चली जा रही है। ऐसे में कार्बन उत्सर्जन के संकट पर काबू पाने के लिए दुनियाभर में गैर–जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा पर जोर दिया जा रहा है और इस दिशा में हमारे देश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। गौरतलब है कि नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत सदैव नायाब पहलें करता रहा है और केंद्र सरकार की ओर से शुरू किए गए विभिन्न अभियानों ने इन प्रयासों को गति दी है, लेकिन इन तमाम प्रयासों के बावजूद देश की कुल ऊर्जा उत्पादन क्षमता में करीब–करीब आधी क्षमता की कोयला और गैस आधारित विद्युत परियोजनाएं हैं। कोयला और गैस आधारित परियोजनाएं कार्बन उत्सर्जन का मुख्य स्रोत हैं। इनसे भारी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य ग्रीनहाउस गैसें उत्सर्जित होती हैं। वायु प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग में इनका योगदान अत्यधिक होता है। वास्तव में, जैव विविधता और मानव स्वास्थ्य पर भी इनके नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं। स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा (सौर ऊर्जा) की ओर संक्रमण इन्हें कम करने का समाधान है। हालांकि आज भी सौर ऊर्जा क्षेत्र में अनेक चुनौतियां विद्यमान हैं। मसलन, सौर पैनलों की उच्च प्रारंभिक लागत निवेशकों के लिए बाधा बनती है। मौसम और जलवायु पर निर्भरता उत्पादन को अस्थिर बना देती है। पर्याप्त भूमि की कमी, खासकर शहरी क्षेत्रों में, विस्तार में रुकावट डालती है। सौर पैनलों का जीवनकाल और कार्यक्षमता धीरे–धीरे घटती है। ऊर्जा भंडारण (बैटरी) की लागत और क्षमता सीमित है। ग्रिड से कनेक्टिविटी और तकनीकी इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी समस्या पैदा करती है। उत्पादन और अपशिष्ट प्रबंधन में पर्यावरणीय चुनौतियां होती हैं। इतना ही नहीं, नीति और वित्तीय प्रोत्साहनों में असंगति निवेश को प्रभावित करती है। इन सभी के बीच आज जरूरत इस बात की है कि आवासीय प्रयोजन से सौर ऊर्जा के अधिकाधिक इस्तेमाल को प्रोत्साहित किया जाए तथा घरों में रूफटॉप सोलर का अपेक्षा के अनुरूप विस्तार पर बल दिया जाए।

## जंगल की दुनिया



## नदियों की मुस्कान इरावदी डॉल्फिन

इरावदी डॉल्फिन एक अत्यंत सुंदर और दुर्लभ जलीय स्तनपायी जीव है। यह मछली नहीं, बल्कि डॉल्फिन परिवार की सदस्य है और इसमें आंखें होती हैं, हालांकि इसकी आंखें अपेक्षाकृत छोटी होती हैं। यह प्रजाति वर्तमान में अति संकटापन्न (Endangered) श्रेणी में आती है। इरावदी डॉल्फिन की मुख्य रूप से दो प्रजातियां मानी जाती हैं– इरावदी डॉल्फिन और स्नब–फिन डॉल्फिन इस प्रजाति का नाम म्यांमार की प्रसिद्ध इरावदी नदी के नाम पर रखा गया है, क्योंकि यह नदी इनका प्रमुख प्राकृतिक आवास है। इरावदी नदी में ये डॉल्फिन बड़ी संख्या में पाई जाती हैं।

विश्व स्तर पर इरावदी डॉल्फिनों की कुल संख्या 7,500 से भी कम आंकी गई है। इनमें से लगभग 6,400 इरावदी डॉल्फिन बांग्लादेश में पाई जाती हैं, जो इस प्रजाति का सबसे बड़ा आवास क्षेत्र माना जाता है। पर्यटन और स्थानीय रोजगार से जुड़ी होने के कारण कंबोडिया में इरावदी डॉल्फिन को एक पवित्र जीव के रूप में भी सम्मान दिया जाता है। डॉल्फिन सामान्यतः दुनिया के सभी समुद्रों में पाई जाती हैं और भूमध्यसागर में इनकी संख्या सर्वाधिक मानी जाती है। पूरे विश्व में डॉल्फिन की लगभग 40 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से मीठे पानी की डॉल्फिन की चार प्रमुख प्रजातियां हैं।

भारत में मीठे पानी की डॉल्फिन को वर्ष 2009 में 'राष्ट्रीय जलीय जीव' घोषित किया गया। उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल में स्थानीय भाषा में इन्हें 'सूसु' या 'सूस' कहा जाता है। यह प्रजाति नदियों के पारिस्थितिक संतुलन की सेहत का महत्वपूर्ण संकेतक मानी जाती है।

## बिजनेस ब्रीफ

### इरेडा का ऋण वितरण 44 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) का अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान ऋण वितरण 44% बढ़कर 24,903 करोड़ रुपये रहा। इरेडा ने अप्रैल-दिसंबर 2024 में 17,236 करोड़ का ऋण वितरित किया था। कंपनी के अनुसार, समीक्षाधीन अवधि में स्वीकृत ऋण राशि 40,100 करोड़ रही जो एक वर्ष पहले के 31,087 करोड़ की तुलना में 29% की वृद्धि दर्शाती है। ऋण पुस्तिका 31 दिसंबर 2025 तक 87,975 करोड़ रही जो 31 दिसंबर 2024 के 68,960 करोड़ की तुलना में 28% अधिक है। इरेडा के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक प्रदीप दास ने इसकी पुष्टि की।

### बिजली खपत 7% बढ़कर 138.39 अरब यूनिट

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में ठंड से हीटर और गीजर जैसे उपकरणों के इस्तेमाल में बढ़ोतरी से दिसंबर में बिजली की खपत 7% बढ़कर 138.39 अरब यूनिट हो गई। एक साल पहले इसी अवधि में यह 129.39 अरब यूनिट थी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर में पूरी की गई अधिकतम बिजली मांग या अधिकतम आपूर्ति भी बढ़कर 241.20 गीगावाट हो गई, जबकि दिसंबर 2024 में यह 224.23 गीगावाट थी। बिजली की अधिकतम मांग मई 2024 में अब तक के उच्चतम स्तर 250 गीगावाट तक पहुंच गई थी। इससे पहले सितंबर 2023 में अधिकतम मांग का पिछला रिकॉर्ड 243.27 गीगावाट दर्ज किया गया था। ।

### गेहूं की बुवाई पूरी, फसल की स्थिति बेहतर: आयुक्त

**नई दिल्ली।** कृषि आयुक्त पीके सिंह ने गुरुवार को कहा कि देश में मौजूदा रबी सत्र के लिए गेहूं की बुवाई पूरी हो चुकी है और फसल की स्थिति बेहतर नजर आ रही है। चालू वर्ष 2025-26 की रबी (शीतकालीन) मौसम में 29 दिसंबर तक 3.23 करोड़ हेक्टेयर में गेहूं की बुवाई की गई। कृषि आयुक्त ने कहा कि बिहार के कुछ हिस्सों के अलावा देशभर में गेहूं की बुवाई पूरी हो चुकी है। कुल रकबा पिछले साल के स्तर तक पहुंच सकता है। बोए गए 73% से अधिक क्षेत्र में जलवायु-प्रतिरोधी और जैव-संरक्षित बीज की बुवाई की गई है जो मौसम की किसी भी गड़बड़ी का सामना करने में सहायक होंगी। समय पर और जल्दी बुवाई के कारण गेहूं की फसल की संभावनाएं उज्ज्वल हैं और वर्तमान में यह उत्कृष्ट स्थिति में है।

# एक फरवरी से तंबाकू उत्पाद हो जाएंगे महंगे

## तंबाकू पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क और पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क व पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर 1 फरवरी से लागू होंगे। वित्त मंत्रालय की ओर से 31 दिसंबर 2025 को जारी अधिसूचनाओं के अनुसार, तंबाकू और पान मसाला पर लगने वाले नए कर, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के अतिरिक्त होंगे। ये उस क्षतिपूर्ति उपकर का स्थान लेंगे जो वर्तमान में हानिकारक उत्पादों पर लगाया जा रहा है।

अधिसूचना के अनुसार, 1 फरवरी से पान मसाला, सिगरेट, तंबाकू और इस तरह के उत्पादों पर 40% जीएसटी लगेगा जबकि बीड़ी पर 18% जीएसटी है। पान मसाला पर स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर लगाया जाएगा जबकि तंबाकू एवं संबंधित उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगेगा। तंबाकू उत्पादों (तंबाकू, फिल्टर खैनी, जर्दा सुगंधित तंबाकू, गुटखा) के लिए एक नई एमआरपी-आधारित मूल्यांकन प्रणाली शुरू की गई है, जिसके तहत पैकेट पर घोषित खुदरा बिक्री मूल्य के आधार पर जीएसटी तय किया जाएगा। गुटखा पर 91%, चबाने वाले तंबाकू और जर्दा सुगंधित तंबाकू पर 82% अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगाया जाएगा। सिगरेट की लंबाई व फिल्टर के आधार पर प्रति 1,000 स्टिक पर 2,050 रुपये से लेकर 8,500 रुपये तक का कर लगेगा। उत्पाद शुल्क से प्राप्त धनराशि का पुनर्वितरण वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार राज्यों के बीच किया जाएगा।

केंद्र सरकार का कर राजस्व, विभाज्य निधि का हिस्सा है जिसका 41% राज्यों से साझा किया जाता है। पान मसाला उत्पादन इकाइयों की उत्पादन क्षमता पर स्वास्थ्य उपकर लगाया जाएगा। इससे प्राप्त राजस्व का एक हिस्सा स्वास्थ्य जागरूकता या अन्य स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के माध्यम से राज्यों से साझा किया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले महीने संसद में कहा था कि इस स्वास्थ्य उपकर का उद्देश्य राष्ट्रीय महत्व के दो क्षेत्रों, स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए समर्पित एवं अनुमानित संसाधन प्रवाह बनाना है।

पान मसाला, सिगरेट, चबाने वाला तंबाकू, सिगार, हुक्का, जर्दा और सुगंधित तंबाकू सहित सभी तंबाकू उत्पादों पर वर्तमान में 28 प्रतिशत जीएसटी और अलग-अलग दरों पर क्षतिपूर्ति उपकर लगाया जाता है। एक फरवरी से जीएसटी की दर बढ़कर 40 प्रतिशत हो जाएगी। साथ ही उत्पाद शुल्क एवं क्षतिपूर्ति उपकर भी लागू होगा। वित्त मंत्रालय ने चबाने वाले तंबाकू, जर्दा सुगंधित तंबाकू व गुटखा पैकिंग मशीन (क्षमता निर्धारण एवं शुल्क संग्रह) नियम, 2026 को भी बुधवार को अधिसूचित किए। संसद ने पान मसाला पर उपकर और तंबाकू पर उत्पाद शुल्क लगाने की पिछले महीने मंजूरी दे दी थी।

- तंबाकू उत्पादों पर 40 और बीड़ी पर 18 प्रतिशत लगेगा जीएसटी
- गुटखा पर 91, तंबाकू व जर्दा पर 82 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क




- सिगरेट की प्रति 1,000 स्टिक पर 2,050 से लेकर 8,500 रुपये तक लगेगा कर

### विनिर्माताओं को सीसीटीवी लगवाना और फुटेज दो साल तक रखना अनिवार्य

तंबाकू, जर्दा, सुगंधित तंबाकू और गुटखा बनाने वाली कंपनियों को 1 फरवरी से सभी पैकिंग मशीनों पर सीसीटीवी प्रणाली लगानी होगी और उसकी फुटेज को दो साल तक सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा। वित्त मंत्रालय द्वारा अधिसूचित तंबाकू (चबाने वाला), जर्दा, सुगंधित तंबाकू और गुटखा पैकिंग मशीन (क्षमता तय और शुल्क संग्रह) नियम के तहत यह प्रावधान किया गया है। यह नियम उन विनिर्माताओं पर लागू होंगे जो इन उत्पादों को पाउच में पैक करते हैं। हालांकि टिन के डिब्बों में इन उत्पादों की बिक्री करने वाली कंपनियों को आकलन मूल्य पर लागू शुल्क देना होगा। यदि कोई पैकिंग मशीन लगातार 15 दिनों तक बंद रहती है, तो विनिर्माता उत्पाद शुल्क में छूट का दावा कर सकता है।

### पान मसाला पर उपकर से रुकेगी कर चोरी

**नई दिल्ली।** पान मसाला विनिर्माण पर जीएसटी के साथ मशीन एवं क्षमता पर आधारित उपकर लगने से एक व्यापक कर ढांचा तैयार होगा, जिससे कर चोरी की पहचान होने के साथ राजस्व की सुरक्षा भी हो सकेगी। एक फरवरी से व्यवस्था में बदलाव करते हुए जीएसटी को पान मसाला के खुदरा बिक्री मूल्य (आरएसपी) के आधार पर लगाया जाएगा जबकि उपकर को विनिर्माता की स्थापित उत्पादन क्षमता के आधार पर वसूला जाएगा। जीएसटी और उपकर के जरिये मूल्य और क्षमता से जुड़े दो अलग-अलग डेटा समूह उपलब्ध होंगे। इन दोनों डेटा समूह का मिलान पान मसाला और धुआंरहित तंबाकू जैसे उन क्षेत्रों में कर चोरी की गुंजाइश को काफी हद तक कम करेगा।

## एनपीएस विस्तार से वाणिज्यिक बैंक शुरू कर सकेंगे पेंशन कोष

**नई दिल्ली।** पेंशन विनियामक ने अनुसूचित वाणिज्यक बैंकों को भी नई पेंशन योजना (एनपीएस) के अंतर्गत स्वतंत्र रूप से पेंशन कोष चलाने की छूट देने की तैयारी के साथ साथ एनएपीए के प्रोत्साहन के लिए प्रबंधनाधीन निधि का कुछ पैसा योजना के प्रचार प्रसार के लिए बिचौलिया इकाइयों की मदद को मंजूरी दी है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए ) ने वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) को पेंशन कोष शुरू करने की छूट के नियमों को मंजूर किया है।

प्रस्तावित नए नियमों के तहत से पीएफआरडीए के समग्र मार्गदर्शन के अंतर्गत समन्वित जागरूकता, पहुंच और वित्तीय-साक्षरता पहल का समर्थन करने के लिए एयूएम का 0.0025 प्रतिशत एनपीएस इंटरमीडियरीज -(बिचौलिया फर्मों) के संघ (एएनआई) को दिया जाएगा। पीएफआरडीए के नियामकीय सुधारों में वर्तमान बाधाओं को दूर करने का प्रयास किया गया है। अभी एनपीएस में बैंकों की भागीदारी सीमित थी। भारतीय रिजर्व बैंक के मानदंडों के अनुरूप मजबूत बैंकों को ही पेंशन फंड प्रायोजित करने की अनुमति होगी। वित्त मंत्रालय का कहना है कि विस्तृत मानदंड अलग से अधिसूचित किए जाएंगे और नये तथा वर्तमान दोनों पेंशन फंडों पर लागू होंगे।

- नए नियमों के तहत बिचौलिया फर्मों के संघ को दिया जाएगा एयूएम का 0.0025% हिस्सा

## बीएसएनएल ने देश के सभी सर्कलों में शुरू की वाई-फाई कॉलिंग सुविधा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने नव वर्ष पर पूरे देश में वॉयस ओवर वाई-फाई (वीओ वाई-फाई ) सेवा शुरू करने की घोषणा की है और इसके लिए किसी दूसरे एप के इस्तेमाल की जरूरत नहीं होगी। संचार मंत्रालय के अनुसार, देश की अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता सरकारी कंपनी बीएसएनएल की यह वाई-फाई कॉलिंग सुविधा देश के प्रत्येक दूरसंचार सर्कल में सभी बीएसएनएल ग्राहकों के लिए उपलब्ध हो गयी है।

बयान में कहा गया कि चुनौतीपूर्ण वातावरण में भी यह लोगों को निर्बाध और उच्च गुणवत्ता वाली संपर्क सुविधा सुनिश्चित करती है। वीओ वाई-फाई ग्राहकों को वाई-फाई नेटवर्क पर वॉयस कॉल और संदेश भेजने और प्राप्त करने की सुविधा देता है, जिससे घरों, कार्यालयों, बेसमेंट और दूरदराज के स्थानों जैसे कमजोर मोबाइल सिग्नल वाले क्षेत्रों में स्पष्ट और विश्वसनीय कनेक्टिविटी सुनिश्चित होती है। वीओ वाई-फाई आईएमएस-आधारित एक सेवा है जो वाई-फाई और मोबाइल नेटवर्क के बीच निर्बाध हस्तांतरण का समर्थन करती है।



- सुविधा के लिए किसी दूसरे एप के इस्तेमाल की जरूरत नहीं

इसमें कॉल ग्राहक के वर्तमान मोबाइल नंबर और फोन डायलर का उपयोग करके किए जाते हैं जिसके लिए तीसरे पक्ष के एप्लिकेशन की आवश्यकता नहीं होती है। मंत्रालय का कहना है कि यह सेवा ग्रामीण और दूरदराज के उन क्षेत्रों में विशेष रूप से लाभप्रद है जहां मोबाइल कवरेज सीमित होती है बशर्ते बीएसएनएल भारत फाइबर या किसी अन्य ब्रॉडबैंड सेवा जैसी एक स्थिर वाई-फाई कनेक्टिविटी उपलब्ध हो। वीओ वाई-फाई अधिकांश आधुनिक स्मार्टफ़ोन पर समर्थित है। ग्राहकों को अपने हैंडसेट की सेटिंग्स में वाई-फाई कॉलिंग को सक्षम (इनेबल) करना होगा। इस सुविधा के संबंध में कंपनी ने हेल्पलाइन नंबर- 18001503 की एक सुविधा भी प्रदान की है।

## गेल गैस ने सीएनजी, घरेलू पीएनजी की कीमतें घटाईं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

गेल गैस लिमिटेड ने गुरुवार को घरेलू रसोई गैस (पीएनजी) और सीएनजी की कीमतों में क्रमशः एक रुपये प्रति मानक घन मीटर और एक रुपये प्रति किलो की कटौती करने की घोषणा की। गैस कीमतों में कटौती का यह कदम पाइपलाइन शुल्क में हाल ही में किए गए समायोजन के बाद उठाया गया है।

एक दिन पहले ही शहरी गैस वितरक कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने दिल्ली और एनसीआर में घरेलू पीएनजी की कीमतों में 0.70 रुपये प्रति घन मीटर की कटौती की थी। थिंक गैस ने भी सीएनजी में 2.50 रुपये प्रति किलो और पीएनजी में पांच रुपये प्रति घन मीटर तक की कटौती की की थी। गेल इंडिया के पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी गेल गैस लिमिटेड ने कहा कि गैस की नई कीमतें गुरुवार से उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, झारखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान और ओडिशा में लागू हो गई हैं। कंपनी ने कहा कि पेट्रोलियम मंत्रालय और नियामक पीएनजीआरबी लगातार प्रगतिशील नीतिगत उपाय लागू कर रहे हैं, जो सीएनजी और घरेलू पीएनजी बाजार के विकास के लिए अनुकूल और वित्तीय रूप से स्थायी माहौल तैयार कर रहे हैं। पीएनजीआरबी ने पाइपलाइन के लिए युक्तिसंगत शुल्क संरचना की घोषणा की थी। 1 जनवरी से इसके प्रभावी होने से परिवहन सस्ता हो जाएगा।

- पाइपलाइन शुल्क में समायोजन के बाद कंपनी ने की कटौती

## वीआईएल पर 638 करोड़ का लगा जीएसटी जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) को अहमदाबाद के केंद्रीय माल एवं सेवा कर (जीएसटी) कार्यालय से 638 करोड़ रुपये के जुर्माने का आदेश मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वह इस आदेश से असहमत है और इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी। यह सूचना उस समय आई है जब कर्ज में डूबी कंपनी को बुधवार को अपने समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बकाया पर बड़ी राहत मिली है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को वीआईएल के बकाया को रोकने, भुगतान से पांच साल की मोहलत देने और सीमित एजीआर बकाया की पुनः समीक्षा करने का निर्णय लिया। बीएसई में दी गई सूचना में वोडाफोन आइडिया ने कहा कि केंद्रीय माल एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 74 के तहत आदेश जारी किया गया है, जिसमें 6,37,90,68,254 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसमें कर और ब्याज भी शामिल है। वोडाफोन आइडिया ने बताया कि यह आदेश अहमदाबाद के केंद्रीय माल एवं सेवा कर कार्यालय के सहायक आयुक्त द्वारा जारी किया गया और कंपनी को बुधवार को यह प्राप्त हुआ। कंपनी ने बताया कि यह आदेश कर को कम करने और इनपुट टैक्स क्रेडिट का अधिक लाभ उठाने के आरोप से संबंधित है।

- दूरसंचार कंपनी आदेश से असहमत, लेगी कानूनी मदद



# एलडीएफ-यूडीएफ खेल रहे नूरा-कुश्ती

## मोदी ने दोनों गठबंधनों पर निशाना साधा, तिरुवनंतपुरम में जीत को बताया ऐतिहासिक

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केरल के प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक गठबंधनों वाम लोकतान्त्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और संयुक्त लोकतान्त्रिक मोर्चा (यूडीएफ) पर नूरा-कुश्ती का खेल खेलने का आरोप लगाते हुए कहा कि तिरुवनंतपुरम नगर निगम में भाजपा की पहली जीत के बाद अब इस व्यवस्था का अंत होने जा रहा है। शहर के महापौर वीवी राजेश को लिखे पत्र में प्रधानमंत्री ने कहा कि तिरुवनंतपुरम नगर निगम में भाजपा की जीत ऐतिहासिक है। उन्होंने हाल में हुए स्थानीय निकाय चुनावों में केरल की राजधानी में पार्टी के सत्ता में आने पर राजेश और भाजपा नेताओं की सराहना की।

मोदी ने 30 दिसंबर को लिखे पत्र में कहा कि महापौर और उपमहापौर जीएस आशा नाथ के शपथ ग्रहण के साथ ही तिरुवनंतपुरम में इतिहास रच गया है। तिरुवनंतपुरम में पार्टी की सफलता इस बात का संकेत है कि केरल के लोग, विशेषकर युवा और महिलाएं एक नए सूर्योदय के लिए तैयार हैं। प्रधानमंत्री के अनुसार, भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) जनता के लिए ऐसे विकल्प के रूप में उभर रहा है, जो बहिष्कार रहित राष्ट्रवाद, भ्रष्टाचार रहित विकास और तुष्टीकरण रहित शासन की अवधारणा पर आधारित है। दिल्ली में मित्र और केरल में प्रतिद्वंद्वी होने का एलडीएफ और यूडीएफ की नूरा-कुश्ती का खेल अब खत्म होने वाला है। केरल उनके अधूरे वादों से मुक्ति पाना चाहता है।

मोदी ने कहा कि दशकों से एलडीएफ और यूडीएफ के प्रभुत्व वाले केरल में भाजपा कार्यकर्ताओं को काफी मेहनत करनी पड़ी है और इन मोर्चों का खराब शासन रिकॉर्ड सबके सामने है। उन्होंने कहा कि जनता के लिए संघर्ष करने वाले पार्टी के कई नेता अब इस दुनिया में नहीं, लेकिन उनका आशीर्वाद हमेशा बना रहेगा। मोदी ने तिरुवनंतपुरम के अपने दौरे की यादें साझा करते हुए कहा कि केरल की राजधानी ने देश को कई नेता, समाज सुधारक, कलाकार, संगीतकार, कवि, सांस्कृतिक हस्तियां, संत और महापुरुष दिए हैं।



- प्रधानमंत्री ने की महापौर को लिखे पत्र में भाजपा नेताओं की सराहना

### विकसित तिरुवनंतपुरम बनाना हमारा दृष्टिकोण

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब ऐसा शहर हमारी पार्टी को आशीर्वाद देता है, तो यह अत्यंत गर्व करने वाला अनुभव है। विकसित तिरुवनंतपुरम बनाने का हमारा दृष्टिकोण समाज के सभी वर्गों में लोगों के साथ गूंजा है। उन्होंने कहा कि लोगों ने केंद्र में भाजपा नीत सरकार के कामकाज और विभिन्न राज्यों में शहरी विकास के लिए किए गए प्रयासों को देखा है, जिससे प्रेरित होकर उन्होंने पार्टी को समर्थन दिया। मोदी ने कहा कि मैं इस शहर के लोगों के स्नेह के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि तिरुवनंतपुरम नगर निगम में भाजपा की जीत से उन्हें अत्यंत खुशी और गर्व की अनुभूति हुई है। तिरुवनंतपुरम के लोगों के आशीर्वाद से जो कुछ हुआ है, वह ऐतिहासिक है। इसे सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएग।

### श्री नारायण गुरु के उपदेशों का किया उल्लेख

प्रधानमंत्री ने संत-सुधारक श्री नारायण गुरु के उपदेशों का उल्लेख करते हुए कहा कि निस्वार्थ सेवा को ईश्वर का आशीर्वाद मिलता है और सभी कार्यों का उद्देश्य दूसरों का कल्याण होना चाहिए। उन्होंने महात्मा अय्यंकाली द्वारा गरीबों और वंचितों की सेवा पर दिए गए बल और मन्नथू पद्मनाभन की मानव पीड़ा कम करने तथा महिलाओं को सशक्त बनाने की शिक्षाओं का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने राजेश से कहा कि मुझे विश्वास है कि आप और आपकी टीम इन महान सिद्धांतों से प्रेरणा लेकर अपनी पूरी क्षमता से शहर की सेवा करेंगे और लोगों के जीवन को अधिक सुगम बनाएंगे। तिरुवनंतपुरम नगर निगम की 101 में से भाजपा ने 50 सीट जीती हैं।

## पाकिस्तान से गतिविधियां चला रहे आतंकियों के आका की संपत्ति कुर्क

**पुंछ/जम्मू।** पुलिस ने पुंछ जिले के मेंढर इलाके में प्रतिबंधित संगठनों के आतंकी संचालक और लॉन्च कमांडर की अचल संपत्ति कुर्क कर ली है। यह कार्रवाई गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम के तहत की गई है।

अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि इसमें नक्का मझरी क्षेत्र के नार गांव में स्थित चार मरला और दो सरसाई कृषि भूमि शामिल है। यह जमीन इलाके के निवासी रफीक नाई उर्फ सुल्तान की है। वह पाकिस्तान से गतिविधियां चला रहा है। नाई प्रतिबंधित तहरीक-उल-मुजाहिदीन और जम्मू कश्मीर गजनवी फोर्स के हैंडलर और लॉन्च कमांडर के रूप में कार्य करता है। नौ आपराधिक मामलों के सिलसिले में उसकी तलाश है। मेंढर पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कुर्की की कार्रवाई की। संपत्ति का बाजार मूल्य लगभग 10 लाख रुपये आंका गया है।

## एआई के लाभ सभी तक पहुंचें यह तय करना जरूरी : राष्ट्रपति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को सकारात्मक बदलाव लाने का एक बड़ा अवसर बताते हुए कहा कि यह तय करना जरूरी है कि इसके लाभ समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से वंचितों तक पहुंचें। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि एआई भारत की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका के रूप में उभर रहा है और आने वाले दशकों में इसका देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), रोजगार और उत्पादकता में महत्वपूर्ण योगदान होगा।

उन्होंने कहा कि सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी बाधाओं को कम करने के लिए एआई का उपयोग किया जाना चाहिए। एआई भारत की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका के रूप में उभर रहा है। भारत तेजी से विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि सरकार उद्योग जगत के साझेदारों और शिक्षाविदों के सहयोग से यह सुनिश्चित कर रही है कि भारत न केवल प्रौद्योगिकी को अपनाए बल्कि इसके माध्यम से एक जिम्मेदार भविष्य का निर्माण भी करे।



- कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के कार्यक्रम को मुर्मू ने किया संबोधित

## जम्मू कश्मीर: गांदरबल में आतंकियों के दो मददगार गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर पुलिस ने गांदरबल जिले में आतंकियों से कथित संबंधों में दो मददगारों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने प्रवक्ता गुरुवार को बताया कि पुलिस ने बुधवार देर रात गुंडरेहमन पुल पर जांच के दौरान दो लोगों को हिरासत में लिया। उनके पास से हथियार, गोला-बारूद और 8.40 लाख रुपये नकद बरामद किया है।

प्रवक्ता ने बताया कि आरोपियों की पहचान गुलाम नबी मीर और शबनम नजीर के रूप में हुई है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों से बरामद की गई वस्तुओं में एक चीनी पिस्तौल, एक मैगजीन, चार गोलियां और दो हैंड ग्रेनेड भी शामिल हैं। इस संबंध में गांदरबल थाने में गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। साथ ही बरामद किए गए हथियारों, गोला-बारूद और नकदी के स्रोत, उद्देश्य और संभावित संबंधों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

## समय पर चिकित्सा मिल जाती तो पीड़ित की बच जाती जान

**बीएमडब्ल्यू दुर्घटना का मामला**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पुलिस ने कहा- वित्त मंत्रालय के अधिकारी दुर्घटना के बाद 15 मिनट तक थे जीवित

पिछले साल सितंबर में धौला कुआं के पास हुए बीएमडब्ल्यू दुर्घटना मामले में अपने आरोप पत्र में दिल्ली पुलिस ने कहा है कि तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार से कुचले गए वित्त मंत्रालय के 52 वर्षीय अधिकारी नवजोत सिंह दुर्घटना के बाद कम से कम 15 मिनट तक जीवित थे और अगर उन्हें समय पर चिकित्सा सहायता मिली होती तो उनकी जान बचाई जा सकती थी।

अंतिम रिपोर्ट पिछले सप्ताह मजिस्ट्रेटी अदालत में दाखिल की गई। इस दुर्घटना में वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग में उप सचिव नवजोत सिंह की 14 सितंबर को मौत हो गई थी, जबकि उनकी पत्नी सहित तीन अन्य लोग घायल हो गए थे। यह हादसा उस समय हुआ जब एक बीएमडब्ल्यू कार ने रिंग रोड पर दिल्ली कैंटोनमेंट मेट्रो स्टेशन के पास सिंह की बाइक को टक्कर मार दी। न्यायिक मजिस्ट्रेट अंकित गर्ग के समक्ष दाखिल 400 पन्नों के आरोप पत्र में पुलिस ने यह जानकारियां दीं।

## नववर्ष की पूर्व संध्या पर शराब पीये 868 वाहन चालकों के कटे चालान

**नई दिल्ली।** दिल्ली यातायात पुलिस ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर शराब पीकर वाहन चलाने पर 868 चालान काटे है। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि पिछले साल शराब पीकर वाहन चलाने पर 556 चालान हुए थे। इस दौरान कानून व्यवस्था बनाएं रखने के लिए यातायात और पुलिस के 20,000 जवान तैनात किए गए थे।

अधिकारी के अनुसार नशे व तेज रफ्तार वाहन चलाने, बाइक से करतब दिखाने और अन्य उल्लंघनों पर अंकुश लगाने के लिए प्रमुख सड़कों, रात्रि आयोजन स्थलों और आवासीय इलाकों में विशेष प्रवर्तन दल तैनात किए गए थे। रातभर विभिन्न स्थानों पर चौकियां स्थापित कर नशे में वाहन चलाने वालों की जांच की गई।

- कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 20,000 पुलिस के जवान थे तैनात

## विजयवर्गीय के बिगड़े बोल, कहा- फोकट का प्रश्न मत पूछो

**इंदौर, एजेंसी**

मध्यप्रदेश के वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर में अपने ही निर्वाचन क्षेत्र में दूषित पेयजल संकट के बारे में पूछे जाने पर कैमरे के सामने आपत्तिजनक शब्द का प्रयोग कर राजनीतिक विवाद छेड़ दिया है। यह घटना बुधवार देर रात उस समय हुई जब राज्य के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री विजयवर्गीय इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में फैले डायरिया के प्रकोप के संबंध में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। डायरिया मामले में आधिकारिक तौर पर मृतकों की संख्या चार बताई गई है और 212 लोगों को अस्पताल में भर्ती किया गया है, लेकिन प्रभावित क्षेत्र के निवासियों का दावा है कि अब तक 10 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

प्रभावित इलाके से लौट रहे मंत्री से पूछा गया कि निजी अस्पतालों को चुकाए बिल का भुगतान लोगों को क्यों नहीं किया गया और लोगों के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था क्यों नहीं की गई है? अधिकारियों से घिरे मंत्री ने नाराजगी दिखाते हुए कहा कि छोड़ो यार, तुम फोकट प्रश्न मत पूछो। इसे लेकर पत्रकार और विजयवर्गीय में बहस हो गई, जिसके बाद मंत्री ने आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें मंत्री को पत्रकार के सवाल पर घंटा शब्द का इस्तेमाल करते हुए सुना जा सकता है। वीडियो वायरल होने के बाद विजयवर्गीय ने बयान जारी करके खेद जताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, मैं और मेरी टीम दो दिन से बिना सोए प्रभावित क्षेत्र में स्थिति सुधारने में जुटी हुई है। दूषित पानी से मेरे लोग पीड़ित हैं और कुछ हमें छोड़कर चले गए। इस गहरे दुःख की स्थिति में मीडिया के प्रश्न पर मेरे मुंह से गलत शब्द निकल गए। इसके लिए मैं खेद प्रकट करता हूं।

**मप्र : दूषित पेयजल**



- कैमरे के सामने आपत्तिजनक शब्द के प्रयोग से राजनीतिक विवाद छिड़ा, बाद में जताया खेद

### नैतिक आधार पर विजयवर्गीय से इस्तीफा लें सीएम

कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने विजयवर्गीय के विवादास्पद वीडियो पर कहा कि इंदौर में दूषित पानी से मौतों की संख्या 8 से बढ़कर 10 हो गई है। उन्होंने भाजपा नेताओं पर अहंकारी होने का आरोप लगाया और मांग की कि मुख्यमंत्री मोहन यादव नैतिक आधार पर विजयवर्गीय का इस्तीफा मांगें। कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा ने भी विजयवर्गीय पर निशाना साधते हुए कहा कि उल्टी-दस्त से कई लोगों की मौत पर द्रवित होने के बजाय विजयवर्गीय अपशब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। भाजपा नेताओं के सीने में दिल नहीं, बल्कि पत्थर है और उनकी संवेदनाएं मर चुकी हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पेयजल से फैले डायरिया के प्रकोप को आपात स्थिति बताया था और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया था। उन्होंने बताया था कि 212 मरीजों में से 50 को छुट्टी दे दी गई।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### एयर मार्शल नागेश कपूर बने वायुसेना उप प्रमुख, कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** एयर मार्शल नागेश कपूर ने बृहस्पतिवार को भारतीय वायु सेना के उप प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला। इस नियुक्ति से पहले उन्होंने दक्षिण पश्चिमी वायु कमान (एसडब्ल्यूएसी) के वायु अधिकारी कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्य किया था। वह एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी का स्थान लेंगे जो चार दशकों तक राष्ट्र की सेवा करने के बाद बुधवार को सेवानिवृत्त हुए। भारतीय वायु सेना ने ''एक्स'' पर एक पोस्ट में कहा, एयर मार्शल नागेश कपूर ने एक जनवरी 2026 को भारतीय वायु सेना के उप प्रमुख का पदभार ग्रहण किया। दिसंबर 1986 में भारतीय वायु सेना की फ्लाइंग ब्रांच में कमीशन प्राप्त करने वाले एयर मार्शल कपूर के पास भारतीय वायु सेना के विभिन्न लड़ाकू और प्रशिक्षण विमानों को उड़ाने का व्यापक अनुभव है।

### भारत-पाकिस्तान में परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान

**नई दिल्ली।** तीन दशक से अधिक समय से जारी सिलसिले को बरकरार रखते हुए भारत और पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को एक द्विपक्षीय समझौते के तहत अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया। यह आदान-प्रदान ऐसे समय हुआ है जब पिछले साल मई में चार दिनों तक चले सैन्य संघर्ष के बाद दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सूची का आदान-प्रदान परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमले को रोकने वाले एक समझौते के प्रावधानों के तहत हुआ। नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच राजनयिक माध्यम से सूची का आदान-प्रदान एक साथ किया गया। मंत्रालय ने कहा, भारत और पाकिस्तान ने राजनयिक माध्यम से नई दिल्ली और इस्लामाबाद में एक साथ परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया।

### नीदरलैंड का मशहूर चर्च वोंडेलकर्क भीषण आग से नष्ट

**हेग।** नीदरलैंड की राजधानी एम्स्टर्डम में स्थित प्रतिष्ठित 'वोंडेलकर्क' चर्च गुरुवार तड़के लगी आग में लगभग पूरी तरह नष्ट हो गया। नीदरलैंड के सार्वजनिक प्रसारक नीदरलैंड्से ओमरोप स्टिख्टिंग (एनओएस) की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय समयानुसार रात करीब 1:00 बजे वोंडेलपार्क में स्थित चर्च के टॉवर में आग की लपटें उठने लगीं। आसपास के दर्जनों घरों को खाली करा लिया गया क्योंकि हवा के कारण जलता हुआ मलबा आसपास की सड़कों पर गिर रहा था। खाली कराए गए निवासियों को अस्थायी रूप से पास के एक योग स्टूडियो में ठहराया गया।

# बुल्गारिया की आधिकारिक मुद्रा बना यूरो, अभी लेव भी चलेगी

**सोफिया (बुल्गारिया), एजेंसी**



बुल्गारिया ने आधिकारिक तौर पर 2026 के पहले दिन से यूरो मुद्रा को अपना लिया है और इसके साथ ही यह यूरो क्षेत्र का 21वां सदस्य बन गया है। यूरोपीय संघ में शामिल होने के ठीक 19 साल बाद देश ने यह मुद्रा अपनाई है।

आधिकारिक घोषणा के मुताबिक जनवरी के अंत तक यूरो के साथ स्थानीय मुद्रा लेव भी भुगतान के वैध माध्यम बनी रहेगी। एक फरवरी से यूरो एकमात्र आधिकारिक मुद्रा बन जाएगा। आठ अगस्त, 2026 तक कीमतें यूरो और लेव दोनों में प्रदर्शित होती रहेंगी। जनवरी 2026 के महीने में, बुल्गारिया में लोग खुदरा दुकानों पर भुगतान के लिए लेव और यूरो दोनों मुद्राओं का उपयोग कर सकेंगे। दुकानदारों के लिए यह अनिवार्य होगा कि वे ग्राहकों को बची हुई राशि केवल एक ही मुद्रा यूरो में वापस करेंगे। यदि यूरो उपलब्ध न हों तभी तो लेव में भुगतान होगा। वर्ष 2026 में नागरिक बुल्गारियाई डाक विभाग की शाखाओं में भी लेव का विनिमय कर सकेंगे, जबकि बुल्गारियाई राष्ट्रीय बैंक लेव को यूरो में निःशुल्क परिवर्तित करने की सुविधा देगा।

# भारत में नस्लीय हिंसा

## और सख्त कदम उठाने की जरूरत

देहरादून में त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की क्रूर हत्या ताजा घटना है जो भारत में नस्लीय हिंसा की गंभीर होती समस्या की ओर से इशारा करती है। पूर्वोत्तर भारतीयों के खिलाफ नस्लीय हिंसा की घटनाएं पहले भी होती रही हैं। इनमें शारीरिक हमले, मौखिक दुर्व्यवहार और सामाजिक बहिष्कार जैसी घटनाएं शामिल हैं। यह एक ऐसा जटिल मुद्दा है जो सांस्कृतिक अंतर और पूर्वाग्रहों से उपजा है। पूर्वोत्तर के लोगों की संस्कृति और शारीरिक बनावट से जुड़े पूर्वाग्रह, ऐतिहासिक अलगाव और आर्थिक प्रतिस्पर्धा इसमें शामिल हैं। भारत सरकार की ओर से ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कानून बनाने के साथ कई और कदम उठाए गए हैं लेकिन इनका बहुत ज्यादा प्रभाव फिलहाल देखने में नहीं आ रहा है। एजेंल चकमा की हत्या ने साफ इशारा किया है कि इन घटनाओं को रोकने के लिए सरकार को और सख्ती दिखानी पड़ेगी।




### हाल-फिलहाल हुई प्रमुख घटनाएं

- अमरावती के रेट्याखेड़ा गांव में 30 दिसंबर 2024 को 77 वर्षीय आदिवासी महिला के साथ अमानवीय हिंसा की गई। काला जादू का आरोप लगाकर पीटा, गर्म सलाखों से दागा और चप्पलों की माला पहनाकर गांव में घुमाया।
- मणिपुर में मैतेई और कुकी जो समुदायों के बीच मई 2023 से शुरू हुई जातीय हिंसा 2025 तक जारी रही। इसमें सैकड़ों लोग मारे गए और 60,000 से अधिक विस्थापित हुए। यह हिंसा भारत की सबसे गंभीर घटना है।
- देहरादून में त्रिपुरा के 24 वर्षीय छात्र एंजेल चकमा और उनके भाई को अपमानजनक शब्दों से संबोधित किया। विरोध करने पर चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद पूरे पूर्वोत्तर भारत में गुस्से की लहर है।

### आधिकारिक रिकॉर्ड

- सरकार ने राज्यसभा में स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो मॉब लिंचिंग जैसे मामलों का अलग विशिष्ट डेटा नहीं रखता है।
- नागरिक अधिकार संगठनों के अनुसार जून 2024 से जून 2025 तक भारत में 947 घृणा संबंधी घटनाएं हुईं, सामुदायिक पहचान इनका कारण थी।



### भारत सरकार ने उठाए कदम

देश में नस्लीय हिंसा रोकने के लिए कड़े कानून बनाने के साथ विशेष पुलिस सेल भी स्थापित की गई है।

जागरूकता बढ़ाने को शैक्षणिक पाठ्यक्रम में पूर्वोत्तर के इतिहास और संस्कृति को शामिल किया गया है।

हालांकि इन प्रयासों के बाद भी जमीनी स्तर पर प्रभाव कम रहा है और घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

### नस्लीय घटनाओं के जोखिम

नस्लीय हिंसा की घटनाएं राष्ट्रीय एकता को कमजोर करती हैं, दूसरे देशों को लाभ उठाने का मौका मिलता है।

भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को नुकसान पहुंचाता है और आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा हो सकता है।

नस्लीय हिंसा के पीड़ितों के मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और नफरत भी बढ़ती है।

### भारत से ज्यादा घटनाएं अमेरिका में

- आंकड़ों के मुताबिक भारत में 2021 में करीब 700 ऐसी घटनाएं हुईं, अमेरिका में ऐसे 9000 से ज्यादा मामले दर्ज किए गए।
- भारत में वर्ष 2022 में भी 600 से ज्यादा नस्लीय हिंसा की घटनाएं हुई जबकि अमेरिका में इनकी संख्या 10,000 के पार निकल गई।
- वर्ष 2023 में भारत में इस तरह का कोई सरकारी आंकड़ा जारी नहीं किया गया, अमेरिका के रिकॉर्ड में 11,000 घटनाएं दर्ज हुईं।

# कच्चा तेल: रूस के बाद वेनेजुएला पर भी ट्रंप सख्त, भारत की बढ़ेगी मुश्किल

## वेनेजुएला के 'शैडो फ्लीट' पर अमेरिकी प्रतिबंधों से खरीदना पड़ सकता है महंगा तेल

**वाशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिकी वित्त विभाग की ओर से बुधवार को वेनेजुएला में निकोलस मादुरो की सरकार के 'शैडो फ्लीट' से जुड़ी चार शिपिंग कंपनियों और चार तेल टैंकरों पर नए प्रतिबंधों की घोषणा की गई जिसके बाद निजी क्षेत्र की भारतीय रिफाइनरियां आपूर्ति श्रृंखला में फिर से आए व्यवधान से निपटने की तैयारी कर रही हैं। विशेषज्ञों ने दावा किया है कि ट्रंप प्रशासन की ओर से रूस और वेनेजुएला दोनों पर कड़ा रुख अपनाने के बाद भारतीय रिफाइनरी कंपनियों को मध्य पूर्वी उत्पादकों की ओर रुख करना होगा या फिर ज्यादा प्रीमियम पर अमेरिकी शेल तेल की खपत बढ़ानी होगी

शैडो फ्लीट, जिसे डार्क फ्लीट के नाम से भी जाना जाता है, टैंकरों और सहायक जहाजों के एक समूह को दर्शाता है जो प्रतिबंधित या उच्च जोखिम वाली वस्तुओं को स्थानांतरित करने के लिए भ्रामक शिपिंग विधियों का इस्तेमाल कर वास्तविक मूल, स्वामित्व या गंतव्य को छिपाते हैं। ट्रंप प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे अधिकतम दबाव अभियान के तहत इस कदम का उद्देश्य वेनेजुएला सरकार की वित्तीय आपूर्ति को अवरुद्ध करना है। कहा जा रहा है कि दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल उपभोक्ता भारत के लिए यह निर्णय पहले से ही नाजुक ऊर्जा सुरक्षा परिदृश्य को और अधिक जटिल बना सकता है।

दरअसल, ये प्रतिबंध उन जहाजों को निशाना बनाते हैं जिन पर वेनेजुएला के भारी कच्चे तेल के परिवहन के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों को दरकिनार करने का आरोप है। हालांकि भारत हाल के वर्षों में अपने तेल भंडार में काफी विविधता लाया है फिर भी वेनेजुएला का कच्चा तेल रिलायंस इंडस्ट्रीज और नायरा एनर्जी जैसी निजी क्षेत्र की भारतीय रिफाइनरियों के लिए एक मुनाफा देने वाला कच्चा माल बना हुआ है। ये रिफाइनरी विशेष रूप से सस्ते और भारी ग्रेड के तेल को संसाधित करने के लिए डिजाइन की गई हैं। उद्योग विश्लेषकों का मानना है कि इन विशिष्ट टैंकरों को अवरुद्ध संपत्ति की सूची में शामिल करने से उपमहाद्वीप के लिए सभी निर्धारित माल परिवहन तत्काल रोक दिया जाएगा।

जहाजरानी आंकड़ों के अनुसार, प्रतिबंधित जहाजों में से कम से कम एक को उन मार्गों पर देखा गया था जिनका उपयोग अक्सर भारत और चीन सहित एशियाई बाजारों को आपूर्ति करने के लिए किया जाता है। भारत के लिए अमेरिका की ओर से लगाए गए इन प्रतिबंधों का समय विशेष रूप से संवेदनशील है।



### भारत की ओर से अभी आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं

विदेश मंत्रालय ने हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है लेकिन पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि भारत अंतरराष्ट्रीय वित्तीय मानदंडों का सख्ती से पालन करते हुए अपनी ऊर्जा सुरक्षा को प्राथमिकता देना जारी रखेगा। राजधानी दिल्ली स्थित एक ऊर्जा थिंक टैंक के एक वरिष्ठ सलाहकार ने कहा, भारत ने हमेशा ऊर्जा सुरक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता माना है। ट्रंप प्रशासन की ओर से रूस और वेनेजुएला दोनों पर कड़ा रुख अपनाने के बाद भारतीय रिफाइनरी कंपनियों को मध्य पूर्वी उत्पादकों की ओर रुख करना होगा या संभवत: अधिक प्रीमियम पर अमेरिकी शेल तेल की खपत बढ़ानी होगी।

### भारत के लिए सीमित हुए आयात विकल्प

वेनेजुएला को पहले रूसी तेल की कमी को पूरा करने वाले संभावित स्रोत के रूप में देखा जा रहा था, ऐसे में इस नवीनतम कार्रवाई से भारतीय कंपनियों के विकल्प सीमित हो गए हैं। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा, वित्तीय विभाग मादुरो शासन पर दबाव बनाने के अभियान को जारी रखेगा। हम मादुरो सरकार को अवैध तेल निर्यात से लाभ कमाने की अनुमति नहीं देंगे, जबकि वह अमेरिका में नशीले पदार्थों की भारी खेप भेज रहा है। हाल ही में अमेरिका की ओर से रोसनेफ्ट और लुकोइल जैसे प्रमुख रूसी उत्पादकों पर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण भारतीय रिफाइनरी पहले ही रूसी तेल का आयात कम कर रही हैं।

## नए साल का स्वागत



नए साल का दुनिया भर में बेहद जोशखरोश के साथ स्वागत किया गया। सिडनी में नववर्ष के समारोह के दौरान आधी रात को हार्बर ब्रिज के ऊपर आकर्षक आतिशबाजी की गई, इसे देखने के लिए यहां हजारों लोग पहुंचे थे।

### अफगानिस्तान में बाढ़ से 17 की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान में कई इलाकों में भारी बारिश से अचानक आई बाढ़ में 17 लोग मारे गए और 11 घायल हो गए।

हालांकि, मौसम की पहली भारी बारिश और हिमपात से लंबे समय से चले आ रहे सूखे का अंत हो गया है। अफगानिस्तान राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता मोहम्मद यूसुफ हम्माद ने बताया कि भीषण मौसम ने मध्य, उत्तरी, दक्षिणी और पश्चिमी क्षेत्रों में भी दैनिक जीवन को बाधित कर दिया है। उन्होंने बताया कि बाढ़ ने प्रभावित जिलों में बुनियादी ढांचे को भी नुकसान पहुंचाया है व मवेशी भी मारे गए हैं।

# ईरान में आर्थिक संकट पर विरोध तेज रिवोल्यूशनरी गार्ड' के सदस्य की मौत

**दुबई, एजेंसी**

- राजधानी तेहरान के बाद राज्यों में भी फैल रहे हैं प्रदर्शन

ईरान के पश्चिमी प्रांत में खराब अर्थव्यवस्था के खिलाफ भड़के विरोध-प्रदर्शन और तेज होने लगे हैं। इस दौरान 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' के एक स्वयंसेवक सदस्य की मौत हो गई। प्रदर्शनों के दौरान सुरक्षा बलों में यह पहली मौत बताई जा रही है।

बुधवार रात 'बासिज फोर्स' के 21 वर्षीय स्वयंसेवक की मौत को लेकर आशंका जताई जा रही है कि इससे प्रदर्शनों के खिलाफ ईरान की सरकार की कार्रवाई और सख्त हो सकती है। इस बीच राजधानी तेहरान में प्रदर्शन भले ही धीमे पड़े हों, लेकिन अन्य प्रांतों में फैल रहे हैं। सरकारी समाचार एजेंसी 'इरना' ने रिवोल्यूशनरी गार्ड के सदस्य की मौत की पुष्टि की। बासिज के करीबी माने जाने वाले 'स्टूडेंट न्यूज नेटवर्क' ने लोरेस्तान प्रांत के डिप्टी गवर्नर सईद पौराली के हवाले से कहा कि प्रदर्शनकारी इस मौत के जिम्मेदार हैं। पौराली के अनुसार, इस शहर में लोक-व्यवस्था की रक्षा के दौरान गार्ड का सदस्य शहीद हो गया।

# ममदानी ने कुरान पर हाथ रखकर ली न्यूयॉर्क के महापौर के रूप में शपथ

**न्यूयार्क, एजेंसी**

जोहरान ममदानी ने बुधवार आधी रात के बाद मैनहट्टन के एक बंद पड़े मेट्रो स्टेशन की मेहराबदार छत के ठीक सामने सीढ़ियों पर खड़े होकर न्यूयॉर्क शहर के महापौर के रूप में शपथ ली। डेमोक्रेट पार्टी के सदस्य ममदानी ने कुरान पर हाथ रखकर शपथ ली और अमेरिका के सबसे बड़े शहर के पहले मुस्लिम मेयर बने।

ममदानी ने अपने संक्षिप्त भाषण में कहा, यह सचमुच मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान और सौभाग्य है। विदेशी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह समारोह शहर के मूल मेट्रो स्टेशनों में से एक प्रतिष्ठित सिटी हॉल स्टेशन पर आयोजित किया गया। महापौर के रूप में अपने पहले भाषण में ममदानी ने कहा कि पुराना मेट्रो स्टेशन हमारे शहर की जीवंतता, स्वास्थ्य और विरासत के लिए सार्वजनिक परिवहन के महत्व का प्रमाण है। वह न केवल शहर के पहले मुस्लिम महापौर हैं, बल्कि दक्षिण एशियाई मूल के पहले और अफ्रीका में जन्मे पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने न्यूयार्क के महापौर का पद भार संभाला है। मात्र 34 वर्ष की आयु में महापौर बने ममदानी पीढ़ियों में शहर के सबसे युवा महापौर हैं। समारोह के अंत में उन्होंने लोगों को मुस्कुरा कर कहा आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद, अब आपसे बाद में मिलते हैं।



- शहर के पहले मुस्लिम मेयर बने कहा- यह मेरे जीवन का सौभाग्य

# रूस के कब्जे वाले खेरसॉन में ड्रोन हमले, 24 लोगों की मौत

**कीव, एजेंसी**

- आधी रात किए गए हमले के बाद एक कैफे और होटल में लगी आग

यूक्रेन के खेरसॉन क्षेत्र में रूस के कब्जे वाले एक गांव में यूक्रेनी ड्रोन हमले में 24 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। रूस के अधिकारियों के मुताबिक काला सागर तट पर स्थित रिसॉर्ट कस्बे खोरली में एक कैफे और होटल को निशाना बनाते हुए तीन ड्रोन हमले किए गए। एक ड्रोन में ज्वलनशील मिश्रण था, जिससे आग लग गई। यूक्रेनी अधिकारियों ने अभी इस हमले के दावे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

यह घटना ऐसे समय हुई जब दोनों देशों के बीच शांति वार्ता को लेकर कूटनीतिक प्रयास जारी हैं, लेकिन तनाव लगातार बढ़ रहा है। इस घटना की कई रूसी अधिकारियों ने निंदा की। रूस की संसद के उच्च सदन फेडरेशन काउंसिल की अध्यक्ष वैलेन्तीना मत्विएन्को ने कहा कि इस हमले ने यूक्रेन पर रूस के लगभग चार साल पुराने आक्रमण में अपने लक्ष्यों को शीघ्र हासिल करने के संकल्प को और मजबूत किया है। उन्होंने कहा, यह हमला एक बार फिर हमारी शुरुआती मांगों की वैधता को दर्शाता है।

# बैकफुट पर लोकपाल, सात बीएमडब्ल्यू कारों की खरीद का विवादित टेंडर रद्द

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- भ्रष्टाचार विरोधी संगठनों के साथ विपक्ष ने भी की थी महंगी कारें खरीदने की कड़ी आलोचना

भ्रष्टाचार-रोधी संस्था लोकपाल ने सात लग्जरी बीएमडब्ल्यू कारों की खरीद के लिए जारी की गई अपनी विवादास्पद निविदा को रद्द कर दिया है। इस निविदा को जारी होने के लगभग दो महीने बाद ही रद्द कर दिया गया। यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि विपक्षी दलों और भ्रष्टाचार विरोधी कार्यकर्ताओं ने लोकपाल की ओर से महंगे और उच्च श्रेणी की कारों की खरीद के फैसले की कड़ी आलोचना की थी।

अधिकारियों ने बताया कि खरीद प्रस्ताव को रद्द करने का निर्णय लोकपाल की पूर्ण पीठ के एक प्रस्ताव के बाद लिया गया। लोकपाल ने 16 अक्टूबर, 2025 को लगभग पांच करोड़ रुपये में सात बीएमडब्ल्यू 3 सीरीज 330ली कारों की आपूर्ति के लिए प्रतिष्ठित एजेंसियों से निविदाएं आमंत्रित करने के वास्ते प्रस्ताव के लिए अनुरोध जारी किया था। संस्था में अध्यक्ष न्यायमूर्ति एएम खानविलकर (सेवानिवृत्त) और छह अन्य सदस्य शामिल हैं।

निविदा में सात बीएमडब्ल्यू 3 सीरीज 330एलआई लंबे व्हीलबेस और सफेद रंग के एम स्पोर्ट मॉडल की खरीद का उल्लेख था। नई दिल्ली में प्रस्तावित कारों की कीमत लगभग पांच करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया गया था। लोकपाल के इस फैसले की विपक्षी दलों ने कड़ी आलोचना की थी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इस संस्था को शौक पाल करार दिया था, जबकि नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ कांत ने मांग की थी कि लोकपाल निविदा रद्द करे और भारत में निर्मित इलेक्ट्रिक वाहनों को प्राथमिकता दे।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 2 जनवरी, शुक्रवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी 18.53 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**- भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-मृगशिरा 20.04 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

**मेष** — आज व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। घर का वातावरण काफी अच्छा रहने वाला है। धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। कारोबार को लेकर की गई यात्राओं से काफी अच्छा लाभ मिलेगा। आप अपने खर्चों पर नियंत्रण पाने में सफलता मिलेगी।

**वृष** — आज परिवार की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वाह करें। धनाभाव के कारण जो काम रुके थे वो शुरू हो सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। कानूनी विवादों का समाधान निकल सकता है।

**मिथुन** — आज संतान के व्यवहार से आप आनंद महसूस करेंगे। आपके मन में परोपकार की भावना रहेगी। आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना बन रही है। व्यावसायिक परेशानियों का निपटारा होगा। साझेदारी में आप काम शुरू कर सकते हैं।

**कर्क** — आज समाज में सम्मानित लोगों को कुछ परेशानी का अनुभव होगा। आलस्य के कारण आपके प्रदर्शन में कमी आएगी। आपको जल्दबाजी में आपको निर्णय लेने से बचना चाहिए। गूढ़ विषयों को लेकर नए अनुभव प्राप्त होंगे।

**सिंह** — आज कड़ी मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आपको कुछ शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। अपने विचारों में स्पष्टता रखें। व्यापार में नए साझेदार जुड़ सकते हैं।

**कन्या** — आज नया निवेश करने से पहले आपको सभी पहलुओं पर विचार कर लेना चाहिए। व्यवसाय में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। आपको जिम्मेदारी वाला पद मिल सकता है। धन के लेन-देन को लेकर समझदारी रखें।

**तुला** — आज अपेक्षा से अधिक अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। समाज के उच्च वर्ग के लोगों से आपका मेल-मिलाप बढ़ेगा। आपकी दिनचर्या संयमित रहेगी। आपको लोगों से सहायता लेनी पड़ सकती है। बौद्धिक चर्चाओं में आप भाग ले सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज असंतुलित खानपान के कारण कब्जियत हो सकती है। सबके प्रति सामान्य व्यवहार ही रखें। किसी की भावनाओं का तिरस्कार न करें। स्वार्थवश काम करने के कारण आपकी आलोचना हो सकती है। मित्रों के साथ मनमुटाव हो सकता है।

**धनु** — आज दोपहर के बाद कहीं घूमने-फिरने की योजना बना सकते हैं। उच्च अधिकारी आपके अनुकूल रहेंगे। अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास करना हानिकर हो सकता है। लड़कियों के विवाह को लेकर आ रही अड़चनें दूर होंगी।

**मकर** — आज आप अपने प्रेमी को प्रपोज करने का विचार कर सकते हैं। दूसरों के उलझे मामलों को आपको सुलझाना पड़ेगा। घरेलू खर्चों को लेकर थोड़ा तनाव उभर सकता है। योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कुंभ** — आज शेयर मार्केट से काफी अच्छा धन लाभ हो सकता है। नई योजनाओं के विषय में मित्रों से चर्चा करेंगे। व्यवसाय में लाभ की स्थितियां बढ़ेंगी। आलस्य और प्रमाद से आपको बचना चाहिए। किसी भी चलते कार्य को अधूरा छोड़ने की प्रवृत्ति से बचें।

**मीन** — आज पैतृक संपत्ति के विवादों को लेकर शांत रहना ज्यादा हितकर है। लोग आपकी समस्याओं को हल्के में लेंगे, जिससे आपको बुरा लग सकता है। व्यवसाय में अपेक्षानुकूल परिणाम न मिलने से मन थोड़ा निराश रहेगा।

## सुडोकू-20

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 3 | | | 4 | |
| 2 | 8 | | | | 5 | | 6 | 7 |
| | | 6 | 4 | | | 1 | | |
| | 6 | 9 | 2 | | 3 | | 5 | 8 |
| 8 | | 5 | | | 6 | 4 | | |
| | 3 | | 5 | | | | 1 | |
| 6 | | | | | 2 | 9 | | 1 |
| 9 | | 3 | 7 | | | | 8 | |
| | 5 | | | 6 | 9 | | | 4 |

### सुडोकू - 19 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 1 | 2 | 8 | 9 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 9 | 2 | 5 | 7 | 4 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 5 | 8 | 1 | 3 | 6 | 9 | 7 | 2 |
| 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 3 | 5 | 6 | 7 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 8 | 3 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 1 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 3 |
| 1 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 7 | 9 | 6 |



‘नई शुरुआत और सभी के लिए 2026 खुशहाल हो। जब दिन मुश्किल हो, तो आप पीछे नहीं हटते, आप उठते हैं और इसे फिर से करते हैं। वह उन पलों, लोगों और अनुभवों के लिए शुक्रगुजार हैं जिन्होंने बीते साल को बनाया।
–युवराज सिंह


# स्टेडियम

अयोध्या, शुक्रवार, 2 जनवरी 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


## विश्व कप 2027 के बाद वनडे क्रिकेट के भविष्य को लेकर चिंतित हूं : अश्विन

चेन्नई, एजेंसी

भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने 2027 विश्व कप के बाद वनडे क्रिकेट के भविष्य को लेकर संशय जताते हुए कहा कि तेजी से बढ़ती टी20 लीग और आईसीसी द्वारा हर साल किसी बडे टूर्नामेंट को बढ़ावा देने के कारण अत्यधिक क्रिकेट की वजह से यह प्रारूप अपनी जगह खो चुका है। अश्विन का मानना है कि टी20 लीग और टेस्ट क्रिकेट की अपनी प्रतिष्ठा बरकरार रखने के चलते वनडे क्रिकेट लगभग गैर जरूरी सा हो गया है।

अश्विन ने अपने हिंदी यूट्यूब चैनल ‘ऐश की बात’ में कहा, 2027 विश्व कप के बाद वनडे क्रिकेट का भविष्य क्या होगा, इसको लेकर मैं निश्चित नहीं हूं। मैं इसे लेकर थोड़ा चिंतित हूं। मैं विजय हजारे ट्रॉफी देख रहा हूं, लेकिन जिस तरह मैंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी देखी, उसी तरह इसे देख पाना थोड़ा मुश्किल लग रहा है। उन्होंने कहा हमें यह भी समझना होगा कि दर्शक क्या देखना चाहते हैं। मुझे लगता है टेस्ट क्रिकेट के लिए अब भी जगह है, लेकिन वनडे क्रिकेट के लिए सच में जगह नहीं बची है।

सभी प्रारुपों में 765 विकेट लेने वाले भारत के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज अश्विन का कहना है कि किसी खेल को दर्शकों से जोड़ने के लिए स्टार खिलाड़ियों की जरूरत होती है और इसके लिए उन्होंने हाल में रोहित शर्मा और विराट कोहली के विजय हजारे ट्रॉफी मैच में खेलने से उमड़ी दर्शकों की भीड़ का उदाहरण दिया। इन दोनों खिलाड़ियों के नाम मिलाकर 86 वनडे शतक हैं।

उन्होंने कहा देखिए, रोहित और विराट जब विजय हजारे ट्रॉफी खेलने आए तो लोगों ने इसे देखना शुरू किया। हमें पता है कि खेल हमेशा खिलाड़ियों से बड़ा होता है, लेकिन कई बार खेल को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए इन खिलाड़ियों (रोहित और विराट) की वापसी की जरूरत होती है। अश्विन ने कहा,



- बड़े स्टार खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा क्रिकेट को अलविदा कह देंगे
- टी-20 लीग और टेस्ट क्रिकेट की अहमियत के चलते वनडे प्रारूप के लिए जगह हो रही कम

विजय हजारे ट्रॉफी एक घरेलू वनडे टूर्नामेंट है जिसे ज्यादा लोग नहीं देखते। लेकिन विराट और रोहित के खेलने की वजह से लोग इसे देखने पहुंचे। फिर सवाल यह है कि जब वे वनडे खेलना बंद कर देंगे, तब क्या होगा?

इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि एक समय 50 ओवरों का क्रिकेट एक शानदार प्रारूप हुआ करता था जिससे महेंद्र सिंह धोनी जैसे खिलाड़ी सामने आए जो पारी को संभालना जानते थे। उन्होंने कहा वनडे क्रिकेट कभी एक बेहतरीन प्रारूप था जिसने धोनी जैसा खिलाड़ी दिया जो 10–15 ओवर तक सिर्फ एक एक रन लेकर पारी को संभालता था और अंत में विस्फोटक बल्लेबाजी करता था। अब ऐसे खिलाड़ी नहीं हैं और अब वैसी बल्लेबाजी की जरूरत भी नहीं है क्योंकि अब दो नई गेंदें होती हैं और सर्कल के अंदर पांच क्षेत्ररक्षक रहते हैं।

अश्विन ने साथ ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से व्यावसायिक हितों से प्रभावित हुए बिना अपने कैलेंडर पर पुनर्विचार करने की अपील की क्योंकि उन्हें लगता है कि काफी ज्यादा विश्व कप हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब लगभग हर साल आईसीसी टूर्नामेंट होने का मुख्य कारण राजस्व बढ़ाना है जबकि 2025 के कैलेंडर में पुरुषों की चैंपियंस ट्रॉफी और महिलाओं का वनडे विश्व कप शामिल था और 2026 में पुरुषों और महिलाओं दोनों का टी20 विश्व कप होगा। उन्होंने कहा वनडे प्रारूप अब गैरजरूरी सा हो गया है और आईसीसी जिस तरह से विश्व कप आयोजित कर रहा है, उसे इस पर भी ध्यान देने की दरकार है।

हर साल राजस्व के लिए कोई आईसीसी टूर्नामेंट कराया जाता है। फीफा को देखिए। वहां अलग लीग होती हैं और विश्व कप चार साल में एक बार होता है। इसलिए विश्व कप का अपना अलग महत्व है। अश्विन के कहा बहुत ज्यादा द्विपक्षीय श्रृंखलाएं, बहुत ज्यादा प्रारूप और बहुत ज्यादा विश्व कप, यह सब मिलकर अत्यधिक हो गया है।

## क्या पंत को खेलने का मौका दिए बिना बाहर करेंगे चयनकर्ता?

### न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला



ऋषभ पंत।

नयी दिल्ली, एजेंसी

ऋषभ पंत विजय हजारे ट्रॉफी के चार मैचों में भले ही एक अर्धशतक जमा सके हों, लेकिन पिछले 18 महीने में एक भी वनडे खेलने का मौका दिए बिना अगर उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी सीरीज से बाहर किया गया तो अजित अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति की यह ज्यादती होगी। भारतीय चयनकर्ता न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से वडोदरा में शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा करेंगे और इसे लेकर काफी अटकलें हैं कि पंत टीम में रहेंगे या नहीं।

यह किसी से छिपा नहीं है कि भारतीय टीम प्रबंधन में कम से कम एक सदस्य को तो पंत का ‘अधिक जोखम से अधिक फायदा’ वाला रवैया पसंद नहीं है और वह चाहते हैं कि बल्लेबाजी में पंत पारंपरिक रवैया अपनाए। लेकिन दूसरा मौका

**2018** में पदार्पण के बाद से सिर्फ 31 वनडे खेले हैं ऋषभ पंत ने

**2024** में वापसी के बाद से उन्होंने कोलंबो में एकमात्र वनडे खेला

**70** रन ही बना सके विजय हजारे ट्रॉफी के चार मैचों में खेलकर



अजित अगरकर।

दिए बिना पंत को बाहर करने से कई सवाल खड़े होंगे। पंत ने 2025 में एक भी वनडे नहीं खेला हालांकि वह चैम्पियंस ट्रॉफी टीम और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले महीने वनडे टीम का हिस्सा थे। सलामी बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ को चौथे नंबर पर आजमाया गया और तीनों मैचों में पंत बाहर रहे।

पंत ने 2018 में पदार्पण के बाद से सिर्फ 31 वनडे खेले हैं। उन्होंने 30 जून 2019 से 14 जनवरी 2020 के बीच में 11 वनडे खेले। फिर कोविड के बाद उन्होंने 26 मार्च 2021 से 30 नवंबर 2022 तक 15 वनडे खेले और एक शतक, दो बार 75 से अधिक रन और एक 85 रन की पारी खेली। इसके बाद वह भयावह कार दुर्घटना का शिकार हो गए। फिर 2024 में वापसी के बाद से उन्होंने कोलंबो में एकमात्र वनडे खेला। विजय हजारे ट्रॉफी के चार मैचों में वह एक ही मैच में 70 रन बना सके।

वहीं ईशान किशन ने झारखंड के लिये कर्नाटक के खिलाफ पहले ही मैच में 14 छक्के लगाए। ध्रुव जुरेल ने भी उत्तर प्रदेश के लिए शतक जमाया और वह पिछली वनडे सीरीज में भारतीय टीम में थे।

15 सदस्यीय टीम में तीन विकेटकीपर तो नहीं हो सकते और बल्लेबाज विकेटकीपर के तौर पर पहली पसंद केएल राहुल ही हैं। अब देखना यह होगा कि क्या पंत या जुरेल की जगह ईशान टीम में आते हैं। देवदत्त पडिक्कल के नाम पर भी विचार होगा जिन्होंने 37 मैचों में 92 से अधिक की औसत से रन बनाए हैं। पर कप्तान शुभमन गिल की वापसी और दूसरे छोर पर रोहित शर्मा की मौजूदगी के अलावा पिछले वनडे में शतक जमाने वाले यशस्वी जायसवाल के रहते हुए पडिक्कल को जगह मिलना मुश्किल लग रहा है। गेंदबाजी में टी20 विश्व कप को देखते हुए जसप्रीत बुमराह और हरफनमौला हार्दिक पंड्या को वनडे से आराम दिया जाना तय है। हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह पर विचार किया जा सकता है। मोहम्मद शमी की वापसी की भी अटकलें हैं।

## मुझे लगा था कि मैं फिर कभी नहीं खेल पाऊंगा : चेतन

**बेंगलुरु।** चेतन सकारिया को तीन साल पहले तक भारत के उभरते हुए तेज गेंदबाजों में से एक गिना जाता था, लेकिन चोटिल होने के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद उन्हें लगने लगा था कि वह फिर से कभी नहीं खेल पाएंगे। सकारिया ने मौजूदा घरेलू सत्र में सौराष्ट्र की तरफ से विजय हजारे ट्रॉफी में एक मैच खेला जो फरवरी 2024 के बाद उनका पहला मैच है।

सकारिया ने पीटीआई से कहा जब मुझे चोट लगी थी तो मुझे लगा था कि मैं कभी वापसी नहीं कर पाऊंगा। अब इस घरेलू सत्र में खेलकर मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। सौराष्ट्र के लिए गेंदबाजी करने के बाद बहुत अच्छा लग रहा है। इस तेज गेंदबाज के बाएं हाथ की कलाई में 2024 के शुरू में चोट लगी थी जिससे उबरने में उन्हें काफी समय लग गया। सकारिया ने कहा कि यह मानसिक रूप से थका देने वाला दौर था। उन्होंने कहा यह मेरे लिए मानसिक रूप से बहुत चुनौतीपूर्ण था। मुझे विश्वास नहीं था कि मैं दोबारा क्रिकेट खेल पाऊंगा। कुछ डॉक्टरों ने मुझसे कहा कि शायद मैं दोबारा गेंद को ठीक से पकड़ भी न पाऊं।

## ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 विश्व कप के लिए स्पिनरों पर जताया भरोसा

मेलबर्न, एजेंसी

ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने भारत और श्रीलंका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए उपमहाद्वीप की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अपनी टीम में स्पिन गेंदबाजों को प्राथमिकता दी है।

टी20 विश्व कप 2021 के विजेता आस्ट्रेलिया ने गुरुवार को यहां 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। उसने टी20 से संन्यास ले चुके मिशेल स्टार्क की अनुपस्थिति में किसी भी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को टीम में शामिल न करने का फैसला किया। कूपर कॉनोली को टीम में शामिल किया गया है जबकि वह ऑस्ट्रेलिया के पिछले 12 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से किसी में भी नहीं खेले हैं। स्टार्क ने पिछले छह टी20 विश्व कप में से केवल एक में भाग नहीं लिया है, लेकिन उन्होंने पिछले साल के अंत में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस प्रारूप से संन्यास ले लिया था। ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट का अपना पहला मैच 11 फरवरी को कोलंबो में आयरलैंड के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद वह 13 फरवरी को कोलंबो में जिम्बाब्वे से भिड़ेगा और फिर 16 फरवरी को कैंडी में श्रीलंका और 20 फरवरी को ओमान के खिलाफ मैच खेलेगा। इस महीने के अंत में पैट कमिंस की पीठ का स्कैन होने पर यह तय होगा कि वह टूर्नामेंट में खेलेंगे या नहीं। जोश हेजलवुड और टिम डेविड दोनों हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नियमों के अनुसार कोई भी टीम 31 जनवरी तक अपनी टीम में बदलाव कर सकती है।

**टीम**

**मिशेल मार्श (कप्तान)**, जेवियर बार्टलेट, कूपर कॉनोली, पैट कमिंस, टिम डेविड, कैमरन ग्रीन, नाथन एलिस, जोश हेज़लवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनेमैन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस, एडम जम्पा।

## आईएसएल शुरू करने के लिए क्लबों ने लगाईं शर्तें

**नई दिल्ली :** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के 14 में से 13 क्लबों ने बृहस्पतिवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को बताया कि वे विलंबित 2025-26 सत्र में भाग लेने के लिए तैयार और इच्छुक हो सकते हैं, बशर्ते कि क्लबों से कोई भागीदारी शुल्क नहीं लिया जाए और प्रतियोगिता के आयोजन व संचालन से जुड़ी पूरी वित्तीय जिम्मेदारी एआईएफएफ उठाए।

आईएसएल में अपनी भागीदारी को लेकर शर्तें रखते हुए क्लबों ने एआईएफएफ से यह भी अनुरोध किया कि वह दीर्घकालिक योजना के क्रियान्वयन के लिए एक स्पष्ट और समयबद्ध रोडमैप प्रस्तुत करे।

**हॉकी इंडिया लीग**



रांची के मरंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में एसजी पाइपर्स और श्राची बंगाल टाइगर्स (ऑरेंज ड्रेस) के बीच विमेंस हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2025-26 मैच के दौरान बॉल के लिए संघर्ष करतीं खिलाड़ी। • एजेंसी

## रियल मैड्रिड के स्टार स्ट्राइकर एमबाप्पे चोटिल

पेरिस, एजेंसी

स्पेनिश क्लब रियल मैड्रिड के स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबाप्पे के बाएं घुटने में चोट लगी है और उनका तीन सप्ताह तक खेलना संदिग्ध है। रियल मैड्रिड ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि फ्रांस के सुपरस्टार के पांव में मोच आई है, लेकिन इसमें यह नहीं बताया गया है कि वह कब तक पूरी तरह ठीक हो जाएंगे।

फ्रांस के खेल समाचार पत्र एलइक्विप ने किसी सूत्र का हवाला दिए बिना कहा कि एमबाप्पे कम से कम तीन सप्ताह तक अनुपलब्ध रहेंगे। एलइक्विप के अनुसार एमबाप्पे पिछले कुछ सप्ताह से अपने घुटने के पिछले हिस्से में लिगामेंट की समस्या से जूझ रहे थे और बुधवार सुबह किए गए एमआरआई में घाव का पता चला



- तीन सप्ताह तक फुटबॉल से रह सकते हैं दूर

जिसके लिए उपचार और आराम की आवश्यकता है। यह स्ट्राइकर शानदार फॉर्म में हैं। इस महीने की शुरुआत में एमबाप्पे ने 2025 में रियाल मैड्रिड के लिए अपना 59वां गोल किया, जिससे उन्होंने क्रिस्टियानो रोनाल्डो के क्लब की तरफ से एक साल में सर्वाधिक गोल करने की रिकॉर्ड की बराबरी की थी।

## अस्पताल में ठीक हो रहे हैं ब्राज़ील के लीजेंड कार्लोस

**रियो डी जेनेरो।** ब्राजील और रियल मैड्रिड के लीजेंड रॉबर्टो कार्लोस अच्छी तरह से ठीक हो रहे हैं। एक मेडिकल प्रोसीजर के बाद, जिसे उन्होंने एक बचाव के लिए मेडिकल प्रोसीजर बताया। 52 साल के पूर्व लेफ्ट-बैक ने अपने इंस्टाग्राम पेज के जरिए फैंस को अपनी हालत के बारे में बताया, जिसमें अस्पताल के बिस्तर पर मुस्कुराते हुए उनकी एक तस्वीर भी थी।

उन्होंने उन अफवाहों का भी खंडन किया कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। उन्होंने लिखा मैं हाल ही में चल रही जानकारी को साफ करना चाहता हूं। मैंने हाल ही में एक बचाव के लिए मेडिकल प्रोसीजर करवाया, जिसकी योजना मेरी मेडिकल टीम के साथ पहले से बनाई गई थी। प्रोसीजर सफल रहा, और मैं ठीक हूं। मुझे दिल का दौरा नहीं पड़ा। मैं अच्छी तरह से ठीक हो रहा हूं।

**नए साल में टेनिस** | आज से शुरू होगा यूनाइटेड कप, दुनिया के शीर्ष खिलाड़ी लेंगे भाग

## ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड में धमाल मचाने को तैयार टेनिस

ब्रिस्बेन, एजेंसी

नया साल शुरू होते ही टेनिस हमेशा की तरह ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में धमाल मचाने के लिए तैयार है जिसका मुख्य आकर्षण 18 जनवरी से शुरू होने वाला ऑस्ट्रेलियाई ओपन होगा। एटीपी और डब्ल्यूटीए के 2025 फाइनल्स के छह सप्ताह से कुछ अधिक समय बाद पुरुष और महिला टूर के खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड पहुंच रहे हैं, जहां वे मेलबर्न में वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट से पहले दो सप्ताह तक विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे।

सबसे महत्वपूर्ण यूनाइटेड कप है जो मिश्रित टीम टूर्नामेंट है और शुक्रवार से शुरू होकर 11 जनवरी को समाप्त होगा। यह टूर्नामेंट पर्थ और सिडनी में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में दुनिया के शीर्ष 10 पुरुष और महिला खिलाड़ियों में से चार-



**02** से 11 जनवरी तक चलेगा यूनाइटेड कप

**18** जनवरी से मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियाई ओपन

चार खिलाड़ी भाग लेंगे। इनमें कोको गॉफ, टेलर फ्रिट्ज, एलेक्स डी मिनौर, इगा स्वियातेक, अलेक्जेंडर ज़्वेरेव, जैस्मीन पाओलिनी और फेलिक्स ऑगर एलियासिमे शामिल हैं। इसके अलावा 2026 के पहले सप्ताह के दौरान ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में मौजूदा चैंपियन एरिना सबलेंका मुख्य आकर्षण होंगी, जो दुबई में निक किर्गियोस के खिलाफ ‘बैटल ऑफ द सेक्सेस’ प्रदर्शनी मैच खेलकर आ रही हैं। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले होने वाले टूर्नामेंटों में पुरुष टेनिस के दो सबसे बड़े नाम विश्व रैंकिंग में पहले नंबर पर काबिज कार्लोस अल्काराज और दूसरे नंबर के यानिक सिनर नहीं खेलेंगे। अल्काराज़ और सिनर ने पिछले 10 ग्रैंड स्लैम एकल खिताबों में से नौ जीते हैं। उन्होंने 10 जनवरी को दक्षिण कोरिया के इंचियोन में एक प्रदर्शनी मैच खेलने का फैसला किया है। इसके बाद उम्मीद है कि वे मेलबर्न पार्क में अपनी तैयारियां शुरू करने के लिए ऑस्ट्रेलिया आएंगे। अल्काराज़ सात साल बाद अपना पहला ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट लंबे समय तक अपने कोच रहे जुआन कार्लोस फेरेरो के बिना खेलेंगे।

### यूनान व जापान के बीच मुकाबला आज

यूनाइटेड कप की शुरुआत शुक्रवार को पर्थ में यूनान और जापान के बीच होने वाले मैच से होगी। ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में सबालेंका के अलावा अमांडा अनिसिमोवा, डब्ल्यूटीए फाइनल चैंपियन एलेना रायबाकिना, मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मैडिसन कीज़, जेसिका पेगुला और मीरा एंड्रीवा भी भाग लेंगी। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए अभ्यास के तौर पर होने वाला एक अन्य टूर्नामेंट एटीपी-डब्ल्यूटीए एडिलेड इंटरनेशनल 12 से 17 जनवरी तक खेला जाएगा जिसका मुख्य आकर्षण 24 बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन नोवाक जोकोविच होंगे। ऑस्ट्रेलिया के होबार्ट में भी एक डब्ल्यूटीए 250 टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा।

**हाईलाइट**

### डोप टेस्ट में फेल मिलीं रीतिका टॉप्स से बाहर



**नई दिल्ली।** डोप कलंकित पहलवान रीतिका हुड्डा को खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) से बाहर कर दिया गया है, जबकि कंपाउंड तीरंदाज परनीत कौर और अभिषेक वर्मा को कोर समूह में जगह मिल गई है और डेकाथलीट तेजस्विन शंकर को डेवलपमेंटल सूची में शामिल किया गया है। पिछले साल पेरिस ओलंपिक 2024 चक्र के बाद टॉप्स सूची 179 से घटाकर 94 कर दी गई थी। पिछले एक साल के प्रदर्शन को देखते हुए इसमें कुछ और बदलाव किए गए हैं। कोर ग्रुप के खिलाड़ियों की संख्या अब 118 है जिसमें 57 सामान्य और 61 पैरा एथलीट हैं। हुड्डा पिछले साल जुलाई में चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट में नाकाम रही थी। वह पिछले साल फरवरी में जारी टॉप्स कोर समूह का हिस्सा थी।

### यूथ सेलिंग चैंपियनशिप 4 से 10 जनवरी तक

**चेन्नई।** एसडीएटी 11वीं इंडिया इंटरनेशनल यूथ सेलिंग चैंपियनशिप (आईआईआर) 2026, भारत की सबसे लंबे समय तक चलने वाली और सबसे लगातार अंतरराष्ट्रीय यूथ सेलिंग रेगाटा, आज चेन्नई में एक हाई-प्रोफाइल प्रेस कॉन्फ्रेंस में आधिकारिक तौर पर लॉन्च की गई। यह चैंपियनशिप, तमिलनाडु सेलिंग एसोसिएशन (टीएनएसए) की एक इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी है, जो 4 से 10 जनवरी 2026 तक चेन्नई पोर्ट पर होगी, जिसमें 13 देशों के 117 रजिस्टर्ड नाविक पाँच एलीट यूथ क्लास – 420, 29ईआर (लड़के और लड़कियों की स्किफ़), आईएलसीए 4 (लड़के और लड़कियों की डिंगी), ऑप्टिमिस्ट (लड़के और लड़कियाँ), और यूथ विंडसर्फिंग (लड़के और लड़कियाँ) में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

### एटीपी ने सलाहकार परिषद की घोषणा की

**नई दिल्ली।** टेनिस पेशेवर संघ (एटीपी) ने गुरुवार को 2026 सीजन के लिए खिलाड़ी सलाहकार परिषद (प्लेयर एडवाइजरी काउंसिल) की घोषणा की। आज यहां मार्सेलो अरेवालो, जिजू बर्ग्स, नूनो बोर्गेस और झांग झिझेन को तीन वर्ष के कार्यकाल (2026-2028) के लिए परिषद का नया सदस्य चुना गया। जबकि मैकेंजी मैकडॉनल्ड को तीन साल के दूसरे कार्यकाल (यह भी 2026-2028) के लिए फिर से चुना गया है। वे 2026 परिषद में कैमिलो उगो कैराबेलि, पेड्रो मार्टिनेज, जौमे मुनार, आंद्रे रुब्लेव और एंड्रिया वावासोरी के साथ शामिल होंगे। एटीपी के अनुसार फेडरिको रिक्की परिषद में कोच प्रतिनिधि बने रहेंगे और निकोलस परेरा को पूर्व छात्र प्रतिनिधि के रूप में अपना पद बनाए रखा गया है।

### महिला टीम ने किए महाकालेश्वर के दर्शन

**उज्जैन।** नव वर्ष के अवसर पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्रमुख खिलाड़ियों ने गुरुवार तड़के श्री महाकालेश्वर मंदिर में प्रात:कालीन भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाकालेश्वर के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। श्री महाकाल पवन समिति द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी स्मृति मंधाना, अरुंधति रेड्डी, स्नेह राणा, राधा यादव, शेफाली वर्मा एवं रेणुका सिंह ठाकुर ने भस्म आरती में सहभागिता कर ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया। दर्शन के उपरांत मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस.एन. सोनी ने सभी खिलाड़ियों का स्वागत एवं सम्मान किया।

### एशेज के पांचवें टेस्ट में स्मिथ करेंगे कप्तानी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और आखिरी एशेज टेस्ट की 15 सदस्यीय टीम के लिए स्टीव स्मिथ को कप्तान बनाया है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर चार जनवरी से शुरू होने वाले टेस्ट मैच में नियमित कप्तान पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में, सीनियर बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी करेंगे। कमिंस, जो पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण सीरीज के शुरुआती दो टेस्ट नहीं खेल पाए।